प्रमुखस्वामी महाराज शताब्दी महोत्सव

वर्ष : 4 अंक: 48 मूल्य : 4 रू.

RNI No. -DELHIN/2019/78266

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org

# मदरलैण्ड वॉइस

रविवार, 23 अक्टूबर 2022

राष्ट्र प्रेमियों का दैनिक समाचार पत्र

दिल्ली से प्रकाशित एवं जयपुर, लुधियाना, चंडीगढ़, पटना, रायपुर, देहरादून, शिमला में प्रसारित

## युवाओं की मन की मुराद पूरी करने पीएम मोदी ने रोजगार मेला का शुभारंभ किया

### बोले, भारत की युवा शक्ति के लिए यह बड़ा अवसर





नई दिल्ली, एजेंसी। पांच दिवसीय दीपोत्सव के पहले धनतेरस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रोजगार से जुड़ी युवाओं की मन मुराद पूरू करने जा रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को 10 लाख कर्मियों के लिए नियुक्ति अभियान यानी रोजगार मेला की शुरूआत की। इस नियुक्ति अभियान को ह्यरोजगार मेलाह्न नाम दिया गया है। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 75,000 नवनियुक्त युवाओं को ऑफर लेटर यानी नियुक्ति पत्र सौपेंगे।पीएम मोदी अभी युवाओं को संबोधित कर रहे हैं। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि स्टार्ट-अप इंडिया अभियान ने तो देश के युवाओं के सामर्थ्य को पूरी दुनिया में स्थापित कर दिया है। साल 2014 तक जहां देश में कुछ सौ ही स्टार्ट-अप थे, आज यह संख्या 80 हजार से अधिक हो चुकी है।21वीं सदी में देश का सबसे महत्वाकांक्षी मिशन है- मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत। उन्होंने कहा कि आज देश के कई मामलों में एक बड़े आयातक से एक बहुत बड़े निर्यातक की भूमिका में आ रहा है। अनेक ऐसे सेक्टर हैं, जिसमें भारत आज ग्लोबल हब बनने की तरफ तेजी से आगे बढ़ रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि गांवों में बड़ी संख्या में रोजगार निर्माण का एक और उदाहरण, हमारी खादी और ग्रामद्योग है। देश में पहली बार खादी और ग्रामोद्योग एक लाख करोड़ रुपए से अधिक का हो चुका है।इन वर्षों में खादी और ग्रामोद्योग में एक करोड़ से अधिक रोजगार बने हैं। इसमें भी बड़ी संख्या में हमारी बहनों की हिस्सेदारी है। पीएम ने कहा कि आज भारत दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था है। 7-8 साल के भीतर हमने 10वें नंबर से 5वें नंबर तक की छलांग लगाई।यह संभव हो पा रहा है, क्योंकि बीते आठ सालों में हमने देश की अर्थव्यवस्था की उन कमियों को दूर किया है, जो रुकावटें पैदा करती थीं। आज हमारा सबसे अधिक बल युवाओं के कौशल विकास पर है। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत देश के उद्योगों की जरूरतों के हिसाब से युवाओं को ट्रेनिंग देने का एक बहुत बड़ा अभियान चल रहा है। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि के लिए हम आत्मनिर्भर भारत के रास्ते पर चल रहे हैं। इसमें हमारे इनोवेटर्स, उद्दमी, किसान, सर्विस और मैनुफैक्चरिंग से जुड़े साथियों की भूमिका है। आज अगर केंद्र सरकार के विभागों में इतनी तत्परता, इतनी इफिसिएंसी आई है, इसके पीछे सात-आठ साल की कड़ी मेहनत है, कर्मयोगियों का विराट संकल्प है। आज केंद्र सरकार 75 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र दे रही है। बीते 8 वर्षों में पहले भी लाखों युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए गए हैं। हालांकि, इस दौरान उन्होंने सभी देशवासियों को धनतेरस की बधाई दी। आज भारत की युवा शक्ति के लिए महत्वपूर्ण अवसर है। बीते आठ सालों में देश में रोजगार और स्वरोजगार का जो अभियान चल रहा है, आज उसमें एक और कड़ी जुड़ रही है।ये कड़ी है रोजगार मेले की। आज केंद्र सरकार 75 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र दे रही है। हम आत्मनिर्भर भारत के कदम पर चल रहे हैं।

## केजरीवाल की पार्टी आप ने पंजाब में स्थापित किए भ्रष्टाचार के शीर्ष आयाम : अनुराग



नई दिल्ली, एजेंसी। देश के 2 राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव को सियासी दांव-पेंच के साथ आरोपों के प्रहार जारी है। सभी दल अपने-अपने दम लगा रहे हैं। हिमाचल प्रदेश में चुनाव की तारीखों का ऐलान हो गया है जबकि गुजरात में अभी चुनाव के डेट आने बाकी हैं। गुजरात और हिमाचल प्रदेश के चुनाव में आम आदमी पार्टी पूरी ताकत लगा रही है। गुजरात में आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल लगातार दौरे करते हैं। इन सब के बीच भाजपा ने उनपर जोरदार हमला किया है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि अरविंद केजरीवाल की पार्टी ने पंजाब में भ्रष्टाचार के नए आयाम स्थापित किए हैं। इनके दोनों राज्य में स्वास्थ्य मंत्री भ्रष्टाचार में घिरे हैं।

भाजपा नेता ने साफ शब्दों में कहा कि शिक्षा मंत्री शराब घोटाले के मुख्य आरोपी हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब में सरकार आते ही 50 से ज्यादा लोगों की हत्या पहले 2-3 महीनों में हो गई। ये दिखाता है कि यहां की कानून व्यवस्था चरमरा गई है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि आप यूपी या उत्तराखंड में खाता नहीं खोल सकी और हिमाचल प्रदेश में भी उनका खाता खाली रहेगा। इसके साथ हू उन्होंने दावा किया कि गुजरात में हम पिछली बार से ज्यादा सीटें जीतेंगे और सरकार बनाएंगे। आप के पास कुछ नहीं, जिन राज्यों में उन्होंने सरकार बनाई है उनकी हालत खराब है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में आने वाले चुनावों में हमें केंद्र में पीएम मोदी और राज्य में जयराम ठाकुर के नेतृत्व का लाभ मिलेगा।

इससे पहले अपने संसदीय क्षेत्र में एक जनसभा को संबोधित करते हुए ठाकुर ने कहा कि पिछली बार ह्यधूमल जीह्न के पक्ष में मतदान न करके लोग पछता रहे थे। ठाकुर ने मतदाताओं से भाजपा का समर्थन करने और खुद के फायदे तथा राष्ट्र की मजबूती के लिए पार्टी उम्मीदवारों को वोट देने का आग्रह किया। अनुराग ठाकुर ने सुजानपुर के मतदाताओं से पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल की हार का बदला लेने की अपील की थी। आपको बता दें कि अनुराग ठाकुर के पिता धूमल पिछले विधानसभा चुनाव में सुजानपुर सीट पर जीत नहीं दर्ज कर सके थे।

## संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तान को आतंकवाद के खिलाफ विश्वसनीय कार्रवाई जारी रखनी होगी: भारत

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत ने कहा कि दुनिया को इस बात को लेकर स्पष्ट रहना चाहिए कि पाकिस्तान को आतंकवाद के खिलाफ ह्यविश्वसनीय, सत्यापन योग्य और अपरिवर्तनीयह्न कार्रवाई जारी रखनी होगी। विदेश मंत्रालय ने वित्तीय कार्रवाई कार्यबल (एफएटीएफ) द्वारा पाकिस्तान को उसकी ग्रे (संदिग्ध) सूची से बाहर किए जाने के मद्देनजर यह टिप्पणी की। पेरिस स्थित एफएटीएफ आतंकवादी वित्त पोषण और धन शोधन पर नजर रखने वाली वैश्विक संस्था है। उसकी ग्रे सूची में बढ़ी हुई निगरानी के अधीन देश शामिल होते हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि यह वैश्विक हित में है कि दुनिया इस बात को लेकर स्पष्ट रहे कि पाकिस्तान को अपने नियंत्रण वाले क्षेत्रों से होने वाली आतंकवादी गतिविधियों और आतंकवादी वित्तपोषण के खिलाफ विश्वसनीय, सत्यापन योग्य, अपरिवर्तनीय और निरंतर कार्रवाई जारी रखनी होगी। उन्होंने कहा कि एफएटीएफ की निगरानी के परिणामस्वरूप पाकिस्तान 26/11 को मुंबई में पूरे अंतरराष्ट्रीय समुदाय के खिलाफ हुए हमलों में संलिप्त गुनहगारों समेत कई कुख्यात आतंकवादियों के खिलाफ कुछ कार्रवाई करने के लिए मजबूर हुआ है।

### डीजीसीए ने स्पाइजेट को दी राहत, पाबंदी हटा ली

नई दिल्ली, एजेंसी। कई तरह की मुश्किलों का सामना कर रही एयरलाइन कंपनी स्पाइसजेट के लिए अच्छी खबर है। दरअसल, एविएशन रेगुलेटर नागरिक विमानन महानिदेशालय यानी डीजीसीए ने स्पाइजेट पर लगी पाबंदी हटा ली है। 3 महीने का प्रतिबंध पूरा होने के बाद कंपनी 30 अक्टूबर से अपनी 50 फीसदी से अधिक उड़ानों का संचालन करेगी। उड़ान के दौरान कई तरह की तकनीकी खामियों के कारण स्पाइसजेट पर डीजीसीए ने गत 27 जुलाई को कई तरह की पाबंदियां लगा दी थीं। इसमें स्पाइसजेट को 50 फीसदी क्षमता के साथ परिचालन करने का निर्देश भी शामिल है। इसके बाद में पाबंदी की समयसीमा को 29 अक्टूबर तक के लिए बढ़ाया गया था। यह विमानों के ग्रीष्मकालीन कार्यक्रम की अंतिम तारीख है, इसके बाद शीतकालीन कार्यक्रम शुरू होगा। शीतकालीन उड़ान कार्यक्रम 30 अक्टूबर से शुरू होने वाला है। ऐसी स्थिति में स्पाइसजेट को इन बंदिशों से निजात मिलने का समय करीब आ गया है। स्पाइसजेट ने 30 अक्टूबर से हर हफ्ते 3,193 उड़ानों के संचालन करने की घोषणा कर दी है। यह संख्या पिछले साल के शीतकालीन कार्यक्रम में स्पाइसजेट की तरफ से संचालित हुई उड़ानों से 6.6 फीसदी अधिक होगी। डीजीसीए के प्रमुख अरुण कुमार ने कहा कि ग्रीष्मकालीन कार्यक्रम के दौरान एयरलाइन को 50 फीसदी उड़ानों के ही संचालन की मंजूरी दी गई थी।

## एक साल में निर्यात में 31 फीसदी वृद्धि दर्ज की, अब भारत याचक से दाता के रूप में सामने आया : नड्डा



गुरुग्राम, एजेंसी। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा गुरुग्राम में रोजगार मेला कार्यक्रम में शामिल हुए और लाभार्थियों को नियुक्ति पत्र बांटे। हम सब भाग्यशाली हैं कि अमृतकाल में प्रवेश कर चुके हैं और हम विकसित भारत का हिस्सा बन गए हैं, उस विकसित भारत का हिस्सा जहां आज पारदर्शी तरीके से 10 लाख नौकरियों का मेला आयोजित किया जा रहा है, इसका हमें सदुपयोग करना चाहिए। देश एक नए संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है 2047 तक प्रधानमंत्री मोदी का जो विजन है, जब हम आजादी के 100 साल मनाएंगे, तो भारत एक विकसित भारत होना चाहिए, इसके लिए हमें सर्वांगीण विकास करना है।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा हरियाणा के गुरुग्राम में रोजगार मेला समारोह में भाग लिया। 2047 तक भारत को पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाने के लिए पीएम मोदी का विजन है। आयातक होने से, भारत रक्षा उत्पादों का निर्यातक बन गया है और दुनिया में डिजिटल लेनदेन में इसका योगदान 40 फीसदी है। यह पीएम मोदी की दूरदर्शिता का परिणाम है। रोजगार मेला कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि आज भारत दुनिया की 5वीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है ये 10वें नंबर से 5वें नंबर तक आ गई है। यह कोई छोटी बात नहीं है। हमने 1 साल में निर्यात में 31 फीसदी वृद्धि की है। आज भारत लेने वाला नहीं बल्कि देने वाला हो गया है।

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने रोजगार मेला कार्यक्रम में हिस्सा लिया और लाभार्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि जिन अंग्रेजों ने हमारे ऊपर 200 साल राज किया, हमने उन अंग्रेजों को कोविड के समय में दुनिया की 5वीं नंबर की अर्थव्यवस्था से हटाकर भारत को 5वें नंबर की अर्थव्यवस्था बनाने का काम किया है। यह बदलते भारत की तस्वीर है।

## भाजपा की विफलताओं से ध्यान हटाने धर्मांतरण, जनसंख्या नीति का राग अलाप रहा संघः मायावती

नई दिल्ली, एजेंसी। बसपा सुप्रीमों और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर हमला बोला और कहा कि भाजपा सरकार की विफलता से ध्यान हटाने के लिए आरएसएस धर्मांतरण और जनसंख्या नीति का 'बेसुरा राग अलाप रहा है।' लखनऊ स्थित बसपा राज्य मुख्यालय में स्थानीय निकाय चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर शनिवार को प्रदेश स्तरीय वरिष्ठ पदाधिकारियों के एक दिवसीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए मायावती ने कहा कि भाजपा को सत्ता सौंपकर अच्छे दिन पाने का अनुभव अभी तक थोड़ा भी सही और सार्थक नहीं होने से जनता इनसे (भाजपा) काफी दुखी है। उन्होंने कहा कि इसीलिए देश में प्रचंड महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी, हिंसा, तनाव व अव्यवस्था के अभिशाप के जंजाल से पीड़ित जनता का ध्यान बंटाने के लिए ही आरएसएस द्वारा अब जनसंख्या नीति व धर्मांतरण का आदि का बेसुरा राग अलापा जा रहा है जो घोर अनुचित है। बसपा प्रमुख ने दावा किया कि यह भाजपा सरकार की विफलता पर से ध्यान बंटाने की सोची समझी रणनीति है, जिससे सावधानी जरूरी है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि वास्तव में आरएसएस का यह अभियान आगामी लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा व इनकी सरकार के पक्ष व समर्थन में एक सोची समझी रणनीति के तहत ही किया जा रहा है, जिससे लोगों को सजग व सावधान करते रहना बहुत ही जरूरी है। मायावती ने कहा कि यह विडंबना ही है कि आरएसएस, भाजपा को हर चुनावों में आंख बंद करके पूरे जी जान से मदद करता है, किंतु भाजपा सरकार की गलत व जनविरोधी नीतियों का कभी भी खुलकर विरोध नहीं करता है।

## दुनिया के अन्य देशों की तुलना में भारत की आर्थिक स्थिति ज्यादा ठीक : वित्त मंत्रालय



नई दिल्ली, एजेंसी। भारत की आर्थिक विकास दर और उसकी स्थिरता से जुड़ी चिंताएं दुनिया के अन्य देशों की तुलना में कम है। वित्त मंत्रालय ने सितंबर माह के लिए मंथली इकोनॉमिक रिव्यू में यह बात कही है। वित्त मंत्रालय के अनुसार, हाल की वैश्विक घटनाओं के कारण निवेश के लिहाज से भारत एक अहम डेस्टिनेशन के तौर पर उभरा है। लंबे इंतजार के बाद डोमेस्टिक इनवेस्टमेंट साइकिल शुरू हुआ था, इसमें जियो-पॉलिटिकल संघर्ष और मॉनेटरी टाइटनिंग घटने के बाद तेजी आएगी।

वित्त मंत्रालय ने कहा है कि वैश्विक ऊर्जा संकट और सप्लाई चेन को लेकर चिंता बनी हुई है। वैश्विक संघर्ष बढ़ने से सप्लाई चेन पर दबाव फिर से बढ़ सकता है। इसकारण 2023 में महंगाई कम होने के बजाय बढ़ सकती है। वहीं, वित्त मंत्रालय ने कहा कि कई साल के डेवलपमेंट के बाद इंडिया का पब्लिक डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंशियल एक्सेस पर बड़े नतीजे देने को तैयार है। इस साल इंडिया दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाली इकोनॉमी होगी। वित्त मंत्रालय की रिपोर्ट में कहा गया है कि कम से कम आधा दशक के आर्थिक दबाव और फिर आई कोरोना की महामारी के बाद से इकोनॉमी में ग्रोथ की क्षमता पैदा करने के लिए किए गए उपायों के नतीजें दिखने लगे और दुनिया के लिए इन परिणाणों की अनदेखी करनी मुश्किल होगी। मंत्रालय ने कहा कि इस वित्तीय वर्ष के पहले छह महीनों की ग्रोथ को देखकर ऐसा लगता है कि कैपिटर एक्सपेंडिचर बढ़ाने के लिए सरकार के उपायों का असर दिख रहा है। एक साल पहले अगस्त तक सरकार का कैपिटल एक्सपेंडिचर इसी अवधि के मुकाबले 46.8 प्रतिशत ज्यादा था।

## इवेंटबाजी है रोजगार मेला, पीएम मोदी बताएं 16 करोड़ नौकरियां कब देंगे : सुरजेवाला

नई दिल्ली, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को 10 लाख कर्मचारियों के लिए रोजगार मेले का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम में पीएम मोदी ने 75000 युवाओं को जॉब ऑफर लेटर भी दिया। वहीं, दूसरी ओर इस रोजगार मेले पर कांग्रेस पार्टी ने निशाना साधा है। कांग्रस ने इस रोजगार मेले को इवेंटबाजी करार दिया है। कांग्रेस ने सवाल किया कि देश के युवाओं को 16 करोड़ नौकरियां देने का वादा कब पूरा किया जाएगा।

कांग्रेस के महासचिव रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सत्ता में आने पर हर साल दो करोड़ नौकरियां देने का वादा किया था। यह वायदा पिछले आठ सालों में पूरा नहीं किया जा सका है। कांग्रेस के महासचिव रणदीप सुरजेवाला ने रोजगार मेले पर निशाना साधते हुए कहा कि भारत जोड़ो यात्रा केवल 4 राज्यों से गुजरी है और सरकार को यह स्वीकार करना पड़ा है कि बेरोजगारी देश की सबसे बड़ी समस्या है।

सुरजेवाला ने इसे भारत जोड़ो यात्रा की सबसे बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा ट्वीट किया अभी तो भारत जोड़ो यात्रा चार राज्यों से ही गुजरी है, आखिर जुमला किंग को राहुल जी ने यह मानने को मजबूर कर दिया है कि बेरोजगारी देश की सबसे बड़ी समस्या है। उन्होंने कहा इवेंटबाजी नहीं रोजगार दो। सुरजेवाला ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को बताना चाहिए कि आप 16 करोड़ नौकरियां कब तक देंगे, जैसा कि आपने पिछले आठ सालों में हर साल दो करोड़ नौकरियां देने का वादा किया था।

उन्होंने ट्विटर पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा कि यह 16 करोड़ नौकरियां कब तक मुहैया कराई जाएंगी और सरकारी विभागों में 30 लाख रिक्तियां कब तक भरी जाएंगी। प्रधानमंत्री मोदी को देश के युवाओं को जवाब देना होगा। रणदीप सुरजेवाला ने कहा कांग्रेस प्रधानमंत्री मोदी से यह सवाल पूछती रहेगी कि वादे के अनुसार नौकरियां कब दी जाएंगी।

कांग्रेस के नेता ने कहा सिर्फ 70,000 नियुक्ति पत्र देने से चीजें नहीं चलेंगी। देश के युवा नौकरी चाहते हैं और प्रधानमंत्री को इसका जवाब देना होगा। भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी और कांग्रेस प्रधानमंत्री से यह सवाल पूछते रहेंगे। पीएम मोदी ने शनिवार को 10 लाख लोगों की भर्ती के अभियान ह्यरोजगार मेलेह्न की शुरूआत की।

## नाटो की सेना में गरजेंगी राजकोट की राइफलें, हाल ही में पीएम मोदी ने दिया था संकेत




अहमदाबाद, एजेंसी। नोर्थ अटलांटिक ट्रीटि ऑगेर्नाइजेश यानी उत्तरी अटलांटिका संधि संगठन (नाटो) की सेना में बहुत जल्द गुजरात के राजकोट में बनी राइफलें गरजेंगी। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजकोट में कहा था कि जल्द ही राजकोट में विमान के पार्ट्स बनाए जाएंगे हांलाकि एयरक्राफ्ट के पार्ट्स बनाने में समय लग सकता है, लेकिन 2023 के आखिर तक राजकोट में रिवॉल्वर, पिस्तौल और शोटगन समेत नाटो सेना में उपयोग किए जाते हथियार बनाए जाएंगे राजकोट की मूल निवासी और मुंबई में बड़ी हुई प्रीत पटेल राजकोट में मेन्युफैक्चरिंग यूनिट लगाने जा रही हैं और इसके लिए उन्हें सभी आवश्यक लाइसंस मिल चुके हैं। प्रीति पटेल रास्पबियन एन्टरप्राइज प्राइवेट लिमिटेड (आरईपीएल) की सीएमडी हैं। राजकोट के निकट यूनित स्थापित करने जा रही प्रीति पटेल का मुख्य उद्देश्य भारतीय सेना को आधुनिक बनाना है। महत्वपूर्ण बात यह है कि प्रीति पटेल की कंपनी के यूनिट में नाटो प्रमाणित हथियार भी बनाए जाएंगे आनेवाले दिनों में मेड इन गुजरात राइफलें नाटो की सेना में गरजेंगी प्रीति पटेल के इस बड़े प्रयास से ऑटो पार्ट्स हब के रूप में पहचाने जाते राजकोट को एक और नई पहचान मिलेगी। प्रीति पटेल राजकोट के यूनिट पर रु. 50 करोड़ का निवेश कर रही हैं। प्रीति पटेल ने कहा कि हम पिस्तौल के साथ ही एसोल्ट राइफर भी बनाएंगी इसके अलावा हमें नाटो के उपयोग में लिए जाते हथियार बनाने का भी लाइसंस मिल गया है। उन्होंने बताया कि राजकोट में उनका यूनिट 2023 के अंत तक कार्यरत हो जाएगा, जिसमें सशस्त्र बलों के लिए सभी हथियार बनाए जाएंगे प्रीति पटेल ने बताया कि कंपनी के पास रिसर्च एन्ड डेवलपमेंट एन्ड इनोवेशन सेल है, जो स्वदेशी उपकरणों को अपग्रेड करने का काम करेगो ताकि भारतीयों के लिए नए हथियारों का उपयोग करना सरल हो राजकोट में स्थापित होने वाले यूनिट में बड़ी संख्या में महिलाएं काम करेंगी और इसके लिए फिलहाल 35 महिलाओं को तालीम दी जा रही है। एक प्रकार से यह कंपनी ऑल विमेन आर्म्स फैक्ट्री होगी, जिसमें महिलाओं का ही वर्चस्व होगा, जो महिला शक्ति का प्रतीक होगो इन महिलाओं द्वारा बनाए जाने वाले हथियारों का उपयोग भारतीय सशस्त्र बलों के साथ ही नाटो की सेना में भी किया जाएग।

## राहुल गांधी की 'कमा' से तुलना करने पर भड़की कांग्रेस, कहा-दिव्यांग को मत घसीटो राजनीति में

अहमदाबाद, एजेंसी। राहुल की गांधी से गुजरात के एक दिव्यांग युवक से तुलना करने पर कांग्रेस ने भाजपा कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि किसी दिव्यांग को राजनीति में मत घसीटो बता दें कि बीते दिन गुजरात आए मध्य प्रदेश सरकार के शिक्षा मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने अंबाजी में राहुल गांधी की तुलना मानसिक रूप से बीमार कमलेश उर्फ कमा से की थी। उन्होंने कहा था कि कांग्रेस का 'कमा' गरीबी हटाने का नारा लगाता है, लेकिन रु. 40000 कीमत की टी शर्ट पहनता है। भारत जोड़ने का कहकर कांग्रेस का कमा यात्रा पर निकला है और इस कमा को कोई गले लगाने वाला नहीं मिला तो उस युवती को गले लगा लिया जो भारत तोड़ने की बात करती है और पाकिस्तान जिंदाबाद का नारा लगाती है। आप को बता दें कि कमलेश उर्फ कमा सुरेन्द्रनगर जिले के एक छोटे से गांव का निवासी है और डाउन सिन्ड्रोम नामक बीमारी से पीड़ित है। कुछ महीनों पहले कमा को कोई जानता नहीं था, लेकिन एक दिन गुजरात के मशहूर लोकगायक कीर्तिदान गढ़वी के एक कार्यक्रम से अचानक वह चर्चा में आ गयो कीर्तिदान गढ़वी के गीत पर कमा अचानक नाचने लगो जिसे देख कीर्तिदान ने उसका नाम पूछा और अपने पास बुलायो इसके बाद तो कमा के भाग्य खुल गए और धीरे धीरे उसकी ख्याति बढ़ने लगी। कीर्तिदान गढ़वी ही नहीं अन्य लोकगायकों के मंच पर कमा नजर आने लगो किसी भी कार्यक्रम में कमा की एन्ट्री किसी मशहूर हस्ती की तरह होने लगी। जिसके लिए उसे तगड़ी फीस भी मिलती है। नए शो रूम के उदघाटन पर कमा को बुलाया जाने लगो केवल गुजरात ही नहीं बल्कि विदेशों में भी कमा का नाम गूंजने लगा और डॉलर की बारिश होने लगी कमा के परिजन अचानक बदले इस हालात का श्रेय कीर्तिदान को गढ़वी को देते हैं। मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री विश्वास सारंग ने इसी कमा के साथ कांग्रेस नेता राहुल गांधी की तुलना की थी।

# मध्यप्रदेश में आज गरीब भी धनतेरस मना रहा है : मोदी



भोपाल /नई दिल्ली, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पहले वे ही धनतेरस मना पाते थे, जिनके पास धन होता था। आज मध्यप्रदेश के 4 लाख 51 हजार परिवार अपने नये घरों में प्रवेश कर धनतेरस मना रहे हैं। बहनें अपने घर की मालकिन बनी हैं। अपने नये घरों से उन्हें सपनों को सच करने की नई ताकत मिली है। यह दिन उनके लिये केवल गृह-प्रवेश का ही नहीं, बल्कि नई खुशियाँ, नये संकल्प, नये सपने, नई उमंग और नया भाग्य लेकर आया है।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने धनतेरस के अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना में मध्यप्रदेश के 4 लाख 51 हजार हितग्राहियों को वर्चुअली गृह-प्रवेश कराया। उन्होंने रिमोट से गृह-प्रवेशम शिला-पट्टिका का अनावरण किया। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की उपस्थिति में मुख्य कार्यक्रम बीटीआई मैदान सतना में हुआ। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री महेन्द्र सिंह सिसोदिया, सतना के प्रभारी एवं वन मंत्री कुँवर विजय शाह सहित जन-प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास देश में सामाजिक एवं आर्थिक बदलाव का माध्यम बन रहे हैं। यह केवल घर नहीं, सम्पूर्ण घर हैं। इन घरों में शौचालय, गैस, बिजली कनेक्शन सहित नल जैसी मूलभूत सुविधाएँ हैं। साथ ही शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ भी इन हितग्राहियों को दिया जा रहा है।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि मध्यप्रदेश में प्रधानमंत्री आवास निर्माण का कार्य तेज गति से चल रहा है। अब तक लगभग 30 लाख आवास मध्यप्रदेश में बनाये जा चुके हैं और इनके निर्माण पर लगभग 22 हजार करोड़ रुपए खर्च हुए हैं। मध्यप्रदेश में 50 हजार से अधिक राजमिस्त्री प्रशिक्षित किये गये हैं। इनमें 9 से 10 हजार बहनें हैं। बहनों को नई कला सिखाने का यह बहुत बड़ा कार्य है। इसके लिये मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान एवं उनकी टीम बधाई की पात्र हैं।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि ये आवास न केवल हितग्राहियों बल्कि पूरे गाँव एवं क्षेत्र के लिये नई तरक्की लेकर आ रहे हैं। इनके निर्माण में जो सामग्री उपयोग की जा रही है, वह आसपास के क्षेत्र की फेक्ट्री और दुकानों से ली जा रही है जिससे बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर भी बढ़े हैं।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि देश में नागरिकों को मूल सुविधाओं के साथ तेजी से जोड़ा जा रहा है। बुनियादी सुविधाओं से युक्त पक्के घरों के साथ ही सड़कें, अस्पताल, स्कूल, कॉलेज, गाँव-गाँव ऑप्टिकल फाइबर आदि सुविधाओं का तेजी से विस्तार हो रहा है। देश में गरीबी हटाने के प्रयास तेजी से किये जा रहे हैं। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना में गरीबों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि सरकार इस बात का पूरा ध्यान रख रही है कि टैक्स पेयर्स के पैसे का पूरा सदुपयोग हो। गरीबों को मुफ्त राशन, आयुष्मान योजना से मुफ्त इलाज उनके पैसे का सही उपयोग है। सरकार ने मुफ्त टीकाकरण से गरीब और मध्यम वर्ग को बड़ी राहत दी है। हमारी सरकार मुफ्त की रेवड़ी नहीं बाँटती।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि सरकार किसानों का पूरा ध्यान रखती है। दो हजार रुपए से ज्यादा की यूरिया की बोरी खरीदती है और उसे 260 रुपए में किसान को देती है। किसानों की सुविधा के लिये अब खाद की बोरी ह्लभारतह्व के नाम से ही आयेगी और उस पर उसकी कीमत लिखी होगी। किसान उससे ज्यादा कीमत न चुकायें। विभिन्न योजनाओं का पैसा अब सीधे ही हितग्राहियों के खातों में जा रहा है। सरकार ने तकनीकी का उपयोग कर सामान्य व्यक्ति के जीवन को आसान बनाया है। स्वामित्व योजना में गरीबों को पहली बार उनकी भूमि का स्वामित्व दिया जा रहा है। खेती में ड्रोन का उपयोग किया जा रहा है। गाँव में अब राशन दुकानों पर किसानों को कृषि उपकरण आदि विभिन्न सुविधाएँ प्राप्त होंगी।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि कई पीढ़ियों बाद अब गरीब खुद के घर में दीवाली मनायेगा। इस दीवाली दिये का प्रकाश उनके लिये नई रोशनी लेकर आयेगा।

# केंद्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह ने युवाओं को वितरित किया नियुक्ती पत्र



नई दिल्ली, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आवाहन पर केंद्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह, केंद्रीय राज्य मंत्री श्रीमती मीनाक्षी लेखी और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता की उपस्थिति में 10 लाख कर्मियों के भर्ती अभियान ह्यरोजगार मेला की आज दिल्ली में शुरूआत की गई। आज मुनिरका के जेएनयू कैंपस में लगे इस मेले में केंद्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह ने 75000 चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र देने के लिए पहले चरण का आज से शुरूआत हुई जिसमें 532 युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए गए। इस मौके पर प्रदेश प्रवक्ता खेमचंद शर्मा और श्रीमती नेहा शालिनी दुआ भी उपस्थित थे।

इस मौके पर केंद्रीय राज्य मंत्री श्रीमती मीनाक्षी लेखी ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा दिए गए आदेशों के बाद सरकार के हर विभाग में जितनी भी रिक्त स्थान है, उनको भर्ती करने का काम आज से शुरू हो रहा है। उन्होंने कहा कि दीपावली के मौके पर अगर किसी युवा साथी के हाथों में नियुक्ति पत्र आ जाता है, तो उससे अधिक खुशी और उस युवा को और उसके परिवार को नहीं हो सकती। हमें हमेशा से यही बताया गया है कि अपना काम बहुत ही ईमानदारी के साथ करना चाहिए और आज उसको करके दिखाया है।

श्री गुप्ता ने कहा कि आज देश के अंदर बदलाव का दौर चल रहा है। हमने जिस तरह से कोरोना से अपने आप को ना सिर्फ बचाया बल्कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में आपदा को अवसर में बदलने का अभूतपूर्व कार्य किया। उन्होंने कहा कि कोरोना काल के दौरान हमारे डॉक्टर्स, वैज्ञानिक और हमारे देश के युवाओं ने आगे बढ़कर संकट को अवसर में बदलने का काम किया।

श्री गुप्ता ने कहा कि हम पिछले 100 वर्षों का भी अगर रिकॉर्ड उठाकर देखें तो इस देश में जब-जब आपदा या कोई महामारी आई है तो उस महामारी में बीमारी से कम लेकिन भूखमरी से सबसे ज्यादा लोगों की मृत्यु होती थी। उन्होंने कहा कि कोरोना के दौरान श्री नरेन्द्र मोदी ने सभी से कहा था कि भूखा कोई नहीं सोएगा और वही हुआ। कोरोना में हमने देखा कि उन सभी देशों की स्थिति बदतर हो गई थी जो खुद को बहुत ही शक्तिशाली कहलाते थे। कोरोना में सफलतापूर्वक उबरने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की छवि एक विश्वप्रसिद्ध नेता के रुप में हुआ।

## संक्षिप्त समाचार

### दुर्घटनास्त होने से पहले सेना के हेलीकॉप्टर ने एटीसी को भेजा था आपात संदेश

नई दिल्ली, एजेंसी। अरुणाचल प्रदेश के पहाड़ी इलाके मिगिंग में दुर्घटनाग्रस्त होने से पहले सेना के उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर (एएलएच) से हवाई यातायात नियंत्रण (एटीसी) कक्ष को तकनीकी खराबी के बारे में आपात संदेश भेजा गया था। सेना के सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। शुक्रवार को हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने के कुछ घंटे बाद बचाव दलों ने 5 में से 4 कर्मियों के पार्थिव शरीर बरामद कर लिए थे। एक सूत्र ने कहा दुर्घटना से पहले, हवाई यातायात नियंत्रण (एटीसी) कक्ष को तकनीकी या यांत्रिक खराबी के बारे में सूचित किया गया था। सूत्र ने बताया कि उड़ान भरने के लिहाज से मौसम अच्छा था। पायलटों के पास इस तरह के हेलीकॉप्टर उड़ाने का संयुक्त रूप से 600 से अधिक घंटे का अनुभव था। हेलीकॉप्टर को जून 2015 में सेना में शामिल किया गया था। भारतीय सेना ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने भारतीय सेना के लिए यह हेलीकॉप्टर तैयार किया था। यह रुद्र मार्क-4 के नाम से भी जाना जाता है।

### पुलिस की बदमाशों के साथ मुठभेड़ 2 पकड़े गए 1 बदमाश को लगी गोली

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली के नार्थ ईस्ट जिले की पुलिस टीम और अपराधियों के बीच हुई फायरिंग के बाद दो अपराधी पकड़े गए हैं। दिल्ली पुलिस के मुताबिक ये मुठभेड़ 21-22 की दरमियानी रात करीब 2 बजे थाना ज्योति नगर क्षेत्र में लोनी गोल चक्कर के पास अंबेडकर कॉलेज की ओर जाने वाली सर्विस रोड पर हुई। इस मुठभेड़ में एक अपराधी के पैर में गोली लगी है। वह पीएस एमएस पार्क का बीसी (बैड करेक्टर) है, जिस पर कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। ये अपराधी थाना ज्योति नगर में आईपीसी की धारा 308 के तहत एक मामले में वांटेड था। पुलिस ने मुठभेड़ के बाद इन दोनों अपराधियों के पास से 1 सेमी-ऑटोमैटिक पिस्टल, 2 राउंड लाइव कारतूस, 1 सीएमपी और 1 राउंड लाइव कारतूस, दो खाली कारतूस और बिना नंबर प्लेट वाली एक मोटरसाइकिल बरामद की है। पकड़े गए अपराधियों की पहचान शक्ति उर्फ सोनू पुत्र अनूप सिंह निवासी ज्वाला नगर (आयु -36 वर्ष) और सचिन पुत्र राजू निवासी अशोक नगर (आयु-24 वर्ष) के रूप में की गई है। शक्ति पर पीएस मानसरोवर पार्क में पहले 18 आपराधिक मामलों में शामिल होने का आरोप है। जबकि सचिन पर चार आपराधिक मामलों में शामिल होने का आरोप है। दिल्ली पुलिस के आंकड़े के मुताबिक राष्ट्रीय राजधानी में पिछले साल के मुकाबले इस साल गंभीर अपराध के मामलों में काफी बढ़ोतरी हुई है। दिल्ली में इस साल के पहले 6 महीनों में मर्डर के कुल 277 मामले सामने आए हैं। जो पिछले साल के 235 हत्या के मामलों से करीब 18 फीसद ज्यादा हैं। दिल्ली में सबसे ज्यादा चोरी के अपराध बढ़े हैं। दिल्ली में पिछले साल इस दौरान चोरी के 1158 मामले सामने आए थे, जबकि इस साल चोरी की 7,561 वारदातें दर्ज हो चुकीं हैं। दिल्ली में झपटमारी की घटनाओं में 12 फीसद और गंभीर दुर्घटनाओं में 18 फीसद की बढ़ोतरी भी देखी गई।

# उर्दू अकादमी दिल्ली 6 में शा हाजानाबाद: गुशता और हाल पर खुदबा पेश किया गया

» मदरलैंड संवाददाता




दिल्ली के कश्मीरी गेट मेट्रो स्टेशन निकट सी. पी. ओ. बिल्डिंग उर्दू अकादमी मे शाहजहानाबाद : गुजास्ता ओर हाल का चौथा खुदबा प्रोफेसर हुसैन काजमीं जी द्वारा प्रस्तुत किया गया! कार्यक्रम को संचालित किया मोहद शा हनवाजजी ने तोसीर ओर तासरीन की तारिक ओर सफर पर आई हुऐ तमाम हजरत का स्वागत किया, यह इस सीरीज का चौथा संस्करण है जिसका अनुवाद शहानाबाद शहरी की अदब ओर तारीब से प्रस्तुत किया गया! दिल्ली उर्दू अकादमी का यह कार्य जो हमेशा उर्दू जवान वाले के लिए कार्य के प्रति तत्पर रहती है इस अकादमी के दिल्ली के सक्ट्रीरी साहब मोहमद ताज जी का अभिनन्दन किया गया! उर्दू अकादमी बड़े ही अरशे से कार्य कर रही है ओर हम आशा करते है कि भविष्य मे भी आगे कार्य करती रहे! दिल्ली यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर मोह्हमाड़ जफारी साहब जी ने बताया खुदबा पेश किया व साथ ही साथ बताया कि मच पर सबसे पहले उन्होंने आये हुवे तमाम हजरत का स्वागत व अभिनन्दन किया ओर बताया हमने भी करीब शांतिस वर्ष दिल्ली यूनिवर्सिटी मे बिताये ओर बहुत ही कार्य किए ओर करवाये व शा हनाबाद पर बताया कि हमें भी बहुत गहरी चोट लगी है शाहानाबाद पर क्योंकि अनंग्रेजो के आने के बाद सब कायार्शेली निरंतर बदलती चली गई ओर सब लोगो का अपना अपना नजरिया होता है समझने का, परखने का, यह समय समय की बात है, शा -हनाबाद पर बिशप जी की किताब मे भी उल्लेख किया गया है यह सारा ड्रिंशया सतावी ओर अथर्ववी शताब्दी की उल्लेख करते है ओर आगे आगे उन्होंने बताया की कैसे मुगल समराज्य का धीरे धीरे खतमा होता रहा ओर अंग्रेजओ का समाराज्य स्थापित होता रहा ओर आगे वक्त के पहिये की तरह तमाज वाक्य, परिभायाये, आयाम बदलती चली गई ओर शा हनाबाद शहर भी बहुत अलग - थलग आ हो गया! साथ ही साथ उन्होंने दिल्ली के निकट लगभग बियालिस बागो का भी वर्णन किया! आये हुवे तमाम अतिथियों जैसे मंच संचालक मोह्हद शाहनवाज, जफारी साहब, ताज साहब, आदब जी, रियाज जी आदि आदि व तमाम लोगो ने शिरकत की!

# 1100 घाटों पर मनेगा छठ पर्व प्रदूषित भी नही होंगी यमुना



नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली में रहने वाले यूपी-बिहार के लाखों लोगों की धार्मिक मान्यताओं और भावनाओं को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने यमुना नदी के किनारे छठ पूजा के आयोजन की अनुमति दे दी है। सीएम केजरीवाल ने कहा कि यमुना के घाटों पर पहले की तरह छठ पूजा मनायी जायेगी। अधिकारियों को आदेश दिये गये हैं कि यमुना प्रदूषित ना हो, इसके लिए सभी प्रबंध किए जाएं। राजस्व मंत्री कैलाश गहलोत ने बताया कि छठी मईया के आशीर्वाद से हम इस बार दिल्ली में सभी 1100 घाटों पर छठ पूजा का भव्य आयोजन सुनिश्चित करेंगे। इस संबंध में राजस्व विभाग ने सीएम केजरीवाल को यमुना नदी के किनारे विभिन्न घाटों पर छठ पूजा के आयोजन लिए एक प्रस्ताव भेजा था। वहीं अब मुख्यमंत्री ने प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। सीएम केजरीवाल की स्वीकृति के मद्देनजर सभी जिलाधिकारियों को निर्देश जारी किये गये हैं कि यमुना नदी में कोई भी प्रदूषणकारी सामग्री विसर्जित न हो, इसके लिए अतिरिक्त उपाय किये जाएं। इसके अलावा एनजीटी के दिशा-निर्देशों को सुनिश्चित करने के लिए साइट पर बैनर, पोस्टर, ऑडियो संदेश, सीडीवी की तैनाती सहित सभी उपाय करने के भी निर्देश दिए गए हैं। दरअसल प्रदूषण की सम्भावना को देखते हुए नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने इससे पहले, यमुना नदी के पास पूजा घाटों के निर्माण और ऐसे घाटों पर भक्तों द्वारा चढ़ाए जाने वाले सामग्री के बारे में चिंता व्यक्त की थी। छठ पूजा का त्योहार पारंपरिक रूप से दिल्ली में बहुत उत्साह के साथ मनाया जाता है। केजरीवाल सरकार ने हमेशा दिल्ली में छठ पूजा का भव्य तरीके से आयोजन किया है। इसके लिए पूरी दिल्ली में घाटों के निर्माण, घाट के आसपास स्वच्छता तथा सभी आवश्यक सुविधाओं का इंतजाम किया गया है। इस बार भी केजरीवाल सरकार ने दिल्ली में छठ पूजा के लिए पूरी तरह से कमर कस रखी है। पूरी दिल्ली में 1100 स्थानों पर छठ पूजा आयोजन किया जाएगा

# दिवाली से पहले दिल्ली में ट्रैफिक एडवाइजरी



नई दिल्ली, एजेंसी। दिवाली से पहले खरीदारी को लेकर बाजारों में भारी भीड़ उमड़ रही है। इसको लेकर दिल्ली पुलिस ने बाजारों में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है। वहीं, यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए दिल्ली यातायात पुलिस ने एक ट्रैफिक एडवाइजरी जारी की है। इसके अनुसार, कई जगहों पर रूट डावयर्जन किया गया है। ट्रैफिक पुलिसने विशेष यातायात व्यवस्था के मद्देनजर शनिवार सुबह सवा नौ बजे से सवा 10 बजे तक गुड़गांव रोड, धौला कुआं फ्लाईओवर, एसपी मार्ग, मदर टेरेसा क्रिसेंट, आर/ए तीन मूर्ति, आर/ए कौटिल्य और अकबर रोड से यात्रा नहीं करने की सलाह दी है। वहीं, ट्रैफिक पुलिस के अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि धनतेरस के दिन अपनी अपनी गाड़ी से निकलते हैं तो वाहन को सड़क पर खड़ा न करें। पार्किंग में ही अपनी गाड़ी को खड़ी करें। ट्रैफिक पुलिस ने कहा है कि निर्देशों का पालन नहीं करने पर जुमार्ना लगाया जाएगा। धनतेरस और दिवाली के दिन भीड़-भाड़ वाले इलाकों में ट्रैफिक पुलिस की अतिरिक्त टीम की तैनाती होगी। बताया जा रहा है कि लाजपत नगर, करोल बाग, शंकर रोड, सदर बाजार, चांदनी चौक सहित अन्य इलाकों में ट्रैफिक पुलिस की मौजूदगी रहेगी। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने लोगों से अपील की है कि यातायात के लिए सार्वजनिक परिवहन का अधिक प्रयोग करें। पुलिस ने कहा है कि बाजार में खरीदारी के वक्त अगर किसी की तबीयत खराब होती है तो इसकी भी सूचना तुरंत पुलिस को दें, जिससे उन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया जा सके। वहीं, बाजारों में सुरक्षा के मद्देनजर दिल्ली पुलिस की ओर से भी सतर्कता बरती जा रही है। राजधानी के प्रमुख चौक-चौराहों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किए गए हैं। एक अधिकारी ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे से बाजारों की निगरानी रखी जाएगी। दिल्ली पुलिस के अधिकारी ने लोगों से अपील की है कि संदिग्ध गतिविधि दिखने पर तत्काल पुलिस को सूचना दें। साथ ही कहा है कि बाजारों में किसी तरीके के उपद्रव करने की कोशिश पर सख्त कार्रवाई होगी।

# दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी ने श्री हेमकुंट साहिब के लिए रोपवे परियोजना का नींव पत्थर रखने पर प्रधानमंत्री मोदी का आभार व्यक्त किया

## मोदी सरकार ने सदैव सिख कौम की मांगों का ख्याल रखा: कालका, काहलों



नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष स. हरमीत सिंह कालका व महासचिव स. जगदीप सिंह काहलों ने गुरुद्वारा श्री हेमकुंट साहिब के लिए रोपवे परियोजना का नींव पत्थर रखने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया है और कहा है कि इस परियोजना को लेकर देश व दुनिया भर के सिखों में खुशी की लहर है।

यहां बातचीत करते हुए स. कालका व स. काहलों ने कहा कि श्री हेमकुंट साहिब के लिए रोपवे परियोजना का काफी लंबे समय से इंतजार था तथा दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी द्वारा निरंतर सरकार से मांग की जा रही थी जो आज पूरी होने जा रही है क्योंकि जिस यात्रा को करने में डेढ़ दिन का समय लग जाता था इस परियोजना के शुरू होने से वह केवल 45 मिनट में हो सकेगी। 12.5 किलोमीटर के इस रोपवे प्रोजेक्ट पर 1163 करोड़ रुपये खर्च होंगे तथा इसे रिकार्ड समय में सरकार द्वारा तैयार कर लिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि जिस प्रकार प्रधानमंत्री मोदी की अगुवाई में एन.डी.ए की सरकार ने सिख कौम का हाथ थामा है तथा वर्षों से लटकते आ रहे कई मसले हल किये हैं उसके चलते सिख कौम में खुशी की लहर है। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि बाकी शेष रहते सभी मसले भी जल्द हल होंगे।

स. कालका व स. काहलों ने कहा कि इससे पहले 70 वर्षों से सिख गुरुद्वारा श्री करतारपुर साहिब के दर्शनों के लिए अरदास करते थे पर यह मोदी सरकार ही है जिसने करतारपुर साहिब कॉरिडोर बनाया और नानक नाम लेवा संगत के लिए गुरुद्वारा साहिब के दर्शनों का मार्ग खोला। उन्होंने कहा कि देश-विदेश में रहने वाले सिख भाईचारे के लोग मोदी सरकार की प्रशंसा कर रहे हैं जो एक-एक कर सिख मसलों को हल कर रहे हैं। श्री हेमकुंट साहिब रोपवे परियोजना के पूरा होने के बाद देश-दुनिया में रहने वाली सिख संगत इस पवित्र स्थान के दर्शन कर सकेगी तथा यह परियोजना अपने आप में नये रिकार्ड कायम करेगी।

# हस्तकला मेले का उद्घाटन भाजपा नेता डॉ. जौली ने किया

» स्वतंत्र सिंह भुल्लर मदरलैंड संवाददाता



नई दिल्ली। पश्चिम दिल्ली स्थित द्वारका सेक्टर-1, डीडीए पार्क के प्रांगण में हस्तकला मेले का उद्घाटन पूर्व भाजपा विधायक डॉ. विजय जौली द्वारा संपन्न हुआ। मेले में पहुँच कर, डॉ. जौली ने लाल रिबन काट कर, हस्तकला मेले की विधिवत शुरूआत की। उद्घाटन के मौके पर लोकप्रिय भाजपा नेता डॉ. विजय जौली को नजदीक से देखने के लिए दर्शक व दुकानदार दोनों भारी संख्या में एकत्रित हुए। मेला 30 अक्टूबर तक चलेगा।

उत्तर प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के कई हस्तशिल्प कारीगरों ने कढ़ाई किये हुए वस्त्रों, मिटटी के बर्तन व खिलौने, लकडी से बने फर्नीचरों, नमकीन, अचार-मुरब्बों जैसे भारतीय उत्पादों के स्टाल लगाये। इसके साथ ही मनोरंजन व खाने पीने के स्टाल भी लगाये गये हैं। स्मरण रहे ऐसी प्रदर्शनियों का आयोजन नियमित रूप से भारत के कई राज्यों में वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा किया जाता है। जिसमें भारत की संस्कृति व और सभ्यता से जुड़े हस्तकला कौशल व उत्पादों को देखने का मौका मिलता हैं।

डॉ. जौली ने अपने संक्षिप्त संबोधन में कहा कि पिछले सरकारों की तुलना में वर्तमान मोदी सरकार विलुप्त होते हस्तशिल्प और कलाकारों को आर्थिक सहायता द्वारा बचाने का उल्लेखनीय कार्य कर रही हैं। कपड़ा, हस्तशिल्प व हथकरघा मंत्रालय आज ग्रामीण कुटीर उद्योग से जुड़े कारीगरों और गैर सरकारी संस्थाओं को बढ़ावा दे रहा है। डॉ. जौली ने इस अवसर पर सभी को दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दी। और दुर्गा मां लक्ष्मी का आह्वान करते हुए सबके स्वास्थ्य, सुख व समृद्धि की कामना भी की।

मेले का आयोजन दिल्ली की गैर सरकारी संस्था ह्यफलाह हैण्डीक्राफ्ट सोसयटीह्व द्वारा किया गया। इस अवसर पर कई समाज सेवी, पत्रकार और क्राफ्ट मेले के मुख्य आयोजक मोहम्मद यामीन खान, वरिष्ठ प्रबंधक शशि रंजन दुबे, कार्यक्रम प्रबंधक गुलजार यश कुमार व जयप्रकाश उपस्थित रहे।

# हरियाणा बनने से लेकर अब तक हरियाणा पुलिस के 83 कर्मी दे चुके हैं प्राणों का बलिदान: महनिदेश पीके अग्रवाल

» सतबीर शर्मा, मदरलैंड संवाददाता

गुरूग्राम। पुलिस शहीदी दिवस के अवसर पर आज गुरूग्राम की पुलिस लाइन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पुलिस महानिदेशक पी के अग्रवाल ने देशभर में पिछले एक वर्ष में अपनी ड्यूटी का निर्वहन करते हुए प्राणों का बलिदान देने वाले भारतीय पुलिस सेवा के सभी 264 बलिदानियों को याद करते हुए पुलिस लाइन में बने ह्यपुलिस शहीद स्मारकह्य पर पुष्प चक्र चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान कार्यक्रम में हरियाणा पुलिस के ड्यूटी के दौरान जान गवाने वाले पुलिसकर्मियों के आश्रितों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (सीआईडी) श्री आलोक मित्तल, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (लॉ एंड ऑर्डर) श्री संदीप खिरवार, गुरूग्राम की पुलिस आयुक्त कला रामचंद्रन, मंडलायुक्त आर सी बिढान तथा अतिरिक्त उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में देश के पुलिस सेवा के सभी बलिदानियों को याद करते हुए पुलिस महानिदेशक पी के अग्रवाल ने कहा कि आज हम भारतीय पुलिस सेवा के वीर बलिदानियों को श्रद्धांजलि देने के लिए एकत्रित हुए हैं जिन्होंने देश की कानून-व्यवस्था को कायम रखने, देश की एकता और अखण्डता को बनाए रखने तथा नागरिकों की जान-माल की सुरक्षा करने के अपने कर्त्तव्य को निभाते हुए अपने प्राण न्यौछावर किए हैं। आज का दिन हरियाणा पुलिस और भारतीय पुलिस सेवा के उन वीर सपूतों के अदम्य साहस और कर्त्तव्य-परायणता को समर्पित है जिसके चलते हर नागरिक स्वयं को सुरक्षित महसूस करता है। उन्होंने बताया कि हरियाणा राज्य के गठन से लेकर अब तक 83 पुलिसकर्मियों ने राज्य और इसके नागरिकों की सेवा करते हुए अपने प्राण न्योछावर किए हैं। पिछले एक वर्ष में हरियाणा पुलिस के दो वीर सपूतों ने अपने प्राणों की आहूति दी जिनके नाम स्व0 डीएसपी सुरेन्द्र सिंह व स्व0 सिपाही संदीप कुमार हैं। इन दोनों वीर सपूतों के बलिदान को याद करते हुए श्री अग्रवाल ने बताया कि हिसार जिले के सारंगपुर गांव निवासी स्व0 डीएसपी सुरेन्द्र सिंह को नूंह इलाके में गश्त के दौरान पंचगांव की ओर पहाड़ियों में अवैध माइनिंग की सूचना मिली। इस दौरान डंपर चालक ने उन्हें टक्कर मारते हुए कुचल दिया। इस प्रकार, श्री सुरेन्द्र सिंह ने कर्तव्य परायणता एवं अदम्य साहस का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए वीरगति प्राप्त की। इसी प्रकार, फरीदाबाद क्राइम ब्रांच में तैनात स्व0 सिपाही संदीप कुमार की बदमाशों के साथ मुठभेड़ में गोली लगने से मृत्यु हो गई। अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व व गृह मंत्री अनिल विज के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार द्वारा जहां कर्तव्य परायणता के दौरान प्राणों का बलिदान देने वाले पुलिसकर्मियों व उनके आश्रितों के कल्याण हेतु अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं, वहीं पुलिस विभाग द्वारा भी दुर्घटना मृत्यु बीमा कवर के एक विशेष समझौते के तहत आश्रितों को 65 लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की जाती है। पेंशनरों के लिए दुर्घटना बीमा मृत्यु कवर के तहत दी जाने वाली राशि को 17 लाख रुपये से बढ़ाकर 40 लाख रुपये कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त, हरियाणा पुलिस एक और कल्याणकारी कदम उठाने जा रही है जिसके तहत पुलिसकर्मियों के मेधावी विद्यार्थियो को 10 लाख रुपये की स्कोलरशिप देने का प्रस्ताव है, जोकि अभी सरकार के विचाराधीन है।

**क्यों मनाया जाता है पुलिस शहीदी दिवस**

गौरतबल है कि 21 अक्तूबर 1959 को भारत-तिब्बत सीमा पर लद्दाख के क्षेत्र में केन्द्रीय रिर्जव पुलिस बल के दस जवान सीमा पर गश्त करते समय चीनी सैनिकों द्वारा घात लगा कर किए गए हमले का शिकार हुए थे। तभी से 21 अक्तूबर को पुलिस शहीदी दिवस के रूप में मनाने की परम्परा आरम्भ हुई थी। तब से आज तक देश में लगभग 35000 पुलिस कर्मियों ने कर्त्तव्य की वेदी पर सर्वोच्च बलिदान दिया है। इन वीर सपूतों की कर्मभूमि कश्मीर की पहाड़ियों से लेकर नागालैंड और मणिपुर के घने जंगलों तक व चम्बल के बीहड़ों से लेकर कच्छ के रण तक रही है।

संक्षिप्त समाचार

## एसपी दिनेश सिंह ने जनपदवासियों को दीं हार्दिक शुभकामनाएं, नशे के खिलाफ नया सवेरा अभियान में मांगा जनसहयोग



अवनीश त्यागी, मदरलैंड संवाददाता, बिजनौर। पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह ने सभी जनपदवासियों को दीपावली की शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। एक वीडियो संदेश में उन्होंने त्योहार श्रृंखला पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए ईश्वर से प्रार्थना की, कि उजाले का यह पर्व सभी के जीवन से अंधेरा दूर कर के नया उजाला लाए। इसी के साथ पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह ने जनपद में चलाए जा रहे नया सवेरा अभियान के सम्बन्ध में भी विचार साझा किए। उन्होंने युवा वर्ग को नशे की गिरफ्त से निकालने को चलाए जा रहे अभूतपूर्व अभियान नया सवेरा की प्रासंगिकता पर भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा नशे के सामान की बिक्री करने वालों के अलावा मेडिकल स्टोर्स पर भी पैनी नजर रखी जा रही है। ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही हैं। एसपी ने नया सवेरा अभियान में सभी का सहयोग भी मांगा।

## सर्वश्रेष्ठ रोशनी चयन के लिए कमेटी गठित

मदरलैंड संवाददाता] झुंझुनूं। जिला कलक्टर लक्ष्मण सिंह कुड़ी ने झुंझुनू शहर में बाजार में सर्वश्रेष्ठ रोशनी और सजावट के लिए पारितोषिक वितरण के लिए कमेटी का गठन किया है। इसके अध्यक्ष झुंझुनू उपखंड अधिकारी शैलेष खैरवा को बनाया गया है। वहीं सदस्य नगर परिषद आयुक्त दिलीप पूनिया और पुलिस उप अधीक्षक शंकरलाल छाबा और नगर परिषद के अधिशासी अभियंता को बनाया गया है। यह कमेटी झुंझुनूं नगर परिषद क्षेत्र में निरीक्षण कर विभिन्न व्यापार मंडलों द्वारा की गई सजावट का निरीक्षण करेगी।

## एस. जे.डी. पब्लिक स्कूल में रंगोली सजाओ, दीप सजाओ कार्यक्रम का आयोजन



मदरलैंड संवाददाता, मैनपुरी। यह पर्व हमें अपने अंदर छुपे हुए अंधकार को दूर करने की प्रेरणा देता है। यह पर्व भाईचारे ,प्रेम को बढ़ाने में सहायक होता हैं। उक्त विचार एस० जे०डी पब्लिक स्कूल में दीपावली पर्व पर रंगोली सजाओ, दीप सजाओ कार्यक्रम में प्रधानाचार्य लोकेंद्र पाल ने बच्चों के समक्ष व्यक्त करते हुए कहा कि हम शपथ ले कि हम देश में भाईचारे को कायम रखेंगे। उन्होंने बच्चों ,शिक्षकों को दीपावली पर्व पर बधाई दी। प्रबंधिका चंद्रवती ने बच्चों द्वारा बनाई गई रंगोली पर कहा कि बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है इन्हें मार्गदर्शन की आवश्यकता है उन्होंने बच्चों से कहा कि वे पटाखे ना चलाने की शपथ लें। जिससे पर्यावरण दूषित होने से बच सकें। इस मौके पर उन्होंने बच्चों ,शिक्षकों को दीपावली पर्व की हार्दिक बधाई दी। इस मौके पर संतोष श्रीवास्तव, हरी बाबू, राजश्री, शिखा, प्रिया मिश्रा ,शालिनी, नीतू, अंजलि, मधु, कंचन आदि उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी ने जनपदवासियों को दी दीपावली की हादिर्क शुभकामनायें



मदरलैंड संवाददाता, मैनपुरी। जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने दीपावली के पावन अवसर पर जनपदवासियों को हादिर्क शुभकामनायें देते हुये सुख-समृद्धि की कामना की है। उन्होने कहा कि दीपों के इस त्योहार को आपसी मेल-मिलाप, सौहार्द के वातावरण में मनाकर अपनी परम्परा को कायम रखें। जरूरतमंदों की मद्द कर उन्हें भी अपनी खुशियो में शामिल करें। श्री सिंह ने कहा कि दीपावली का त्योहार खुशी का त्योहार है इसलिए इस पवित्र पर्व को अमन-चैन व शान्तिपूर्ण वातावरण में मनाकर जनपद की शान्ति व्यवस्था को कायम रखने में अपना योगदान दें। सद्भाव के वातावरण में दीपावली मनाकर आपसी एकता और मेल-मिलाप का परिचय दें। दीवावली के अवसर पर प्रतिबन्धित पटाखे व आतिशबाजी न चलाये। उन्होने जनपदवासियों से दीपावली के पावन पर्व पर अपने आस-पास स्वच्छता अपनाने, गलियो, मुहल्लों, नालियों, सड़कों पर कूड़ा न फेंकने व नगर को स्वच्छ बनाये रखने में भी योगदान करने की अपील की है।

## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष पुनिया के जन्मदिन पर सुकन्या समृद्धि योजना के तहत बेटियों के खाते खुलवाने का आह्वान

मदरलैंड संवाददाता , झुंझुनूं। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष डॉ.सतीश पूनिया के 24 अक्टूबर को जन्मदिन के मौके पर भाजपा प्रवासी प्रकोष्ठ राजस्थान के संयोजक राजू मंगोडीवाला तथा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य व शेखावाटी प्रभारी अंकुर मोदी ने बालिका सशक्तिकरण के तहत 10 वर्ष तक की छोटी बालिकाओं के सुकन्या समृद्धि योजना के अन्तर्गत खाते खुलवाने का आह्वान किया है। झुंझुनू विधानसभा प्रत्याशी व भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र भाम्बू ने 551 बेटियों को गोद लेने का संकल्प लिया। सुकन्या समृद्धि अभियान के अंतर्गत भाजपा प्रवासी प्रकोष्ठ राजस्थान के प्रभारी व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सहित सभी भाजपा कार्यकताओं के नेतृत्व में इसका शुभारंभ 19 अक्टूबर 2022 से कर दिया गया है। इस योजना में गोद ली गई लाभार्थी बेटियों को भामाशाह व जनसहयोग से खाते में न्यूनतम 250/ की राशी जमा करवाई जाएंगी।

# शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिये डॉक्टर राम मोहन को 'एजूकेशन स्टालवार्ट ऑफ द ईयर 2022' पुरस्कार से किया गया सम्मानित

» अजय सक्सेना, मदरलैंड संवाददाता

मैनपुरी। क्षेत्र की सर्वश्रेष्ठ संस्था सुदिती ग्लोबल एकेडमी मैनपुरी के वरिष्ठ प्रधानाचार्य डा. राम मोहन ने मैनपुरी जनपद का नाम एक बार फिर क्षितिज पटल पर जगमगा दिया, जब उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिये ह्यह्यएजूकेशन स्टालवार्ट ऑफ द ईयर 2022ह्यह्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

ज्ञातव्य है कि एजुकेशन टूडे शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षकों, विद्यालयों एवं बुद्धजीवियों, एवं एजूकेशनल लीडर्स की पहचान कर उन्हे उत्कृष्टता के आधार पर चुनकर सम्मानित करती है। विद्यालय सुदिती ग्लोबल एकेडमी मैनपुरी को उत्कृष्ट शैक्षिक गतिविधियों के आधार पर पूरे उत्तर में प्रदेश मोस्ट इफेक्टिव ब्लेंडिड लर्निंग में प्रथम स्थान एवं मोस्ट इंसपिरेशनल स्कूल कैटेगरी में इंडियाज प्रेस्टीजियस स्कूल ज्यूरी अवार्ड प्राप्त हुआ है। ज्ञातव्य है कि सुदिती ग्लोबल एकेडमी के वरिष्ठप्रधानाचार्य डॉ. राम मोहन को एजुकेशन टुडे द्वारा आयोजित के-12 लीडरशिप एंड इंडिया स्कूल मेरिट अवार्ड्स पर 9वें राष्ट्रीय सम्मेलन में ह्यह्यएजूकेशन स्टालवर्ट्स अवार्ड 2022ह्यह्य से सम्मानित किया गया।

विदित हो कि यह सम्मान भारतीय शिक्षा के क्षेत्र के जाने माने दिग्गजों को दिया जाता है जो शैक्षणिक जगत में अपने नये अन्वेषण प्रयोगों द्वारा नवीन सोपान स्थापित करते हैं एवं शिक्षा जगत को एक नयी दिशा दिखाते हैं। विद्यालय के वरिष्ठ प्रधानाचार्य डॉ. राम मोहन सदैव से ही शिक्षा के जगत में नये प्रयोगों के लिये जाने जाते रहे हैं। पारम्परिक शिक्षा के साथ ही समाज के लिये अति आवश्यक नैतिक मूल्य जैसे देशप्रेम, सकारात्मक सोच, अनुशासन आदि का दैनिक शिक्षा में समावेश उनके द्वारा किये गये अनेक नवीन प्रयासों में से एक है। वर्तमान सत्र में विद्यालय सुदिती ग्लोबल एकेडमी द्वारा अमृत महोत्सव पर आयोजित कार्यक्रमों की श्रंखला में प्रधानाचार्य डा0 राम मोहन के निर्देशन में 1008 फीट लम्बी तिरंगा यात्रा निकाली गयी जिसने विश्व रिकार्ड भी स्थापित किया है। यह यात्रा देश एवं विदेश की मीडिया में चर्चा का विषय रही और इसे विश्व रिकार्ड की रुप में पहचान दी गयी। ऐसे विशाल आयोजन का



एकमात्र उद्देश्य छात्रों एवं कर्मचारियों में अपने देश के लिये देश प्रेम की भावना का विकास करना ही है। समाज में नैतिक मूल्यों के वर्धन के लिये ही विद्यालय सुदिती ग्लोबल एकेडमी द्वारा परिसर में अपने छात्रों के लिये 9 दिवसीय रामकथा का भी आयोजन करवाया गया। जिसमें देश के विख्यात श्रीरामकथा गायक प्रेममूर्ति श्री प्रेम भूषण जी द्वारा श्री राम के जीवन द्वारा वांछित आदर्शों को छात्रों को परिचित करवाया गया। निश्चय ही यह एक नूतन प्रयास था जो इस से पहले किसी भी स्कूल में नहीं किया गया था।

शिक्षा के क्षेत्र में नैतिक मूल्य, नवीन तकनीकी का उपयोग तथा शिक्षा के आधुनिक अधिगमों के प्रयोग को पहचान देते हुये ही एजूकेशन टूडे द्वारा मोस्ट इफेक्टिव ब्लेंडेड लर्निंग मोड कैटेगरी के लिये प्रदेश में प्रथम स्थान से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान स्कूल के उच्चतम शैक्षिक निष्पादन, उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम तथा मूल्य आधारित शिक्षा को दी गयी पहचान है जों समूचे प्रदेश में अद्वितीय है।

विद्यालय की विशेषताओं को जांचते परखते हुये ही निर्णायक मण्डल ने मोस्ट इंसपिरेशनल स्कूल कैटेगरी में इंडियाज प्रेस्टीजियस स्कूल जूरी अवार्ड से भी सम्मानित किया गया है।

विद्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में नौ दिवसीय भव्य श्रीरामकथा के बारे में बताते हुये विद्यालय के प्रधानाचार्य डा0 राम मोहन ने कहा कि इस तरह मैनपुरी के लिये यह प्रथम आयोजन था। श्री रामकथा के आयोजन के बारे में बताते हुये कहा कि सभी मैनपुरी एवं क्षेत्रवासियों, प्रबुद्ध जनों, प्रेमीभक्तगणों तथा मीडिया कर्मी बन्धुओं के अथक सहयोग से श्री रामकथा का यह भव्य कार्यक्रम सम्पन्न हो सका है। आप सभी मीडिया कर्मी बन्धुओं ने जिस सक्रियता के साथ श्रीरामकथा के समाचार तथा प्रेममूर्ति पूज्य श्री प्रेमभूषण महाराज जी द्वारा दिये गये सुन्दर ज्ञान को जन-जन तक पहुंचाया है वह अतुलनीय है। इस अथक प्रयास के लिये मैं पूरे सुदिती परिवार की तरफ से आप सबका हृदय से धन्यवाद ज्ञापन करता हूं।

श्री रामकथा के संयोजक लव मोहन ने कहा कि विद्यालय परिवार सभी मैनपुरी वासी तथा आस.पास के क्षेत्र की जनता के भी आभारी हैं कि उन्होने श्री रामकथा आयोजन में अपना सहयोग देकर पुण्य लाभ प्राप्त किया। आप सबके प्रयासों से ही यह महती आयोजन बिना किसी बाधा के सम्पन्न हो सका है।

इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों के साथ-साथ विद्यालय की प्रशासनिक प्रधानाचार्य डा. कुसुम मोहन, उपप्रधानाचार्य जयशंकर तिवारी, कैम्पस कोआडीनेटर अल्का दुबे, शशांक दुबे, आर. आर. तिवारी, अक्षय दीक्षित सहित समस्त अध्यापकों ने फूल माला भेंट कर वरिष्ठ प्रधानाचार्य डा. राम मोहन इस उपलब्धि के लिये बधायी दी। डा. साहब की इस उपलब्धि पर विद्यालय के समस्त शिक्षकों के साथ-साथ क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिकों एवं प्रधानाचार्यों ने बधाई देते हुए इस पुरस्कार को पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बताया।

## एम.डी. कप के फाइनल रोचक मुकाबले में सुजानगढ़ ने राजगढ़ को हराया

### समारोह के मुख्यअतिथि एम.डी. चोपदार ने लालपुर ग्रामवासियों का जताया आभार

» सुनील कुमार शर्मा, मदरलैंड संवाददाता



झुन्झुनूं। डॉ. सलाऊदीन चोपदार फाउण्डेशन के बैनर तले चल रही ग्राम पंचायत लालपुर में एम.डी. कप 2022 नाईट टूनार्मेंट का फाइनल मुकाबला सुजानगढ़ ने जीता। टूनार्मेंट के संयोजक फारूक खान ने बताया कि इस टूनार्मेंट में कुल 52 टीमों ने भाग लिया और करीब 15 दिन प्रतियोगिता चली। फाइनल मुकाबला बहुत रोचक रहा। सुजानगढ़ टीम ने पहले खेलते हुये 12 ओवर में 133 रन बनाये। लक्ष्य का पीछा करते हुये राजगढ़ टीम ने 132 रन बनाये और 1 रन से फाइनल मुकाबला हार गयी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं फाउण्डेशन के डायरेक्टर एम.डी. चोपदार ने विजेता टीम को ट्रॉफी एवं 71,000 रुपए की नकद राशि एवं उपविजेता टीम को ट्रॉफी एवं 41,000 रुपए की नकद राशि देकर सम्मान किया। इस अवसर पर मैन ऑफ द मैच एवं मैन ऑफ द सीरीज, बेस्ट बेस्टमैन, बेस्ट बॉलर, बेस्ट फिल्डर का भी सम्मान किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एम. डी. चोपदार का ग्रामवासियों ने 51 किलो की माला पहनाकर एवं साफा ओढाकर तथा मोमेन्टो देकर सम्मान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये एम.डी. चोपदार ने कहा कि मैं लालपुरवासियों का एहसानमंद हूं जिन्होंने दिन-रात एक कर इस विशाल नाईट टूनार्मेंट का भव्य आयोजन करवाया। श्री चोपदार ने इस अवसर पर कहा कि लालपुर के स्टेडियम के लिये जो कार्य पेण्डिग है उन्हें मैं फाउण्डेशन के माध्यम से करवाने का प्रयास करूंगा। समारोह में गिरधारीलाल स्वामी पूर्व सरपंच लालपुर, सुखदेव जी सरावग, सुबेदार सुल्तान सिंह फाण्डी, सुबेदार रामचन्द्र महला, रामकुमार नूनियां, जी.एस.एस. अध्यक्ष रामचन्द्र सरावग, राजेश जांगिड़, रामचन्द्र स्वामी, विरेन्द्र पूनियां, सुमेर सिंह शेखावत, राजेन्द्र गुर्जर, अंसार पठान, असमल, बाबु भाई, बस्तीराम टांक, शिशराम सिरोहा, संदीप सोनी, अशोक जांगिड़, शिशपाल नूनियां, इंतजार हुसैन, प्रमेन्द्र सरावग, रमेश सिंह शेखावत एवं अनिल नूनियां आदि मंचासीन थे। इस अवसर पर संयोजक टीम के इकबाल लालपुरियां, मो. फारूक पठान, महनूसिंह, हारून लालपुरिया, एम.जे. दिनेश, मकसूद भाई, इरफान, बिलाल, अंकित, पंकज, रियासत, समीर, अजय टांक, वीरसिंह शेखावत, प्रदीप स्वामी, रोमन, संदीप टांक, अमीत, खुशी मो., वासु जांगिड़, विकास टांक, अभिषेक, मोहित फांडी, अब्दुल अजीज, अभिषेक स्वामी, संदीप, संदीप सोनी एवं अंकित तथा फाउण्डेशन के टीपू सुल्तान, ईमरान राईन मंडेलिया, सलीम मोती, इस्तियाक कुरेशी, बाबु भाई फारूकी, एडवोकेट इरशाद फारूकी, प्रवीण शर्मा, युनुस रंगरेज, सैयद जीबरान, मनवर दीवान, इमरान कुरेशी, इमरान रहमानी, अनीश खान, याकुब काजी, इरफान पहाड़ियान आदि सदस्य मौजूद थे। कार्यक्रम में कमेन्ट्री अल्ताफ रामगढ़ व आरिफ खान नूआं तथा मंच का संचालन अजहर हुसैन भीमसर ने किया।

## सूचना केन्द्र में आयोजित होगा जिला स्तरीय आयुर्वेद दिवस एवं धन्वन्तरि जयन्ती समारोह

» मदरलैंड संवाददाता

झुन्झुनू। आयुष मंत्रालय भारत सरकार एवं आयुर्वेद विभाग राजस्थान सरकार की ओर प्रदत्त निदेशों की पालना में आयुर्वेद विभाग झुन्झुनू की ओर से रविवार 23 अक्टूबर 2022 को मध्याह्न 11.15 बजे सूचना केन्द्र सभागार में जिला स्तरीय आयुर्वेद दिवस एवं धन्वन्तरि जयन्ती समारोह आयोजित किया जायेगा। आयुर्वेद विभाग के उपनिदेशक डॉ. सुभाषचन्द्र भारद्वाज ने बताया की इस वर्ष का कार्यक्रम ₹हर दिन हर घर आयुर्वेद₹ थीम पर आयोजित किया जावेगा जिसमें परिचर्चा व संगोष्ठी के माध्यम से वर्तमान मे जीवनशैली जन्य बिमारियों यथा डायबिटिज, उच्च रक्तचाप, मोटापा, एनिमिया, अवसाद व तनाव, रोग प्रतिरोधक क्षमता की कमी आदि में आयुर्वेद के सामान्य चिकित्सा सिद्वान्तों से किस प्रकार बचाव किया जा सकता है, इस बारे में आमजन को जागरूक किया जावेगा। इस अवसर पर महामण्डलेश्वर स्वामी अर्जुनदास महाराज के सानिध्य में भगवान धन्वन्तरि की पूजा अर्चना के पश्चात 3 भामाशाह व 18 विभागीय कार्मिकों को सम्मानित किया जावेगा। भामाशाह वर्ग में सेठ ताराचन्द खेतान रामपुरा, श्री ब्रिजेन्द्र सिंह आबूसरिया आबूसर, श्री अब्दुल कय्यूम फातिमा फामेर्सी नुआ, चिकित्सक वर्ग में डॉ. महेश कुमार माटोलिया, बीडीके अस्पताल झुन्झुनू, डॉ. राजेन्द्र कुमावत ढहरयान बावड़ी, डॉ. कविता कुमावत भालोठ, डॉ. राकेश माहिच बलरिया, डॉ. सुनिता कुमारी बड़वासी, डॉ केशर काजला बेरी, डॉ. पवन कुमार माकड़ो नर्स कम्पाउण्डर वर्ग में मेहरबानी झुन्झुनू, मंजू झाझड़िया डूमोली खुर्द, सुमन लुटू रीतु सागा, कपिल कुमार अलीपुर व अन्य वर्ग में नरेन्द्र कुमार कनिष्ठ सहायक, राजबाला नीम की ढाणी, रतन सिंह जैतपुरा, संदीप शर्मा केहरपुराकलां योग प्रशिक्षक पवन कुमार आलड़िया खाजपुर नया, पूनम कुमारी अलीपुर को सम्मानित किया जावेगा।

## त्योहार पर पहले ही दिन पुलिस की यातायात व्यवस्था ध्वस्त

### जाम से कराह उठा शहर

» मदरलैंड संवाददाता

बिजनौर। दीपावली पर्व पर बाजारों में शनिवार से ई-रिक्शा व वाहनों का प्रवेश बंद करने का दावा एक दिन पहले ही पुलिस ने किया था। दीपावाली पर बाजारों में भीड़ व जाम की समस्या को लेकर रूट प्लान तैयार किया गया था। इसके लिए बाजार के आसपास कई स्थानों पर यातायात पुलिसकर्मियों की ड्यूटी भी लगाई गई। ङ्घ लेकिन पहले ही दिन यातायात व्यवस्था ध्वस्त होने लगे जाम के कारण शहर कराह उठा।

बाजारों में दीपावली पर्व पर खरीदारी करने के लिए ग्राहकों की भीड़ रहती है। वहीं ई-रिक्शा व अन्य वाहन जाम की समस्या ईजाद करते हैं। इसी कारण यातायात पुलिस ने जाम की समस्या से निपटने के लिए रूट प्लान तैयार किया। व्यवस्था ये बनाई गई की सरार्फा चौराहे (पुरानी तहसील) से लेकर शास्त्री चौक तक ई-रिक्शा, बाइक व अन्य वाहनों का प्रवेश बंद रहेगा। इसके लिए सरार्फा चौराहा, डाकघर चौराहा, राम का चौराहा, बुल्ला का चौराहा, नगर पालिका चौराहा, पंकज होटल के सामने की गली समेत सिविल लाइन की सभी गलियों पर यातायात पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे, ताकि गलियों से भी कोई सिविल लाइन व मुख्य बाजार में प्रवेश न कर सके। ये भी तय था कि यदि कोई ई-रिक्शा व वाहन सिविल लाइन व मुख्य बाजार में दिखाई दिया, तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसके बावजूद सारी व्यवस्था धरी की धरी रह गई।

पहचान पत्र देख कर ही सिविल लाइन में मिलेगा प्रवेश

पुलिस ने सिविल लाइन में उसी हल्के चार पहिया



वाहन को प्रवेश देने का प्लान बनाया, जिसके स्वामी का घर इस एरिया में होगा। इसके लिए वाहन स्वामी को अपना पहचान पत्र दिखाना होगा। इसके अलावा दो दिन बाइकों पर भी प्रतिबंध की योजना बनाई गई। अस्थाई पार्किंग भी नगर पालिका कार्यालय, टाउन हॉल परिसर, नगर पालिका टंकी परिसर, पुरानी तहसील, जीआईसी व जीजीआईसी के पास, बिजनौर क्लब आदि स्थानों पर इसलिए बनानी थी कि लोग अपने वाहन आसानी से पार्क कर सकें।

एसपी सिटी का कहना* शनिवार से लेकर सोमवार तक शहर में ई-रिक्शा, बाइक व अन्य वाहनों का प्रवेश बंद रहेगा। इसके लिए बाजार के आसपास पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं, अस्थाई पार्किंग भी बनाई गई है।

प्तएसपी सिटी डा. प्रवीण रंजन सिंह

## बस्ती वालों से मारपीट कर फायरिंग करने का आरोप

### कार्रवाई की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट पर महिलाओं को प्रदर्शन



» मदरलैंड संवाददाता

झुंझुनूं। मोडा पहाड़ स्थित सहरिया कॉलोनी के लोगों ने न्याय की मांग को लेकर शनिवार को कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। बस्ती के लोगों का आरोप है कि कुछ महिलाओं ने युवकों को बुलाकर बस्ती के लोगों को परेशान किया जा रहा है, मारपीट कर जान से मारने की धमकियां दी जा रही है। विरोध प्रदर्शन के बाद बस्ती की महिलाएं एसपी से मिली तथा सुरक्षा की गुहार लगाई। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रही। महिलाओं ने बताया की इससे पहले भी कई बार पुलिस में शिकायत की गई थी, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नही की गई महिलाओं ने बताया की बस्ती की कुछ तथाकथित महिलाओं की ओर से उन्हें परेशान किया जा रहा है, उनके बच्चो के साथ मारपीट की जा रही है, कॉलोनी के लोगों को घर से निकलने में भी डर लग रहा है। उन्होंने बताया कि गत रात्रि को 10 बजे के लगभग बस्ती में रहने वाली प्रमिला नामक महिला 15-20 लोगों को लेकर बस्ती में घुस गई। उनके हाथों में हॉकी, लोहे के सरिए व डंडे थे, सब ने अपने अपने मुंह कपडे से ढक रखे थे, कुछेक के हाथ में पिस्टल भी थी तथा बस्ती के लोगों के साथ मारपीट करने लगे, जान से मारने की धमकियां भी दी। कॉलोनी की महिलाओं का आरोप है कि युवकों की ओर से फायरिंग भी की गई।

कॉलोनी कि रामादेवी ने बताया की एक वर्ष पहले प्रमिला, सुनीता तथा नीलम नामक महिलाएं बस्ती में आकर रहने लगी थी। उसके बाद ही से इन तीनों की ओर से बस्ती के लोगों को परेशान किया जा रहा है। रात के समय गुंडों को बुलाकर बस्ती के लोगों को परेशान किया जा रहा है, बस्ती के बच्चे घर से निकलने में भी डर रहें है, हर समय यहां आवारा युवकों को जमावड़ा रहता है तथा झगड़ा फसाद करते रहते है। बस्ती की अन्य महिलाओं ने बताया की जब से यह महिलाएं कॉलोनी में आई तब से बस्ती के लोगों का जीना हराम कर रखा है। बच्चे बाहर निकलने में डर रहें है, बच्चों के साथ मारपीट की जाती है। बस्ती की महिलाओं ने पुलिस अधीक्षक से मिलकर कार्रवाई की मांग की है। इस दौरान सुशीला, राजबाला, माया, शारदा, सरोज, इमरता, विमला, सरजीत, विजेन्द्र, संगीता सहित बड़ी संख्या में बस्ती के पुरुष व महिलाएं आदि मौजूद थें। कुछ लोगों ने बताया कि पुलिस को सबकुछ पता है परन्तु पुलिस जानबूझकर कोई कार्रवाई नहीं करती।

## 'माटी कहे कुम्हार से, तू रौंदे है मोहे, इक दिन ऐसा आयेगा, मै रौंदूंगी तोऐ' वाली कहावत प्रजापति समाज के चरितार्थ हो रही है

» मयंद मोहन, मदरलैंड संवाददाता

नूंह/मेवात। माटी कहे कुम्हार से, तू रौंदे है मोहे, इक दिन ऐसा आयेगा, मै रौंदूंगी तोऐह्लह्ल वाली कहावत मेवात के मिटटी के कुटीर उद्योग जगत से जुड़ी प्रजापति जाति पर सटीक बैठ रही है। इस बार बेमौसमी बरसात, मिटटी के कुटीर उद्योग के लिए चिकनीं मिटटी का ना मिलना और दिशावर व बाजारों में मिटटी से बनी वस्तुओं की डिमांड ना होने से इस व्यवसाय से जुड़े मेवात जनपद के सैकड़ों परिवार मंदी की मार से हाशिऐ पर आते जा रहे है।

हांलाकि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा ह्यमेक इन इण्डियाह्ल के नारे से कस्बा व आसपास मेवात क्षेत्र से सैंकड़ों मिटटी के बर्तन व सामान बनाने वाले कुम्हार परिवारों को इससे उम्मीद जगी और विदेशी चीनी सामान की उनके कारोबार पर पड़ रही मार पर लगाम लगना शुरू हो गया है। लेकिन अभी तक उनका सपना साकार ना होने और बाजार में मिटटी से निर्मित वस्तुओं की विदेशी सामान के आगे चमक फीकी ही पड़ रही है। कुम्हार जाति के लोगों की माने तो उनके कारोबार के लिए आसपास मिटटी ना रहने से वह दूर-दराज के क्षेत्रों से जैसे-तैसे मिटटी मंगवाकर अपने कारोबार में लगे हुए हैं। जबकि पुरानी पद्वती व धुंआ आदि होने से



आस पास के लोगों के प्रकोप का शिकार भी होना पड़ रहा हैं।

प्रकाश, राजू, भगवाना, शंकर, जगदीश, विजयपाल, किशनलाल , प्रकाशचंद, मंगत आदि कुटीर उद्योग से जुड़े परिवारों का कहना है कि वह वर्षो से अपने पारम्परिक व्यवसाये में एक मिशन के तौर पर लगे हुए हैं, खासकर त्यौहारों के मौके पर मिटटी से निर्मित वस्तुऐं बनाने का काम शुरू किये हुए हैं लेकिन विदेशी सामान के आगे उनके दीपकों की लो फीकी ही नजर आ रही है। उन्होंने बताया कि आसपास क्षेत्र में मिटटी ना मिलने से वह जैसे-तैसे दूर-दराज के क्षेत्रों से मिटटी लाकर अपने पारम्परिक कारोबार में गति दे रहे है लेकिन माल की मांग ना होने से उनके परिवार अब बेघर हो रहे है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के ह्यमेक इन इण्डिया ह्यसे भी उन्हें उम्मीद जगी है लेकिन उनके अलावा अन्य समाज के लोग भी अब इस धंधे में लगने व रेडिमेट माल लाने से उनकी रोजी रोटी खतरे में आ गई है।

हांलाकि, लोगों द्वारा चीनी सामान का बहिष्कार से उनके व्यापार में कुछ उछाल तो आया है लेकिन सालभर का दाना-पानी जोडना भारी पड़ रहा है। उन्होंने आगे बताया कि उनके कारोबार में अब तकनीकी ने जन्म लिया है और बिजली के चाक व अन्य यंत्रों से कुछ समस्या हल हुई है और बाजार में उनके माल की अच्छी कीमत मिलने लगी हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने दी प्रधानमंत्री को विदाई



देहरादून, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तराखंड के दो दिवसीय दौरे के पश्चात शनिवार को राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से. नि.) तथा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जौलीग्रांट एयरपोर्ट देहरादून में प्रधानमंत्री को विदाई दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री को अल्मोड़ा के प्रसिद्ध बाल मिठाई एवं ब्रह्मकमल से सुसज्जित टोपी भेंट की। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ऋतु भूषण खंडूरी, सांसद माला राज्यलक्ष्मी शाह, पूर्व केंद्रीय मंत्री तथा सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक, कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या तथा अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

### धनतेरस पर बाजारों में बढ़ी रौनक

मसूरी, एजेंसी। पर्यटन नगरी में धनतेरस के पर्व पर लोगों ने जमकर खरीदारी की। इस मौके पर विशेषकर लंढौर बाजार में खदीददारों की भारी भीड़ उमड़ी, जिससे व्यवसायियों के चेहरे खिल गये। पर्यटन नगरी मसूरी में धनतेरस का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर लोगों ने जमकर खरीददारी की धार्मिक मान्यता है कि धनतेरस पर नये बर्तन खरीदने से समृद्धि आती है, वहीं लोग इस मौके पर विशेष रूप से चांदी के सिक्के खरीदते हैं। इसके साथ ही अन्य सामान भी रखीदते हैं जिस कारण लंढौर बाजार में विशेष रौनक रही व खरीददारों की भारी भीड़ उमड़ी। दीपावली पर्व पर लंढौर बाजार में मेला जैसा लगा रहता है व पूरी मसूरी के लोग खाने पीने से लेकर सजावट, बर्तन, मिठाई, सहित सभी प्रकार के उपहारों की दुकाने सजी रहती हैं। पूरी मसूरी के लोग लंढौर बाजार में खरीददारी करने आते हैं। हालांकि सभी दुकानों पर भीड़ रही लेकिन विशेष कर सरार्फ की दुकानों और बर्तन की दुकानों पर भारी भीड़ उमड़ी रही जिससे व्यापारियों के चेहरे खिले रहे। आतिशबाजी की दुकानों पर भी खासी भीड़ रही व लोगो ने पटाखे भी रखीदे धनतेरस पर दुकानों में जमकर धनवर्षा हुई। इस अवसर पर स्वर्णकार संघ मसूरी के अध्यक्ष उपेंद्र पंवार ने बताया कि इस बार धनतेरस पर भारी भीड़ उमड़ रही है और व्यापारियों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। वहीं पूर्व सभासद बीना पवार ने बताया कि लंढोर बाजार में दूर-दूर से लोग खरीदारी करने के लिए आते हैं इस बार भी यहां पर लोगों का हुजूम देखने को मिल रहा है और व्यापार में अच्छी वृद्धि हो रही है।

### ओवरऑल चैंपियन बना वाइनबर्ग एलन स्कूल

मसूरी, एजेंसी। वाइनबर्ग-एलन स्कूल, मसूरी ने 21वीं इंटर-स्कूल आमंत्रण एथलेटिक्स मीट-2022 आयोजित की। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि ओकग्रोव के प्रधानाचार्य अभिषेक केसरवानी मौजूद रहे प्रतियोगिता में देहरादून, मसूरी और आसपास के कई स्कूलों ने हिस्सा लिया। मीट की शुरूआत एथलीटों द्वारा वाइनबर्ग-एलन बैंड द्वारा बजाई गई मार्चिंग धुनों पर भव्य मार्च पास्ट के साथ हुई। मुख्य अतिथि द्वारा मार्च पास्ट के बाद मीट का उद्घाटन किया गया। प्रतियोगिता के दौरान प्रतियोगिताओं में कई नए रिकॉर्ड बनाए गए। वाईनबर्ग-एलन को लड़कों और लड़कियों दोनों वर्ग में समग्र चैंपियन घोषित किया गया। अतं में मुख्य अतिथि अभिषेक केसरवानी ने विजेताओं को प्रमाण पत्र और ट्राफी प्रदान की। इस मौके पर वाइनबर्ग एलन स्कूल के प्रधानाचार्य लेस्ली टिंडेल ने सभी विजेताओं को बधाई दी और कहा कि यह प्रतियोगिता विगत सौ वर्षो से आयोजित की जा रही थी, लेकिन बीच में बंद कर दी गई, जिसे फिर से शुरू किया गया।

### सूर्य ग्रहण के दौरान बंद रहेंगे चार धाम के मंदिर

देहरादून, एजेंसी। प्रदेश के पर्यटन, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने कहा है कि सूर्य ग्रहण के दौरान चार धाम मंदिर के मंदिर बंद रहेंगे। महाराज ने कहा है कि कि सूर्य ग्रहण पर 25 अक्टूबर को 12 घंटे पहले सूतक प्रारंभ हो जायेगा। इसलिए प्रातः 4 बजकर 26 मिनट पर सूर्य ग्रहण से ठीक पहले चार धाम मंदिर बंद हो जायेंगे। उन्होंने बताया कि 25 अक्टूबर शाम 5 बजकर 32 मिनट तक ग्रहण काल रहेगा। उन्होंने कहा कि इसलिए ग्रहणकाल तक चारों धाम सहित छोटे बड़े सभी मंदिर बंद रहेंगे। उन्होंने कहा कि ग्रहण समाप्ति पश्चात मंदिरों में साफ सफाई कार्य तथा शांयकाल अभिषेक तथा शयन पूजा और आरती संपन्न होंगी।

# प्रेषित प्रस्तावों के निस्तारण में सहयोग के लिए दो आईएएस अधिकारी नोडल अधिकारी नामित

## विधायकों को बार-बार देहरादून आने से मिलेगी निजात, नहीं होगा समय बर्बाद



देहरादून, एजेंसी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा उत्तराखण्ड राज्य के विकास में दलीय सीमा से उपर उठकर पुनः एक कदम और बढ़ाया है। श्री धामी द्वारा समस्त विधायकों को सचिवालय स्तर पर उनके द्वारा प्रेषित प्रस्तावों के निस्तारण में सहयोग हेतु दो आईएएस अधिकारियों को नोडल अधिकारी नामित किये जाने की सूचना देने हेतु धनतेरस ध्दीपावली के उपहार स्वरूप विशेष पत्र प्रेषित किया है। विधायकों को अपने क्षेत्र में निरन्तर क्षेत्र भ्रमण करने की आवश्यकता होती है। क्षेत्र भ्रमण के दौरान संज्ञान में आने वाली जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण और क्षेत्र के विकास से सम्बन्धित योजनाओं के प्रस्तावों पर सचिवालय स्तर पर सम्बन्धित विभागों से चर्चा, विमर्श आदि के लिए बार-बार देहरादून भी विधायकों को आना पड़ता है। बार-बार देहरादून आने से जहाँ एक ओर विधायकगणों का जनसम्पर्क एवं क्षेत्र भ्रमण का कार्य प्रभावित होता है, वहीं दूसरी ओर राजकीय समय व संसाधनों का भी व्यय होता है। मुख्यमंत्री धामी द्वारा विधायकगणों की इस समस्या का समाधान करने के प्रयास में विधायकगणों के द्वारा समय-समय पर उठाये गये विषय या विकास योजनाओं की प्राशासनिक / वित्तीय स्वीकृति से सम्बन्धित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण में सहयोग एवं समन्वय हेतु अखिल भारतीय प्रशासनिक सेवा के अपर सचिव स्तर के दो अधिकारियों को नोडल अधिकारी नामित किया है। कुमाऊँ मण्डल के विधायकों के सहयोग हेतु नवनीत पाण्डे व गढ़वाल मण्डल के विधायकों के सहयोग हेतु ललित मोहन रयाल अपर सचिव मुख्यमंत्री को उक्त दायित्व सौंपा गया है।

दोनों ही नोडल अधिकारियों का दायित्व होगा कि अपने-अपने मण्डल से सम्बन्धित विधायकगण से प्राप्त प्रस्तावों के त्वरित निस्तारण के सम्बन्ध में सम्बन्धित विभागों से समन्वय करते हुए विधायकगण को वस्तुस्थिति से अवगत करायेंगे। मुख्यमंत्री धामी द्वारा अभी कुछ दिन पूर्व ही समस्त विधायकों से दलीय सीमा से ऊपर उठकर राज्य के विकास हेतु 10-10 विकास योजनाओं के प्रस्ताव आमंत्रित किये गये है और अब पुनः समस्त विधायकों को सचिवालय स्तर पर प्राप्त प्रस्तावों के तत्परता से यथोचित निस्तारण में सहयोग हेतु दो आईएएस अधिकारियों को इस प्रकार की जिम्मेदारी दिया जाना उत्तराखण्ड के विकास में सबको साथ लेकर चलने का एक और अभिनव प्रयास है, और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मूल मंत्र सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास का उत्कृष्ट अनुकरण है।

## हिमालयी क्षेत्र के धामों में मानवीय आवाजाही पूर्ण रूप से प्रतिबंधित की जाएः शांति ठाकुर

देहरादून, एजेंसी। ग्लेशियर लेडी के नाम से प्रसिद्ध शांति ठाकुर ने कहा है कि आज के परिवेश में हिमालय को बचाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हिमालयी क्षेत्र के धामों में मानवीय आवाजाही को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया जाये, जिसके लिए व्यापक स्तर पर जनजागरण अभियान चलाया जायेगा। आज परेड ग्राउंड स्थित उत्तरांचल प्रेस क्लब में पत्रकारों से वार्ता करते हुए उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार की नमामि गंगें के माध्यम से गंगा की सफाई के लिए कार्य किया गया लेकिन धरातल पर कोई भी काम सामने नहीं दिखाई दिया है। उन्होंने कहा कि गढमुक्तेश्वर के साथ ही साथ गंगासागर तक गंगा में गंदगी फैली हुई है। कानपुर, प्रयागराज, बनारज, कोलकाता भी इससे अछूता नहीं है जिसकी सफाई की ओर किसी का भी ध्यान नहीं जा रहा है। अब हिमालयी क्षेत्रों में मानवीय आवाजाही को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित करने की आवश्यकता है इसके लिए सरकार को ठोस कदम उठाने होंगे। उन्होंने कहा कि 2007 में भी जनहित याचिका दायर की गई थी, उस दौरान हाईकोर्ट ने सख्त रवैया अपनाया था। उन्होंने कहा कि यदि जल्द ही सरकार की ओर से ठोस कदम नहीं उठाये गये तो वह एक बार फिर से हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटायेगी और वह इसके लिए अभी से ही सभी प्रकार की तैयारियां कर रही है। उन्होंने कहा कि पिछले 22 सालों से हिमालय के संरक्षण, गंगोत्री ग्लेशियर की स्थिति खराब हो रही है और यह गंगा के अस्तित्व के लिए खतरा है। वहीं दूसरी ओर नदियों के संरक्षण के नाम पर अनावश्यक रूप से पैसा बहाया जा रहा है लेकिन फिर भी गंगा में गंदगी ही गंदगी दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि वह खुद ही एक उदाहरण है कि उन्होंने गंगोत्री से गंगासागर तक क्लश यात्रा निकाली और उसके माध्यम से जहां जहां वह गई उन्होंने गंगा में गंदगी पाई। इन स्थानों पर गंगा मां पर सफाई करने की व्यापक स्तर पर स्थानीय शासन प्रशासन की जिम्मेदारी होनी चाहिए, लेकिन इस ओर कोई भी ध्यान नहीं दे खरा है और यहां तक की गंगा किनारे गंदगी का आलम है। उन्होंने कहा कि लगातार ग्लोबल वार्मिंग को जिम्मेदार ठहराये जाने की बात कही जाती है लेकिन यह कुछ हद तक ठीक है मानवीय आवाजाही को प्रतिबंधित किया जाता है तो यह सब कुछ रूक जायेगी।

## उत्तराखंड- चमौली में भूस्खलन की भेंट चढ़े तीन मकान, चार लोगों की मौत एक घायल



चमोली, एजेंसी। उत्तराखंड के चमौली में भूस्खलन के चलते तीन मकान धराशायी हो गए और चार लोगों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार उत्तराखंड में चमोली जिले के थराली क्षेत्र में तीन मकानों के भूस्खलन की चपेट में आने से दो महिलाओं सहित एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गयी जबकि एक अन्य घायल हो गया। थराली के उपजिलाधिकारी रविंद्र सिंह जुआंटा ने बताया कि थराली की पिंडर घाटी में बसे पैनगढ़ गांव में हादसा शुक्रवार आधी रात के बाद करीब डेढ़ बजे हुआ। उन्होंने बताया कि पहाड़ों में हुए भूस्खलन की वजह से भारी बोल्डर (चट्टाने) गांव के तीन मकानों पर आ गिरे।

उन्होंने बताया कि बोल्डर से मकान पूरी तरह ध्वस्त हो गए और उनमें से एक मकान में रहने वाले परिवार के पांच सदस्य मलबे में दब गए। जुआंटा ने बताया कि सूचना मिलते ही राहत एवं बचाव दल मौके पर पहुंच गया था। उन्होंने कहा किराज्य आपदा प्रतिवादन बल (एसडीआरएफ), राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) तथा स्थानीय बचाव दलों ने मलबे में फंसे लोगों को बाहर निकाला।

जुआंटा ने बताया कि हादसे में बचुली देवी (75) की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि उनके दो पुत्रों, 57 वर्षीय देवानंद, 45 वर्षीय घनानंद और उनकी पुत्रवधु (घनानंद की पत्नी)37 वषीर्या सुनीता ने उपचार के दौरान दम तोड़ा। घटना में घनानंद का 15 वर्षीय पुत्र योगेश घायल हो गया जिसका थराली के अस्पताल में इलाज किया जा रहा है।

# विस अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी ने सीएम धामी को दी दीपावली की शुभकामनाएं

- सीएम से किया कोटद्वार क्षेत्र में मुख्यमंत्री घोषणा के तहत विभिन्न योजनाओं एवं कार्यों को शीघ्र स्वीकृति दिए जाने का आग्रह



देहरादून, एजेंसी। उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने आज मुख्यमंत्री आवास पहुंच कर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भेंट कर उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने प्रदेश के विकास से संबंधित विभिन्न विषयों पर वार्ता की, खासतौर पर कोटद्वार क्षेत्र में मुख्यमंत्री घोषणा के तहत विभिन्न योजनाओं एवं कार्यों को शीघ्र स्वीकृति दिए जाने का आग्रह मुख्यमंत्री से किया। इस अवसर पर इस मुलाकात के दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने 17 अगस्त को कोटद्वार में संपन्न हुए कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा कोटद्वार के विकास में की गई 18 घोषणाओं को लेकर बातचीत की। उन्होंने कहा कि इन घोषणाओं में कण्वाश्रम में चक्रवर्ती सम्राट भरत की प्रतिमा (स्वमेव मृगेंद्रता) व कण्वाश्रम का सौन्दर्यीकरण, कोटद्वार विधान सभा में प्रवेश द्वार का निर्माण, अर्द्ध सैनिक बलों के लिए कैन्टीन परिसर का निर्माण, शहीद स्थल का निर्माण, वन विभाग द्वारा मिनी जू का निर्माण, कलालघाटी-मवाकोट मार्ग पर पुल का निर्माण शामिल है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा कोटद्वार-कालागढ़ मोटर मार्ग के समीप कोल्हूचैड नदी पर पुल, लालपानी- सनेह मोटर मार्ग पर पुलिया निर्माण, तेली स्त्रोत नाले पर स्पान बाक्स कनवर्ट निर्माण, कोटद्वार विधान सभा के आन्तरिक रोड के सुधारीकरण के लिए 10 करोड़ रुपए, कोटद्वार क्षेत्र में बॉयी खो नहर के पुनरोद्धार की योजना, सिगड्डी नहर की मरम्मत कार्य की योजना, मालन नदी पर बने बॉयी मालन नहर के साईफन एवं सिल्ट ईजेक्टर की बाढ़ से सुरक्षा कार्य की योजना, प्रमुख चैराहों पर हाईमास्ट लाइट की स्वीकृति करने की बात की गई। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार से कालागढ़ क्षेत्र में सोलर स्ट्रीट लाइट स्थापित का कार्य, कालागढ़ राम गंगा नदी के पावन तट पर मुक्तिधाम एवं स्नान घाट का निर्माण, सुरक्षा हेतु सीसीटीवी कैमरों की आवश्यकता, कोटद्वार-पौड़ी राष्ट्रीय राजमार्ग को चार धाम यात्रा मार्ग मे सम्मिलित करना, चार धाम यात्रा के लिए हैली सेवा की सुविधा, इन्डोर स्टेडियम, कालागढ में चिकित्सा सुविधा हेतु एम्बुलैन्स, सिडकुल का विस्तारीकरण, गंवई स्त्रोत में जीएमओयू बस अड्डा के लिए वन विभाग द्वारा जमीन हस्तान्तरण हेतु स्वीकृति हेतु विषयों पर वार्ता की।

# धनतेरस पर गुलजार रहे राजधानी के बाजार

## लोगों ने सोना, चांदी के साथ बर्तनों की भी की खरीददारी

देहरादून, एजेंसी। दीपावली त्यौहार के उपलक्ष्य में आज धनतेरस पर राजधानी के बाजारों में काफी रौनक और चहल पहल देखने को मिली। वहीं राजधानी के बाजार गुलजार रहे। लोगों ने सोना, चांदी के साथ ही बर्तनों की खरीददारी की। इस दौरान महंगाई के बीच यह साबित कर रहा हैं कि महंगाई हो न हो लेकिन त्यौहार पर खुशियां घर तक ले जाने का हक हर किसी को हैं वहीं लोगों ने बर्तनों, सोना, चांदी, मिठाई व आतिशबाजी, लड़ियों की भी खूब खरीददारी की। इस अवसर पर धनतेरस पर पल्टन बाजार से लेकर धामावाला बाजार, दिलाराम बाजार, सरनीमल बाजार, राजपुर रोड, धर्मपुर, रेसकोर्स, गढ़ी कैंट, आराघर, शास्त्रीनगर, क्लेमेनटाउन बाजार, और अन्य बाजारों में खासी भीड़ देखी गयी। इस दौरान ग्राहकों द्वारा देसी टेस्ट के साथ ही साथ चाईनिज आईटमों को भी खरीदते हुए दिखाई दिये जो यह साबित करने में काफी होगा कि अब बाहर से बनकर अपने शहर में आने वाली सामग्रियों का जादू लोगो के सिर चढ़कर बोलने लगा हैं। इस दौरान बाजार में लाल मिटट्री से बने दीयों को ज्यादा पसंद कर रहे हैं और उनकी खरीददारी भी की गई। वहीं दूसरी ओर घर की सजावटी चीजों को खरीदने में भी लोग पीछे नहीं हट रहें है। इस अवसर पर लोग रंग बिरंगी झालर से लेकर लाईटिंग लैम्प और शुभ दीपावली का टैग लोगों को खूब भा रहा है और लोग उनकी जमकर खरीददारी कर रहे है जिनके दाम भी पिछले साल के मुकाबले ज्यादा बढे हुए हैं। इसी तरह रंगोली कलर का रेट भी बढ़ गया है। महंगाई के इस दौर में भी खूब खरीददारी की जा रही हैं। जिनमें घर की सजावटी आईटमों से लेकर अन्य खाद्य सामग्रियों को भी पीछे नहीं छोड़ा जा रहा है। इसी तरह विभिन्न रंगों से रंगे दीये और डिजाईनिंग दीये भी महंगे होते जा रहे हैं जिनका मूल्य पिछले साल के मुकाबले ज्यादा बढ़ गया है। इस दौरान मोमबत्ती भी बाजारों में सजी हुई हैं उसे खरीदा जा रहा हैं, वहीं इसके साथ ही साथ अन्य आर्टीफिशियल मोमबत्तियों को खरीद कर अपने घर की शोभा बढ़ायी जा रही है। वहीं मिट्टी के दीए खरीदने वालों में भी काफी उत्साह दिखाई दिया। मिष्ठान भंडारों में खासा भीड़ देखने को मिल रही है जहां पर पहले आओ पहले पाओं की स्थिति भी बनी हुई है।

## आचार्य श्री 108 सौरभ सागर महाराज के 52वें परोपकार दिवस पर जनहित में किए विभिन्न प्रकार के परोपकार कार्य

देहरादून, एजेंसी। संस्कार प्रणेता आचार्य श्री 108 सौरभ सागर महाराज के 52वें परोपकार दिवस (जन्म दिवस) के अवसर पर श्री दिगम्बर जैन पंचायती मंदिर एवं जैन भवन, गांधी रोड पर विभिन्न प्रकार के परोपकार कार्य जन हित मे किये गये। इस अवसर पर इसी के साथ जैन भवन में स्थित भगवान आदिनाथ धर्मार्थ औषधालय में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, रक्तदान शिविर, फिजियोथरेपी, कोविड वैक्सीनेशन बूस्टर डोज एव चाइल्ड डोज, लगाई गयी। इस अवसर पर जिसमें आदिनाथ औषधालय के डॉक्टर नीरज उपाध्याय, डॉक्टर आरके जैन, डॉक्टर मित्तल, के साथ सुभारती हॉस्पिटल के डॉक्टर केकेबीएम ने उपस्थित होकर जन सेवा मे सहयोग किया। इस अवसर पर सौरभ सागर सेवा समिति के अध्यक्ष सचिन जैन द्वारा बताया गया कि प्रत्येक वर्ष 22 अक्टूबर को गुरुदेव सौरभ सागर महाराज का परोपकार दिवस बड़े उत्साह एवं धूमधाम के साथ मनाया जाता है एवं अधिक से अधिक जन हित में परोपकार कार्य इस दिन किये जाते हैं। उन्होंने बताया कि परोपकार कार्य की इसी श्रृंखला में पक्षियों के लिए दाना भी डाला गया। इस अवसर पर जैन भवन के मंत्री संदीप जैन द्वारा बताया गया कि भगवान महावीर स्वामी का निर्वाण महोत्सव 25 अक्टूबर को सामूहिक रूप से श्री दिगम्बर जैन पंचायती मंदिर एव जैन भवन में मनाया जायेगा जिसमें प्रातः भगवान का अभिषेक शांतिधारा कर प्रातः 8.30 बजे सामूहिक निर्वाण लड्डू चढ़ाया जायेगा।

# हरीश रावत का धरना राजनीति से प्रेरित प्रपंचः आप

## जनता का ध्यान आकर्षित करने का प्रयास कर रहे हरदाः रविंद्र सिंह आनंद



देहरादून, 22 अक्टूबर। आज आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता व गढ़वाल मीडिया प्रभारी रविंद्र सिंह आनंद ने एक बयान जारी कर पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के बहादराबाद थाने के बाहर चल रहे धरने को राजनीति से प्रेरित प्रपंच करार दिया। उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा हरीश रावत लंबे समय से इस प्रकार की चीजें करते रहते हैं कि जिससे जनता का ध्यान उनकी ओर आकर्षित हो, चाहे सड़क पर भुट्टा या पान ही क्यों न खाना पड़े उन्होंने कहा कि हरीश रावत अपनी कमजोर हो रही राजनीति को बचाने के प्रयास में इस प्रकार की चीजें करते रहते हैं। उन्होंने आगे कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए भी हरीश रावत का यह धरना एक नया प्रपंच ही है क्योंकि 2024 में लोकसभा चुनाव प्रस्तावित हैं और हरीश रावत हरिद्वार लोकसभा से चुनाव लड़ भी चुके हैं और सांसद भी रह चुके हैं, लेकिन कांग्रेस में घर वापसी कर चुके ह्यह्यहरक सिंह रावतह्णह्ण उनकी राहों का रोड़ा हैं और कहीं ना कहीं दोनों नेताओं के मन में हरिद्वार लोकसभा से लड़ने का विचार है इसलिए भी हरीश रावत हरिद्वार लोकसभा में एक्टिव रहना चाहते हैं। रविंद्र ने आगे कहा कि गौरतलब है कि हरिद्वार ग्रामीण से उनकी बेटी अनुपमा रावत विधायक हैं इसका भी फायदा हरीश रावत लेना चाहते हैं इसलिए बेटी के सहारे हरिद्वार लोकसभा को मजबूत करने के लिए उसके हर कार्यक्रम में पहुंच जाते हैं। उन्होंने कहा कि हरीश रावत इस धरने से कांग्रेस कार्यकताओं में सेंध लगाने का काम भी कर रहे हैं क्योंकि कांग्रेस हमेशा से गुटों में बटी रही है इसलिए हरीश रावत संगठन में भी सेंधमारी कर रहे हैं। अब देखना यह होगा कि इस धरने से हरदा को कितना लाभ होता है। उन्होंने कहा कि इस बहाने हरदा केंद्र को हरिद्वार लोकसभा में स्वयं की उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। रविंद्र आनंद ने आगे कहा कि हरीश रावत कांग्रेसी नेताओं के षड़द्वंत्रों में फसे रहते हैं ऐसे में हरिद्वार लोकसभा उनके लिए इतनी आसान नहीं होगी।

# स्वच्छता अच्छे स्वास्थ्य एवं प्रगतिशील जीवन का आधारः अनिल वर्मा



देहरादून, एजेंसी। यूथ रेडक्रास कमेटी के चेयरमैन अनिल वर्मा ने कहा कि स्वच्छता अच्छे स्वास्थ्य एवं प्रगतिशील जीवन का आधार है। आज यहां गांधी पार्क में अनिल वर्मा जिला राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के तहत गांधी पार्क से आयोजित जिला स्तरीय रैली तथा सिंगल यूज प्लास्टिक उन्मूलन श्रमदान के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों एवं स्वयंसेवी छात्र-छात्राओं को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने सिंगल यूज प्लास्टिक को मनुष्यों, पशुओं, जल तथा भूमि की उर्वरता के लिए अभिशाप बताया। इस अवसर पर कार्यक्रम अध्यक्ष व राज्य एन एस एस अधिकारी अजय अग्रवाल ने कहा कि आज जिस रफ्तार सु पर्यावरण प्रदूषण हो रहा है एवं जलवायु में परिवर्तन आ रहुं है वह सारे विश्व के लिए भयानक संकटों की दस्तक है। उन्होंने कहा कि जहां तक प्रश्न सिंगल यूज प्लास्टिक का है तो इसमें पालीथीन व दूध की थैलियां, प्लास्टिक की बोतलें, मोटा प्लास्टिक, चिप्स, नमकीन, शैम्पू ,गलास, प्लेट, चम्मच आदि से पर्यावरण को गंभीर क्षति पहुंच रही है। इस अवसर पर उन्होंने संकल्प व्यक्त किया कि एनएसएस उत्तराखंड को सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त करने में पूरी तत्परता से राज्य स्तर पर अभियान जारी रखेगा। इससे पूर्व मुख्य अतिथि यूथ रेडक्रास के चेयरमैन अनिल वर्मा तथा एनएसएस के राज्य अधिकारी अजय अग्रवाल ने रैली को गांधी पार्क से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर रैली घंटाघर, दर्शन लाल चैक, सेंट थॉमस, लैंसडाऊन चैक से पवेलियन ग्राउंड होते हुए परेड ग्राउंड पर समाप्त हुई। इस अवसर पर रैली में छात्र-छात्राएं पर्यावरण संरक्षण तथा सिंगल यूज प्लास्टिक उन्मूलन के नारे लगाते हुए जनजागरण करते रहे। इस अवसर पर तत्पश्चात रैली की विभिन्न टुकड़ियां श्रमदान हेतु अलग अलग स्थानों के लिए रवाना कर दी गई। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक व राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला समन्वयक डी आर रवि ने बताया कि स्वच्छ भारत अभियान 31अक्टूबर 2022 के तहत जिला राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा चलाए जा रहे जिला स्तरीय सिंगल यूज प्लास्टिक अभियान में देहरादून को 5000 किलोग्राम सिंगल यूज प्लास्टिक एकत्रित करने का लक्ष्य दिया गया है। उन्होंने कहा कि आज पूरे जिले में यह अभियान अलग-अलग क्षेत्रों में चलाया गया। इस अवसर पर एनएसएस के स्वयंसेवी छात्र-छात्राओं ने रैली के उपरांत श्रमदान कार्यक्रम के अन्तर्गत शहर देहरादून में सिंगल यूज प्लास्टिक उन्मूलन हेतु रेलवे स्टेशन, दून चिकित्सालय, परेड ग्राउंड, गांधी पार्क तथा पवेलियन ग्राउंड में लगभग 700 किलोग्राम नॉन बायोग्रेडिबल सिंथेटिक सामग्री एकत्रित करके नगर निगम को सौंपी गई। इस अवसर पर अन्य विद्यालयों के अनेकों छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

संक्षिप्त समाचार

## शहीद हुए पुलिस कर्मचारियों के घर सम्मान करने के लिए पहुंची पुलिस

मनमोहन शर्मा, मदरलैंड संवाददाता, हांसी। पुलिस अधीक्षक हांसी  नितिका गहलोत के दिशा निदेर्शानुसार आज प्रबंधक अफसर थाना सदर   सुरेंद्र कुमार अपने स्टाफ के साथ गांव ढाणा कला में शहीद परिवार के स्कूल में जाकर शहीद की फोटो पर फूल मालाएं चढ़ाई व शहीद संदीप के परिजनों को सम्मानित किया व भाटला चौकी इंचार्ज संदीप कुमार ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भाटला में पहुंचकर शहीद की फोटो पर माल्यार्पण किया व परिवार को सम्मानित किया । सिपाही टेकराम 2003 में गांव बागनवाला में शहीद हो गए थे । इस अवसर पर प्रबंधक अफसर थाना सदर हांसी सुरेंद्र कुमार ने कहा कि शहीद देश की अमूल्य धरोहर होते हैं  जिन्होंने अपने प्राण न्योछावर कर के हमारे देश की अमूल्य धरोहर की रक्षा की है उन्होंने कहा कि हमें देश के शहीदों से प्रेरणा लेकर अपने जीवन में प्रण करना चाहिए कि हम अपने सामने आने वाली किसी भी चुनौती का बड़ी बहादुरी से सामना करना चाहिए ।
चाहे हमें इसके लिए प्राणों की आहुति भी क्यों न देनी पड़े हमे शहीदों के परिवारों के कल्याण के बारे में पूरा ध्यान देना चाहिए ताकि उनको समाज में पूरा मान सम्मान मिल सके ।

## दिवाली के अवसर पर स्कूल में लगाई प्रदर्शनी



मदरलैंड संवाददाता, लुधियाना। लुधियाना पब्लिक स्कूल में दीपावली महोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। महोत्सव का शुभारंभ दीपावली पूजन से किया गया इसके पश्चात स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए सजावटी सामान दीपो व मोमबत्ती ओ की प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी का शुभारंभ स्कूल के चेयरमैन श्री अश्वनी कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य अध्यापिका श्रीमती आभा विग, उप मुख्य अध्यापिका श्रीमती आशा वर्मा व समूह अध्यापक गण उपस्थित रहे। स्कूल कमेटी के मेंबर श्रीमती पवनीत पाहवा ने बच्चों को प्रदूषण रहित दीपावली मनाने का संदेश दिया। अविनाश खोसला, सिम्मी कौर और कमलप्रीत कौर मुख्य अतिथि रहे। स्कूल की मुख्य अध्यापिका श्रीमती आभा विग ने सभी शिक्षकों को और छात्रों को दिवाली की शुभकामनाएं दी।

## समाज सेवा सोसायटी ने बाटे दिवाली पर गरीब बच्चो को उपहार



मदरलैंड संवाददाता, लुधियाना। लुधियाना के भगत सिंह नगर दुगरी में समाज सेवा सोसायटी ने 50 के करीब झुगी झोपड़ी वाले बच्चो को दिवाली के उपहार दिए समाज सेवा सोसायटी के प्रधान संजय तिवारी ने बताया कि पिछले तीन सालों से इन बच्चो के साथ दिवाली मना रहे हैं जिनको को सरकार ने पूछती इन बच्चो को फ्री में शिक्षा भी दे रहे हैं प्रिंसिपल शांति तिवारी ने बताया कि वो बच्चो को समय समय पर घुमाने भी ले जाती है और उनको दिन में पढ़ाती भी है जो भी बच्चो के जरूरत का सामान होता है उन्हे लेकर देती है इन बच्चो को मां की तरह प्यार करती है उन्होंने उन बच्चो से भी अपील की जो सड़को पर भीख मांगते हैं कि वो उनसे मिले और फ्री में शिक्षा प्राप्त करे इस अवसर पर लक्की, एकविंदर, रघुबीर सिंह, ऋषि भी शामिल थे

## लाइटस ऑफ हैप्पीनेस थीम के साथ सजा नेक्सस एलांते मॉल



मदरलैंड संवाददाता, चण्डीगढ़। प्रकाश का त्योहार–दीपावली पर, नेक्सस एलांते मॉल शहरवासियों को एक शानदार अनुभव देने के लिए एक विशेष सजावट के साथ के तैयार है। जहां एक ओर लोग इस सजावट का आनंद ले रहे हैं वहीं दूसरी ओर 6000 से अधिक एलईडी बल्बों से बना एक इंटरैक्टिव दीया लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। लाइटस ऑफ हैप्पीनेस थीम के साथ सजा नेक्सस एलांते मॉल शहरवासियों को यहां पर आकर आनंद की अनुभूति दे रहा है। एलांते मॉल में ग्राहक बहुआयामी पेशकशों के साथ सीजन का आनंद ले रहे हैं।

# गुलाबी गैंब सदस्यों को मिला दिवाली का उपहार, मॉल में दिखाई गई पंजाबी फिल्म



» मदरलैंड संवाददाता

चण्डीगढ़। शहर की स्वयंसेवी संस्था युवसत्ता के ह्यपिंक टर्बन कैंपेनह्न का समर्थन करते हुए शनिवार को पिकाडली स्क्वॉयर मॉल ने दिवाली के उपलक्ष्य में बापूधाम कॉलोनी और मनीमाजरा की 100 से अधिक गुलाबी गैंग सदस्यों के लिए दिलजीत दोसांझ और सरगुन मेहता अभिनीत नवीनतम पंजाबी फिल्म 'बेबे भंगड़ा पाउंदे ने' का एक निशुल्क फिल्म शो प्रायोजित किया। गुलाबी गैंग की यह लड़कियां और महिलाएं किताबघर और एचआईवी / एड्स लक्षित इंटरवेंशन प्रोजेक्ट का हिस्सा हैं, जिसे युवसत्ता इन क्षेत्रों में कार्मेल कॉन्वेंट स्कूल और चंडीगढ़ स्टेट एड्स कंट्रोल सोसाइटी-सीएसएसीएस के सहयोग से चला रहा है।

युवसत्ता के संस्थापक प्रमोद शर्मा ने 'गुलाबी गैंग' की अवधारणा के बारे में जानकारी साझा करते हुए कहा कि आने वाले महीनों में उन्होंने 1,00,000 लड़कियों को पिंक टर्बन (गुलाबी पगड़ी) पहनने के लिए प्रेरित करने की योजना बनाई है ताकि वे 2030 तक चंडीगढ़ को यूनाइटेड नेशंस सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स-एसडीजी 5 अनुकूल बनाने के लक्ष्य को पूरा कर सकें। इस प्रकार यह लैंगिक समानता हासिल करने वाला दुनिया का पहला शहर बन जाएगा।

महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए युवसत्ता-एनजीओ के 'गुलाबी गैंग' के विचार की सराहना करते हुए पिकाडिली स्क्वॉयर मॉल की चेयरमैन और भारत के पूर्व राष्ट्रपति की बेटी जयश्री शर्मा ने कहा कि उन्होंने पहले भी इस तरह की पहल का समर्थन किया है और लड़कियों और महिलाओं को उनकी वास्तविक क्षमता का एहसास कराने के लिए तथा चंडीगढ़ को उनके लिए सुरक्षित और प्रगतिशील शहर बनाने का उनका हमेशा प्रयास रहता है। उन्होंने कहा कि भारत में महिलाओं को सशक्त बनाना एक बड़ी चुनौती है और इसे अकेले सरकार पर नहीं छोड़ा जा सकता है। हम में से प्रत्येक को एक बेहतर भारत के लिए योगदान देना चाहिए।

## निगम सदन में सफाई कर्मचारियों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाऊंगा : धरमिंदर सैनी



» विनोद कुमार, मदरलैंड संवाददाता

चण्डीगढ़। सफाई कर्मचारियों ने धरमिंदर सिंह सैनी को चण्डीगढ़ नगर निगम में मनोनीत पार्षद नियुक्त किए जाने पर पंजाब के राज्यपाल व चण्डीगढ़ के प्रशासक का तहेदिल से आभार जताया। सफाई कर्मचारियों ने सैनी से मिल कर उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट करके बधाई भी दी व साथ ही उन्हें अपनी समस्याओं से भी अवगत कराया। धरमिंदर सिंह सैनी ने भी सफाई कर्मचारियों का धन्यवाद किया व कहा कि वे निगम सदन में सफाई कर्मचारियों की समस्याओं व मुद्दों को प्रमुखता से उठाएंगे व समाधान कराएँगे।

## गाहडा के चार पंच निर्विरोध निर्वाचित

» मदरलैंड संवाददाता

कनीना। गाहडा के चार पंच निर्विरोध निर्वाचित हो गये हैं। वार्ड के लोगों व बुजुर्गो आभार जताया और कहा कि भाईचारे का संदेश दिया है। ग्रामीण बोले भाईचारे में सब-कुछ संभव है। गांव में नौ वार्ड हैं।

मिली जानकारी अनुसार गांव के वार्ड नंबर दो से सोनू पत्नी सुमित डाबर व वार्ड नंबर पांच से नरेंद्र पुत्र रविदत को र्निविरोध चुना गया है। इसी प्रकार वार्ड चार से प्रियंका कुमारी, वार्ड 7 धर्मवीर प्रमुख हैं। गांव में बुजुर्गों व आमजन ने चारों वार्ड के लोगों के इस कदम की सराहना की है। गांव के मौजिज लोगों का कहना है कि इस तरह से वोटों में निर्विरोध निर्वाचित होने से लोगों में भाईचारे की भावना में विकास होता है। हमें इस तरह से फैसले हर बार लेने होते है। विदित रहे कि हरियाणा सरकार की ओर से पंचायती चुनावों को लेकर पंच, सरपंच, जिला परिषद व ब्लाक समिति के 30 अक्टूबर एवं दो नवंबर। जिसमें गांव गाहड़ा में नौ वार्ड है। जिसमें से गांव के वार्ड नंबर दो व पांच के लोगों ने आपसी भाईचारे से बुजुर्गों का मान-सम्मान रखते हुए वार्ड नंबर दो से सोनू पत्नी सुमित डाबर व वार्ड नंबर पांच से नरेंद्र पुत्र रविदत को र्निविरोध र्निवाचित कर लिया। निर्वाचित पंच सोनू ने कहा कि गांव के लोगों ने मुझे गांव की बहु न समझते हुए गांव की बेटी समझते हुए जिस तरह इस पद पर सुशोभित किया है। वह इस पद की गरिमा को बनाते हुए गांव के विकास कार्यों में समर्पित करेंगी। वहीं नरेंद्र पुत्र रविदत ने कहा कि गांव एक परिवार होता है। मेरे गांव व परिवार के लोगों ने मुझे जो जिम्मेदारी प्रदान की है वह उसका ईमानदारी से निर्वहन करेंगे। उन्होंने अपने वार्ड के लोगों के साथ-साथ परिवार के सभी सदस्यों के साथ-साथ गांव के मौजिज लोगों का आभार प्रकट किया है।

## संत हरि पब्लिक स्कूल ने मनाया वार्षिकोत्सव

» मदरलैंड संवाददाता



चण्डीगढ़। संत हरि पब्लिक स्कूल ने कलाग्राम में स्कूल का वार्षिकोत्सव *जश्न ए उत्सव 2022₹* बडे ही धूमधाम से मनाया।नन्हे मुन्ने बच्चो के द्वारा प्रस्तुत गीत संगीत, नृत्य और कला के द्वारा मौजूद सभी लोगों का दिल जीत लिया।संत हरि पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव ₹जश्न ए उत्सव 2022₹ के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रेवा के प्रधान एवम समाजसेवी वीबी कपिल ने दीप प्रज्वलित कर प्रोग्राम की शुरूआत की।सबसे पहले सरस्वती वंदना एंव स्वागत्म गीत के साथ स्कूल के वार्षिकोत्सव महोत्सव की शुरूआत हुई।नन्हे-मुन्हे बच्चो की भारतीय सेना के जवानो पर प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया।संत हरि पब्लिक स्कूल के संस्थापक अंतरजोत सिंह ने मुख्यातिथि वीबी कपिल और विशेष अतिथि गोविंद परवाना को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।सीनियर विंग के छात्रो ने शिक्षा के फायदे बताते हुए नुक्कड नाटक के जरिए लोगो को जागरूक किया।मुख्यअतिथि वि बि कपिल ने सभी प्रतिभागी बच्चो की हौसला अफजाई की, और स्कूल के स्टाफ व प्रिंसीपल को इस सफल ₹जश्न ए उत्सव 2022₹ के आयोजन की बधाई दी।स्कूल के संस्थापक अंतरजोत सिंह ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट पढी और शिक्षा के क्षेत्र में स्कूल के द्वारा बच्चो को दी जा रही सेवाओ के बारे बताया। इस मौके पर समाजसेवी मनोज शुक्ला और स्कूल प्रबंधक मौजूद रहा।

## प्रदूषण रहित दीपावली मनाए जाने की अपील : अनिल कुमार

» मदरलैंड संवाददाता

हांसी। संत ज्योति राव फूले पब्लिक स्कूल, हनुमान कालोनी में दीपावली उत्सव स्वच्छता व सज्जा के साथ धूमधाम से मनाया गया। अनेक प्रकार की प्रतियोगिताएं जैसे कॉर्ड मैकिंग, दीया, मोमबत्ती और रंगोली सजाओ आदि प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया।



संचालक अनिल कुमार ने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभाराम्भ किया एवं दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए प्रदूषण रहित दीपावली मनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

दीया प्रतियोगिता में वीना, थाली सजाओ प्रतियोगिता में सुनैना, मोमबत्ती सजाओ प्रतियोगिता में योगेश, रंगोली प्रतियोगिता में 11वीं व 12वीं व कक्षा सजाओं में नौवीं व बारहवीं के छात्रों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बच्चों को पुरस्कृत किया गया तथा मिठाइयां वितरित करके मंगलमय दीपावली की कामना की गई।

## भोजावास स्कूल में साइबर क्राइम के बारे में दी जानकारी

» मदरलैंड संवाददाता

कनीना। पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण के निदेर्शानुसार साइबर ठगों से बचने उपायों बारे में आमजन को बताने के लिए भिन्न-भिन्न तरीकों से जिला पुलिस द्वारा आमजन को जागरूक किया जा रहा है। सोशल मीडिया व समाचार पत्रों के माध्यम से लगातार आमजन को साइबर क्राइम के बारे में जानकारी देते हुए उनसे बचने सम्बन्धी हिदायतें दी जी रहीं हैं। इसी कडी में आज साईबर अपराधों से बचने के लिए थाना सदर कनीना की पुलिस टीम द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भोजावास में जागरुकता सेमिनार का आयोजन किया गया।

पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना सदर कनीना की पुलिस टीम द्वारा विधार्थियो को जागरुक करने के लिए आज भोजावास स्कूल में जागरुकता सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में थाना सदर कनीना प्रबंधक निरीक्षक ब्रह्मप्रकाश, एसआई हरीश व उनकी टीम ने साइबर अपराधों के बारे में विस्तार से समझाया कि आजकल किस प्रकार साइबर अपराधी आमजन को कैसे शिकार बनाते हैं तथा किस प्रकार उनसे बचा जा सकता है। आज का युवा वर्ग इस प्रकार के अपराधों बारे जानकारी लेकर स्वयं तथा दूसरों को भी सुरक्षित कर सकता हैं। आधुनिक समय में आपके मोबाइल पर मैसेज के माध्यम से अनेकों प्रकार के लिंक आते हैं, जिनपर क्लिक करते ही आप का सारा डाटा साइबर आपराधियों के पास चला जाता है, जिससे आप ठगी का शिकार हो सकते हैं या आपकी जानकारी/डाटा का गलत फायदा उठाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि किसी भी अंजान व्यक्ति के पास कोई भी अवांछनीय संदेश ना भेजें तथा अपनी किसी प्रकार की जानकारी शेयर ना करें और ना ही किसी अनजान व्यक्ति से अपना ओटीपी शेयर करें। किसी अंजान व्यक्ति के साथ आधार नंबर, इमेल आईडी, सत्यापन कोड व अन्य निजी जानकारी सांझा न करें। सोशल मीडिया खातों के लिए दो-चरणीय सत्यापन को सक्रिय करें। यह आपके खाते की सुरक्षा को बढ़ाएगा और भले ही जालसाज को सत्यापन कोड मिल जाए, लेकिन फिर भी अकाउंट खोलने के लिए पासवर्ड की आवश्यकता होगी। पिन या किसी अन्य संवेदनशील व्यक्तिगत जानकारी के लिए पूछने वाले व्यक्तिगत संदेशों पर प्रतिक्रिया न दें, सतर्क रहें, सुरक्षित रहें।

इसके बाद स्कूल के बच्चों द्वारा 1930 मीटर वॉक का आयोजन किया गया। इस दौरान थाना सदर कनीना की पुलिस टीम, स्कूल स्टाफ और काफी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

महेंद्रगढ़ पुलिस द्वारा साईबर अपराधों से बचने हेतु, कम्पयूटर/मोबाइल अन्य डिवाईस को हैकर से बचाने हेतु, सोशल मिडिया अकाऊण्ट व बैंक अकाऊण्ट को सुरक्षित रखने बारे आमजन को जागरुक किया जा रहा है और इस तरह का अभियान आगे भी जारी रहेगा। अगर आपके साथ किसी भी प्रकार का साईबर अपराध हो जाता है या आप किसी ऑनलाईन ठगी का शिकार हो जाते हैं तो इसकी सूचना तुरंत साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें। नेशनल साईबर क्राईम पोर्टल या नजदीक पुलिस चौकी या पुलिस स्टेशन पर अपनी शिकायत दर्ज कराएं।

## दिवाली पर बलबीर सिल्क साड़ी ने डिजाइनर सूट पर लगाई भारी सेल

» हरप्रीत सिंह, मदरलैंड संवाददाता




लुधियाना। दिवाली उत्सव पर घुमार मंडी में बलबीर सिल्क साड़ी स्टोर पर कस्टमर के लिए भारी सेल लगाई हुई है डायरेक्टर अमोलक सिंह ने बताया कि फेस्टिवल सीजन को देखते हुए इस बार स्पेशल ड्रेस आई है पपलम के साथ सकल्ट, अनार कली और ब्राइडल सूट बॉलीवुड अभिनेत्री स्टाइल के लेकर आए हैं जिसमे येलो, पीकॉक, रेड, मैजेंटा, लेवेंडर कलर की डिमांड है सभी फैब्रिक इस समय डिमांड पर है लड़कियों में इंडो डिजाइनर गाऊन की बहुत डिमांड बढ़ गई है

## 15वीं सालगिरह अलग अंदाज में मनाई



» मदरलैंड संवाददाता

चण्डीगढ़। स्नेह लता और पुनीत बेदी ने अपनी 15वीं सालगिरह एक अलग अंदाज में सेलिब्रेट की। उन्होंने एक पुरानी रोल्स रॉयस कार को फूलों से सजाया और शहर का चक्कर लगाया और टॉफियां वितरित कीं।

# एसडी कॉलेज के वाडा क्लब ने मास्टर वालंटियर्स को किया सम्मानित

### नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ लड़ाई के लिए स्टूडेंट वॉलंटियर्स को किया गया शामिल

» मदरलैंड संवाददाता




चण्डीगढ़। सेक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज के विक्ट्री एगेंस्ट ड्रग एब्यूज (वाडा) क्लब की ओर से शनिवार को कॉलेज के स्टूडेंट्स को नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खतरे के बारे में जागरूक करने के लिए एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा शुरू किए गए 'नशा मुक्त भारत अभियान' के फ्लैगशिप प्रोग्राम के तहत वाडा क्लब का गठन किया गया है। कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ अजय शर्मा और क्लब प्रभारी रितिका सिन्हा के नेतृत्व में वाडा क्लब कैंपस और आउटरीच कार्यक्रमों दोनों में स्वस्थ जीवन को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न नशीली दवाओं के विरोधी गतिविधियों का संचालन करता है।

इस अवसर पर कॉलेज के बीए के तीसरे वर्ष के स्टूडेंट्स दीक्षांत शर्मा और आदित्य शर्मा को जीजीडीएसडी कॉलेज सोसाइटी के प्रेसिडेंट प्रो.अनिरुद्ध जोशी और कॉलेज के आईटी विभाग के अध्यक्ष डॉ. वीरेंद्र सिंह द्वारा सम्मानित किया गया। दीक्षांत और आदित्य को 'नशा मुक्त भारत अभियान प्रोग्राम के तहत भारत सरकार द्वारा 'मास्टर वालंटियर्स' के रूप में चुना गया है और सितंबर-अक्टूबर 2022 के महीने में उन्होंने चंडीगढ़ के 42 सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूलों में नशीली दवाओं के दुरुपयोग पर जागरूकता सत्र और कार्यशालाओं का आयोजन किया है।

इस मौके पर नशीली दवाओं के खिलाफ जागरूकता पैदा करने के लिए स्टूडेंट वॉलंटियर्स को शामिल किया गया था। उन्हें फॉर्म भरने और नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ लड़ाई से संबंधित रचनात्मक विचारों के साथ आने के लिए कहा गया था। क्लब फैकल्टी मेंबर्स वरिंदर कुमार, डॉ दिव्या ज्योति रणदेव, डॉ निधि चड्ढा और डॉ अग्रिम वर्मा की उपस्थिति में फार्म्स का विश्लेषण किया गया जिसके बाद भविष्य में किए जाने वाले प्रयासों पर एक चर्चा आयोजित हुई। इस अवसर पर प्रों. अनिरुद्ध जोशी ने कहा कि क्लब में नए सदस्यों के शामिल होने के साथ ही कॉलेज की योजना नेक काम की दिशा में अपने प्रयासों को तेज करने की है। उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि इस छात्र-नेतृत्व वाली पहल के साथ हम कैंपस के भीतर और बाहर के युवाओं तक प्रभावी ढंग से पहुंचेंगे।

## बार कनीना ने दीपावली मिलन समारोह आयोजित




» मदरलैंड संवाददाता

कनीना। बार एसोसिएशन कनीना में दीपावली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बार एसोसिएशन कनीना के प्रधान दीपक चौधरी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस कार्यक्रम में एसडीजेएम मैडम मेनका सिंह जेएमआईसी वीरेन कादयान उपस्थित रहे। दीपक चौधरी ने बताया की हमारे क्षेत्र के नवनियुक्त जज आदित्य सैनी महेंद्रगढ़ और अनुराग यादव डहीना हरियाणा ज्यूडिशरी में चयन होने पर उनको कनीना बार एसोसिएशन में बुलाकर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर उनको फूल माला पगड़ी बुक का भेंट कर उनको सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मेनका सिंह ने सभी को दीपावली और धनतेरस की हार्दिक शुभकामनाएं दी सभी अधिवक्ता साथियों को खुशी दीपावली का पर्व मनाने के लिए आग्रह किया। इस मौके पर वीरेन कादयान जज ने प्रदूषण रहित दीपावली मनाने के लिए प्रेरित किया।इस मौके पर अधिवक्ता केसी गुप्ता, पूर्व प्रधान विजेंद्र यादव, पूर्व प्रधान रमेश कौशिक, सुभाष शर्मा एडवोकेट, श्री कृष्ण यादव, सुनील चौधरी, अनिल शर्मा रसूलपुर, कुलदीप कनीनवाल, ओपी रामबास अधिवक्ता, विजय ककराला, सचिव सुनील राव,दिनेश जस्सावास,संदीप खोस्या सेहलंग,भास्कर चौधरी,विकास गुज्जर,अमित चौधरी,नवीन कौशिक,शिवचरण,विजय कास्यान,सतीश दहिया, परविंदर छितरोली, विकास लूखी, आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



# धर्म के नाम पर कहां से कहां पहुंच गए



सनत जैन

सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति केएम जोसेफ की बेंच ने हेट स्पीच मामले में दायर याचिका पर सुनवाई की। उन्होंने कहा 21 वीं सदी में धर्म के नाम पर क्या हो रहा है। धर्म के नाम पर हम कहां से कहां पहुंच गए। हमने ईश्वर को कितना छोटा बना दिया है। सुप्रीम कोर्ट की बेंच, हेट स्पीच में दिए गए बयानों को सुनने के बाद इतनी विचलित हो गई, कि उसने कहा ऐसे नफरती भड़काऊ बयानों पर तत्काल सख्त कार्यवाही की जाए। घृणा और नफरत का माहौल देश में हावी हो गया है। सुप्रीम कोर्ट ने जांच एजेंसी को तत्काल कार्यवाही करने का आदेश दिया है। ऐसा नहीं होने पर उनकी जिम्मेदारी तय करने की बात भी कही है।

स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार धर्म को लेकर जिस तरह के नफरत और भड़काऊ बयानों की पिछले कुछ वर्षों में बाढ़ आ गई है। ऐसा लगता है कि कानून का एक वर्ग विशेष को कोई डर ही नहीं रह गया है। जांच एजेंसियों द्वारा प्रमाण होने के बाद भी कानूनी कार्यवाही नहीं करना, देश को नफरती और समाज को हिंसक बना रही है।

देर आए दुरुस्त आये की तर्ज पर सुप्रीम कोर्ट ने जांच एजेंसियों की जो जिम्मेदारी तय की है। सुप्रीम कोर्ट ने जो कड़ा रुख अपनाया है। उससे आशा की जा सकती है, कि हेट स्पीच देने वाले धर्मगुरु, राजनेता अथवा असामाजिक तत्वों के खिलाफ पुलिस कड़ी कार्रवाई करेगी। धर्म के नाम पर देश में नफरत की जो खेती हो रही है। उसको रोका जा सकेगा। इसमें सरकार की भूमिका भी अति महत्वपूर्ण है। शासन और प्रशासन के रुख पर ही जांच एजेंसियां और पुलिस प्रशासन द्वारा कार्यवाही की जाती है। जांच एजेंसियों की जब तक जिम्मेदारी तय नहीं होगी। न्यायपालिका के आदेश तब तक प्रभावी भी ही नहीं होंगे।

धर्म के नाम पर भगवान के प्रति जो हमारी आस्था है। उसमें नफरत का कोई स्थान किसी भी अन्य धर्म के बारे में नहीं होता है। सनातन धर्म सबसे पुराना धर्म है। समूह में अथवा कुल परंपरा में अपनी-अपनी आस्था के अनुसार धर्म का चयन स्वाभाविक रूप से होता है। अपने कुल गुरु, देवी-देवता, भगवान के प्रति आस्था जन्मजात बनती हैं। किसी भी धर्म को मानने वालों की आस्था ही उनका धर्म होता हैं। उसके धार्मिक गुण, उसके आचरण में होते हैं। सभी धर्म परोपकार की शिक्षा देते हैं। भाईचारे की शिक्षा देते हैं। कोई भी धार्मिक व्यक्ति कभी भी किसी के साथ धर्म के आधार पर नफरत नहीं कर सकता है।



पिछले कुछ वर्षों में धर्म और आस्था के नाम पर जिस तरह का नफरती वातावरण एक दूसरे के प्रति देश में बनाया जा रहा है। उससे नफरत की खेती तेजी के साथ हो रही है। हर कोई एक दूसरे को मरने-मारने पर उतारू है।

जैन धर्म में ह्लभावहिंसाह्व को सबसे महत्वपूर्ण माना गया है। जिस व्यक्ति के लिए हमारी जैसी हिंसक भावनाएं आती है। हिंसा का भाव जागृत होते ही हिंसा का दोष लग जाता है। भले हमने किसी को शारीरिक रूप से नुकसान ना पहुंचाया हो, तो वह भी भाव हिंसा मानी जाती है। ऐसी हिंसा किसी भी समाज को आगे बढ़ने से रोकती है।

स्वतंत्रता संग्राम के आंदोलन में जिस तरह से महात्मा गांधी ने दलितों, अछूतों, आदिवासियों एवं सभी धर्म के लोगों को स्वतंत्रता आंदोलन से जोड़ा। सभी जाति समुदाय और धर्म के लोगों के प्रति महात्मा गांधी का जो प्रेम एवं समानता का भाव था। उसने अंग्रेजों को भारत छोड़ने पर विवश कर दिया। सामाजिक व्यवस्था में सभी को अपने से जोड़ने की प्रवती होती है। तभी लोग जुड़ते हैं। जब हम नफरत करते हैं। तो हमसे लोग दूर हो जाते हैं। भारत विभाजन के बाद 2 साल तक हिंदू और मुसलमानों के बीच में दंगे हुए, या दंगे कराए गए। यह विवाद का विषय हो सकता है। लेकिन संविधान लागू होने के बाद भारत के सभी लोगों की आस्था संविधान के प्रति हो गई। न्यायपालिका के प्रति आस्था मजबूत हुई।

पिछले कुछ वर्षों में जिस तरह से धार्मिक उन्माद फैलाकर बहुसंख्यक और अल्पसंख्यक शक्ति प्रदर्शन कर, अपना अस्तित्व जताने की कोशिश कर रहे हैं। उससे धीरे-धीरे सब कुछ बिखरता जा रहा है। सबकी अपनी-अपनी आस्थाएं हैं। आर्य समाज के लोग भगवान को नहीं मानते हैं। बौद्ध समाज के लोग हिंदू देवी देवताओं को नहीं मानते हैं। कोई शिव को मानता है, कोई विष्णु को मानता है। कोई राम को मानता है किसी का भगवान ईसा मसीह हो सकते हैं। किसी के भगवान खुदा हो सकते हैं। लेकिन इन सभी को समाज के बीच में रहना होता है। सभी अपना अपना धर्म मानते हुए, सामाजिक व्यवस्था का पालन कर समाज का अंग बनते हैं। भारत में संविधान है। सभी नागरिकों को समान अधिकार दिए गए हैं। किसी को भी एक दूसरे की निजिता पर हस्तक्षेप करने का कानून में कोई अधिकार नहीं है। यदि कोई व्यक्ति ऐसा कुछ करता है, तो कानून के अनुसार उसके दंड का भागी है। न्याय एवं दण्ड व्यवस्था मजबूत होगी। तभी हम नफरत और हिंसा को रोकपाने में कामयाब होगे। सुप्रीम कोर्ट के आदेश ने आशा की नई किरण दिखाई है।

## संपादकीय



## मलावटखोरों को फांसी क्यों नहीं ?

आज की बड़ी खबरों में कई खबरें हैं। जैसे नफरती भाषणों के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय की फटकार, आतंकवाद के खिलाफ प्रधानमंत्री और गृहमंत्री की गुहार और इमरान खान के चुनाव लड़ने पर पांचवर्षीय प्रतिबंध आदि लेकिन मेरा ध्यान चार खबरों ने सबसे ज्यादा खींचा। वे हैं- नकली प्लेटलेट, नकली जीरा, नकली घी और नकली तेल के बारे में। दिवाली के मौके पर गरीब से गरीब आदमी भी खाने-पीने की चीजें दिल खोलकर खरीदना चाहता है लेकिन जो चीजें बाजार में उसे मिलती हैं, उनमें से कई नकली तो होती ही हैं, वे उसके लिए प्राणलेवा भी सिद्ध हो जाती है। प्रयागराज के एक निजी अस्पताल में भर्ती मरीज की मौत इसलिए हो गई कि डॉक्टरों ने उसकी नसों में प्लाज्मा चढ़ाने की बजाय मौसम्बी का रस चढ़ा दिया। इस नकली प्लाज्मा की कीमत 3 हजार से 5 हजार रु. है। नकली प्लाज्मा ने मरीज की जान ले ली। प्रयागराज की पुलिस ने दस लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। लगभग इसी तरह का काम गोरखपुर में नकली तेल बेचने का, दिल्ली में नकली जीरा खपाने का और कुछ शहरों में नकली घी और दूध भी पकड़ा गया है। दिवाली के मौके पर पड़े इन छापों से पता चला है कि ये नकली चीजें, असली चीजों के मुकाबले ज्यादा बिकती हैं, क्योंकि उनकी कीमत लगभग आधी होती है और दुकानदारों को मुनाफा भी ज्यादा मिलता है। जो लोग इन चीजों को खरीदते हैं, उन्हें पता ही नहीं चलता है कि वे असली हैं या नकली हैं, क्योंकि उनके डिब्बे इतने चिकने-चुपड़े होते हैं कि उनके सामने असली चीजों के डिब्बे या पेकेट पानी भरते नजर आते हैं। कई नकली चीजें न कोई फायदा करती हैं न नुकसान करती हैं, लेकिन कुछ नकली चीजें उन्हें सेवन करनेवालों की जान ले लेती हैं और कई चीजें इतने धीरे-धीरे जान का खतरा बन जाती हैं कि उसके उपभोक्ताओं को उसका पता ही नहीं चलता। यह मामूली अपराध नहीं है। यह हत्या से भी भयंकर जुर्म है। यह सामूहिक हत्या है। यह कुकर्म सिर्फ खाने-पीने की चीजों में ही नहीं होता, यह अक्सर दवाइयों में भी बड़ी चालाकी से किया जाता है। इस तरह के मिलावटखोरों को पकड़ने के लिए सरकार ने अलग विभाग बना रखा है और ऐसे अपराधियों के विरुद्ध कानून के कई प्रावधान भी हैं। 2006 के ह्यखाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियमह्न के अनुसार ऐसे अपराधियों पर 10 लाख रु. तक जुमार्ना और छह माह से लेकर उम्र कैद तक की सजा भी हो सकती है। लेकिन मैं पूछता हूं कि आज तक कितने लोगों को यह कठोरतम दंड मिला है? हमारी सरकारों और अदालतों को अपूर्व सख्ती से पेश आना चाहिए। मेरी राय में यह कठोरतम दंड भी बहुत नरम है। इन सामूहिक हत्या के अपराधियों को सजा-ए-मौत होनी चाहिए। और वह मौत भी ऐसी कि हर भावी अपराधी के वह रोंगटे खड़े कर दे। ऐसे अपराधियों को तत्काल फांसी पर लटका दिया जाना चाहिए और फांसी का जीवंत प्रसारण सारे टीवी चैनलों पर अनिवार्य रूप से दिखाया जाना चाहिए। नकली खाद्य पदार्थों के कारखानों के कर्मचारियों और उस माल को बेचनेवाले व्यापारियों को भी कम से कम पांच साल की सजा होनी चाहिए।

# रोशनी की लहर बनाते हैं दीपावली के दीये

» ललित गर्ग

दीपावली एक लौकिक पर्व है। फिर भी यह केवल बाहरी अंधकार को ही नहीं, बल्कि भीतरी अंधकार को मिटाने का पर्व भी बने। हम भीतर में धर्म का दीप जलाकर मोह और मूर्च्छा के अंधकार को दूर कर सकते हैं। दीपावली के मौके पर सभी आमतौर से अपने घरों की साफ-सफाई, साज-सज्जा और उसे संवारने-निखारने का प्रयास करते हैं। उसी प्रकार अगर भीतर चेतना के आँगन पर जमे कर्म के कचरे को बुहारकर साफ किया जाए, उसे संयम से सजाने-संवारने का प्रयास किया जाए और उसमें आत्मा रूपी दीपक की अखंड ज्योति को प्रज्वलित कर दिया जाए तो मनुष्य शाश्वत सुख, शांति एवं आनंद को प्राप्त हो सकता है।



दीपों की कतारें दीपावली का शाब्दिक अर्थ ही नहीं, वास्तविक अर्थ है। कतारों के लिए निरंतरता जरूरी है। और निरंतरता के लिए नपा-तुला क्रम। दीप जब कतार में होते हैं, तो आनंद का सूचक बन जाते हैं। जैसे कोई मूक उत्सव हो- जगर-मगर उजाले का। उजालों की पंक्तियां उल्लास का द्योतक हैं। दीप होते ही प्रेरक हैं। एक बाती, अंजुरी-भर तेल और राह-भर प्रकाश। जितना सादा दीपावली का दीपक होता है, उससे सादा कुछ नहीं हो सकता। माटी ने ज्यों पक-जमकर, बाती के बीज से ज्योत पल्लवित की हो। यह विजय पताका कार्तिक अमावस्या के अंधेरे की पूरी रात दूर रखती है। दीपावली की रात को हर दीप रोशनी की लहर बनाता है, उजालों के समन्दर में अपना योगदान देता है।

शेक्सपियर की चर्चित पंक्ति है- ह्यअगर रोशनी पवित्रता का जीवन रक्त है तो विश्व को रोशनीमय कर दो/ जगमगा दो और इसे जी-भरकर बाहुल्यता से प्राप्त करो ह्न शेक्सपियर ने यह पंक्ति चाहे जिस संदर्भ में कही हो, पर इसका उद्देश्य निश्चित ही पवित्र था और अनेक अर्थों को लिए हुए यह उक्ति सचमुच में जीवन व्यवहार की स्पष्टता के अधिक नजदीक है। दीपावली का पर्व और उससे जुड़े रोशनी के दर्शन का भी यह उद्घोष है। रोशनी! उत्सव का प्रतीक, खुशी के इजहार करने का प्रतीक है, सफलता का प्रतीत है। अगर हम इस सोच को गहराई में डुबो लें तो ये सूक्तियां हमारे जीवन की रक्त धमनियां बन सकती हैं और उससे उत्तम व्यवहार की रश्मियां प्रस्फुटित हो सकती है। उन रश्मियों की निष्पत्तियां के स्वर होंगे- 'सदा दीपावली संत की आठों पहर आनन्द', 'घट-घट दीप जलेह्न, ह्वदीये की लौ सूरज से मिल जाये'।

दीपावली का सम्पूर्ण पर्व एक ऊर्जा है, एक शक्ति है, एक प्रकार की गति है। एक सत्य से दूसरे सत्य की ओर अनवरत, अनिरुद्ध गति ही दीपावली की जीवंतता है। जीवन के अनेक अनुभवों का समवाय है दीपावली। एक अनुभूति से दूसरी अनुभूति तक की यात्रा में जो दीपावली के विलक्षण एवं अद्भुत क्षणों की गति है, वही जीवन की वास्तविकता है। जीवन एक यात्रा है, सतत यात्रा। ठीक इसी तरह दीपावली भी एक यात्रा है, एक प्रस्थान है, कुछ नया पाने की, अनूठा करने की। समय बह रहा है, जीवन बीत रहा है। वर्ष पर वर्ष, माह पर माह, दिन पर दिन एवं पलों पर पल बीत रहे हैं, सांसों के घट रीत रहे हैं। इन घटती सांसों को अर्थपूर्ण बनाने, सम्पूर्णता से जी लेने एवं उपयोगी करने का पर्व है दीपावली। वृक्ष भी जीते हैं, पशु-पक्षी भी जीते हैं, परंतु वास्तविक जीवन वे ही जीते हैं, जिनका मन मनन का उपजीवी हो। मननशीलता की संपदा मानव को सहज उपलब्ध है। अपेक्षा है उसका सम्यक उपयोग और विकास कर जीवन को सार्थक दिशा प्रदान करें। उजालों का स्वागत करें।

दीपावली की रात भारत भूमि पर आसमान उतर आता है। ज्यों आकाश में तारे टिमटिमाते हैं, सो उस रात धरा पर दिए टिमटिमाते हैं। चांद से रीती इस रात का हर पक्ष उजला है। अमावस कहकर कोई याद नहीं रखता इसे। इसमें इतना उजास जो है। कहते हैं सूनी राह पर, अकेले द्वार पर, कुएं की तन्हा मेड़ पर और उजाड़ तक में दीप रखने चाहिए। कोई भूले-भटके भी कहीं किसी राह पर निकले, तो उसे अंधेरा न मिले। इस रात हरेक के लिए उजाले जुटा दिए हैं। अब उजालों के इस अपूर्व एवं अलौकिक पर्व की जगर-मगर में दीपों की माटी कम और लड्डूओं वाली बिजली एवं पटाखों का प्रदूषण अधिक है। वक्त के साथ खुशियों का अहसास तो नहीं बदलता, पर उसकी आमद के जरिए अलग हो जाते हैं। दीपावली पर रोशनी का परचम बुलंद किए हौसलेमंद दिए ज्यों तम के सामने डट जाते हैं, वह एक कालजयी ऐलान है विजय का। इस विजय को पाने एवं मोह का अंधकार भगाने के लिए धर्म का दीप जलाना होगा।

दीपावली की रात भारत भूमि पर आसमान उतर आता है। ज्यों आकाश में तारे टिमटिमाते हैं, सो उस रात धरा पर दिए टिमटिमाते हैं। चांद से रीती इस रात का हर पक्ष उजला है। अमावस कहकर कोई याद नहीं रखता इसे। इसमें इतना उजास जो है। कहते हैं सूनी राह पर, अकेले द्वार पर, कुएं की तन्हा मेड़ पर और उजाड़ तक में दीप रखने चाहिए। कोई भूले-भटके भी कहीं किसी राह पर निकले, तो उसे अंधेरा न मिले। इस रात हरेक के लिए उजाले जुटा दिए जाते हैं। अब उजालों के इस अपूर्व एवं अलौकिक पर्व की जगर-मगर में दीपों की माटी कम और लट्टूओं वाली बिजली एवं पटाखों का प्रदूषण अधिक है। वक्त के साथ खुशियों का अहसास तो नहीं बदलता, पर उसकी आमद के जरिए अलग हो जाते हैं। दीपावली पर रोशनी का परचम बुलंद किए हौसलेमंद दिए ज्यों तम के सामने डट जाते हैं, वह एक कालजयी ऐलान है विजय का।

इस विजय को पाने एवं मोह का अंधकार भगाने के लिए धर्म का दीप जलाना होगा। जहाँ धर्म का सूर्य उदित हो गया, वहाँ का अंधकार टिक नहीं सकता। एक बार अंधकार ने ब्रह्माजी से शिकायत की कि सूरज मेरा पीछा करता है। वह मुझे मिटा देना चाहता है। ब्रह्माजी ने इस बारे में सूरज को बोला तो सूरज ने कहा-मैं अंधकार को जानता तक नहीं, मिटाने की बात तो दूर, आप पहले उसे मेरे सामने उपस्थित करें। मैं उसकी शक्ल-सूरत देखना चाहता हूँ। ब्रह्माजी ने उसे सूरज के सामने आने के लिए कहा तो अंधकार बोला-मैं उसके पास कैसे आ सकता हूँ? अगर आ गया तो मेरा अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा।

जीवन का वास्तविक उजाला लिबास नहीं है, भोजन नहीं है, भाषा नहीं है और उसकी साधन-सुविधाएं भी नहीं हैं। वास्तविक उजाला तो मनुष्य में व्याप्त उसके आत्मिक गुणों क महक ही है, जो मानवीय बनाते हैं, जिन्हें संवेदना और करुणा के रूप में, दया, सेवा-भावना, परोपकार के रूप में हम देखते हैं। असल में यही गुणवत्ता उजालों की बुनियाद है, नींव हैं जिसपर खड़े होकर मनुष्य अपने जीवन को सार्थक बनाता है। जिनमें इन गुणों की उपस्थिति होती है उनकी गरिमा चिरंजीवी रहती है। समाज में उजाला फैलाने के लिये इंसान के अंदर इंसानियत होना जरूरी है। जिस तरह दीप से दीप जलता है, वैसे ही प्यार देने से प्यार बढ़ता है और समाज में प्यार और इंसानियत रूपी उजालों की आज बहुत जरूरत है।

जीवन के ह्रास और विकास के संवादी सूत्र हैं- अंधकार और प्रकाश। अंधकार स्वभाव नहीं, विभाव है। वह प्रतीक है हमारी वैयक्तिक दुर्बलताओं का, अपाहिज सपनों और संकल्पों का। निराश, निष्क्रिय, निरुद्देश्य जीवन शैली का। स्वीकृत अर्थशून्य सोच का। जीवन मूल्यों के प्रति टूटती निष्ठा का। विधायक चिन्तन, कर्म और आचरण के अभाव का। अब तक उजालों ने ही मनुष्य को अंधेरों से मुक्ति दी है, इन्हीं उजालों के बल पर उसने ज्ञान को अनुभूत किया अर्थात सिद्धांत को व्यावहारिक जीवन में उतारा। यही कारण है कि उसकी हस्ति आजतक नहीं मिटी। उसकी दृष्टि में गुण कोरा ज्ञान नहीं है, गुण कोरा आचरण नहीं है। दोनों का समन्वय है। जिसकी कथनी और करनी में अंतर नहीं होता वही समाज में आदर के योग बनता है।

हम उजालों की वास्तविक पहचान करें, अपने आप को टटोलें, अपने भीतर के काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद, मत्सर आदि कषायों को दूर करें और उसी मार्ग पर चलें जो मानवता का मार्ग है। हमें समझ लेना चाहिए कि मनुष्य जीवन बहुत दुर्लभ है, वह बार-बार नहीं मिलता। समाज उसी को पूजता है जो अपने लिए नहीं दूसरों के लिए जीता है। इसी से गोस्वामी तुलसीदासजी ने कहा है-'परहित सरिस धरम नहीं भाई'। स्मरण रहे कि यही उजालों को नमन है और यही उजाला हमारी जीवन की सार्थकता है। जो सच है, जो सही है उसे सिर्फ आंख मूंदकर मान नहीं लेना चाहिए। खुली आंखों से देखना एवं परखना भी चाहिए। प्रमाद टूटता है तब व्यक्ति में प्रतिरोधात्मक शक्ति जागती है। वह बुराइयों को विराम देता है।

# तो स्वतंत्रता सेनानियों से बड़े हो गए लोकतंत्र सेनानी !



डॉ श्रीगोपाल नारसन

भाजपा सत्ता में बैठकर स्वतंत्रता सेनानियों, लोकतंत्र सेनानियों व उत्तराखंड आंदोलन कारियो के बीच खुद ही भेदभाव कर रही है ।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लोकतंत्र सेनानियों जिन्हें इमरजेंसी में जेल जाने पर यह सम्मान मिला ,की मासिक पेंशन 16 हजार रुपये से बढ़ाकर 20 हजार रुपये प्रति माह कर दी है ।जबकि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व उनके उत्तराधिकारियों से लेकर राज्य आंदोलनकारी तक अपने सम्मान व समस्याओं को लेकर अपनी एड़िया रगड़ चुके है लेकिन उनके प्रति धामी सरकार की उपेक्षा यह सवाल जरूर खड़ा करती है कि क्या लोकतंत्र सेनानी देश को आजाद कराने वाले स्वतंत्रता सेनानियों व उत्तराखंड के जन्म का आधार बने राज्य आंदोलन कारियो से अधिक महत्वपूर्ण हो गए,जो उन्हें गले लगाया जा रहा है और स्वतंत्रता सेनानियों व राज्य आंदोलन कारियो को दुत्कारा जा रहा है ।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लोकतंत्र सेनानियों पर यह अनुकम्पा ऐसे समय की है जब उनकी कुर्सी को लेकर अस्थिरता के बादल मंडरा रहे है ।बीते विधानसभा चुनाव में हार जाने के बावजूद भाजपा हाई कमान ने उन्हें मुख्यमंत्री बनाकर उनपर विश्वास जताया था ।लेकिन दूसरी बार मुख्यमंत्री बनने के बाद अधीनस्थ चयन आयोग द्वारा की गई भर्तियों में धांधली, भाजपा से जुड़े आरोपियों द्वारा अंकिता हत्याकांड को अंजाम देने,बिजली की अघोषित कटोती, कानून व्यवस्था का लचर हो जाना,भ्ष्टार्चार को रोकने में विफलता,बेरोजगारी दर का लगातार बढ़ना समेत अनेक मुद्दों पर धामी सरकार की किरकिरी से भाजपा हाई कमान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से अंसतुष्ट प्रतीत हो रहा है ।जबकि भाजपा ने पुष्कर सिंह धामी को राष्ट्रीय कार्यसमिति में स्थायी आमंत्रित सदस्य बनाया है ।साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री भुवनचंद्र खंडूरी ,पूर्व सीएम रमेश पोखरियाल निशंक, तीरथ सिंह रावत ,पूर्व सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत और सांसद अनिल बलूनी को भी राष्ट्रीय कार्यसमिति में विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया गया है ।इस टीम को युवा जोश के साथ-साथ सीनियर नेताओं के अनुभव का मिश्रण माना जा रहा है। भाजपा ने इस टीम के बलबूते मिशन 2024 को फतह की तैयारी शुरू करने का एक प्रकार से फैसला लिया है। इन नामों की घोषणा के बाद देहरादून के राजनीतिक गलियारों में हलचल शुरू हो गई है ।भाजपा में एक चुनाव खत्म होता नहीं ,उससे पूर्व ही बीजेपी संगठन उसी उर्जा से दूसरे चुनाव की तैयारी करने लग जाता है ।उत्तराखंड में हुए उपचुनाव और पंचायत चुनाव में भाजपा ने बाजी मारते हुए लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारी भी शुरू कर दी है। पहले चंपावत उपचुनाव, उसके बाद हरिद्वार पंचायत चुनाव ने बीजेपी के दोनों हाथों में लड्डू दे दिया है। जिसके बाद अब 2024 लोकसभा चुनाव की जंग के लिये बीजेपी ने प्लान तैयार करना शुरू कर दिया है ।भाजपा पता नही क्यो जीतने वाले नेताओं की अपेक्षा हारने वालो पर अधिक भरोसा करती है।

तभी तो उत्तराखंड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट जो अपना खुद का चुनाव हार गए थे,व भाजपा को उत्तराखंड में 47 सीटों के साथ बंपर मैंडेट मिला था ।तब भी वह चमोली जिले की बदरीनाथ सीट गंवा बैठे थे। इसके बावजूद भाजपा ने महेंद्र भट्ट को उत्तराखंड भाजपा का सर्वेसर्वा बनाकर संदेश दिया कि उनकी अपनी पार्टी के हर नेता-कार्यकर्ता पर नजर रहती है और उसके लिए हार जीत कोई मायने नही रखती ।यही स्तिथि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की भी रही वे मुख्यमंत्री रहते चुनाव हार गए थे। तब भी बीजेपी हाईकमान ने हार के बावजूद पुष्कर सिंह धामी को फिर से मुख्यमंत्री बनाया था ।इसी कारण पार्टी के वे लोग जो बंपर वोटो से जीत कर आए, लेकिन उन्हें कोई महत्वपूर्ण दायित्व नही मिल पाया,अंदर ही अंदर भाजपा हाई कमान से नाराज है और येन केन प्रकारेण धामी सरकार को अस्थिर करने में अपनी अपत्यक्ष भूमिका निभा रहे है ।भाजपा की चौकाने वाली कार्यशैली पर गौर करे तो जुलाई 2021 में जब तीरथ सिंह रावत मुख्यमंत्री पद से हटाए गए थे तो राजनीति के पंडित रमेश पोखरियाल निशंक, धन सिंह रावत, सतपाल महाराज, अजय भट्ट के नाम की चर्चा मुख्यमंत्री पद के लिए हो रही थी, धन सिंह रावत तो खुद भी इतने उत्साहित हो गए थे कि अघोषित रूप से लोग उन्हें ही मुख्यमंत्री मानने लगे थे। इन सारे कयासों को धता बताते हुए बीजेपी हाईकमान ने पुष्कर सिंह धामी को मुख्यमंत्री बनाकर सबको चौंका दिया था। खुद पुष्कर सिंह धामी ने कहा था कि उन्हें कतई भी अनुमान नहीं था कि वो सीएम बनने जा रहे हैं ।अब फिर वही हालत बदहाल हुई राज्य व्यवस्था के बीच देखने को मिल रही है ।कभी मंत्रिमंडल विस्तार की खबरें सामने आती है,तो कभी प्रेमचंद अग्रवाल व चंदन दास की मंत्री मंडल से छुट्टी होने के संकेत मिलते है तो कभी नेतृत्व परिवर्तन की ही हवा बहने लगती है।

(लेखक राजनीतिक चिंतक व वरिष्ठ पत्रकार है)

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक संजय कुमार उपाध्याय द्वारा विवेक पब्लिशर्स, ए 16, सेक्टर 7, नोएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश, से मुद्रित एवं 203 एफ 32, विजय ब्लॉक लक्ष्मी नगर, दिल्ली -11 00 92 से प्रकाशित। सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही किया जाऐगा। संपादकः संजय कुमार उपाध्याय। मो.: 8700635881, आर.एन.आई नं. DELHIN/2019/78266

## संक्षिप्त समाचार

### अनियंत्रित ट्रक आरामिल में घुसी, बाल बाल बचे लोग



मदरलैण्ड संवाददाता, बेगूसराय। शनिवार की सुबह बेगूसराय रोसड़ा मुख्य पथ एस एच 55 किनारे सीमान चौक के समीप एक अनियंत्रित ट्रक आरामील परिसर में घूस गया. ट्रक गढ्ढे में पलटते पलटते रह गया. संयोग कहिए कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ. ट्रक के चालक व खलासी भी सुरक्षित रहें. घंटों बाद उक्त ट्रक को गढ्ढे से बाहर निकाला गया. घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गये और क्षतिग्रस्त ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया.

### युवा शक्ति मुसहरी के द्वारा 27 अक्टूबर को प्रतिभा सम्मान प्रतियोगिता का होगा आयोजन

मदरलैण्ड संवाददाता, बेगूसराय। युवा शक्ति मुसहरी के द्वारा लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा के मौके पर प्रतिभा सम्मान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है. उत्क्रमित मध्य विद्यालय मुसहरी परिसर में होने वाले इस कार्यक्रम में वर्ग षष्ठ से स्नातक स्तर के छात्र छात्रा क्विज प्रतियोगिता के अलावे भाषण, कविता, संगीत, नृत्य आदि प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकेंगे. बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत व सम्मानित किया जाएगा. इसकी जानकारी युवा शक्ति मुसहरी के अध्यक्ष व सचिव ने दिया है.

### धनतेरस के मौके पर खरीददारी में जुटे लोग, ज्वेलरी व बर्तन की दुकानों पर लगी ग्राहकों की भीड़

मदरलैण्ड संवाददाता, बेगूसराय। धनतेरस को लेकर क्षेत्र के लोगों में काफी उत्साह देखा गया. इस मौके पर शनिवार को क्षेत्र के खोदावन्दपुर बाजार, तारा चौक, बाड़ा महावीर चौक, चलकी चौक, दौलतपुर, सागी समेत अन्य गांवों के ज्वेलरी एवं बर्तन की दुकानों पर लोगों की भारी भीड़ खरीददारी के लिए उमड़ पड़ी. इसके अलावे झाडू व अन्य सामाग्रियों की खरीददारी भी की जा रही है. सोमवार को होने वाले दीपावली पर्व को लेकर चौक चौराहों पर पूजन समाग्री एवं पटाखों की दुकानें सज गई हैं. दीपावली, लक्ष्मी पूजा, काली पूजा एवं छठ पर्व को लेकर क्षेत्र के लोगों के बीच काफी उत्साह का माहौल है, लोग इसकी तैयारी में जुट गये हैं.

### सरकारी विद्यालय के शिक्षिका के साथ असमाजिक तत्वों ने की मारपीट

मदरलैण्ड संवाददाता, छपरा। प्रखंड के चैनपुर गांव स्थित सरकारी विद्यालय की एक शिक्षिका के साथ कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। मामला चैनपुर पंचायत के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चैनपुर गलिमापुर का है। जहां विद्यालय में कुछ असामाजिक तत्व के लोगों ने महिला प्रधानाध्यपक के साथ सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न कर मारपीट किया है। इस संबंध में उक्त विद्यालय की प्रधानाध्यापिका प्रियंका भारती ने तरैया थाने में एक प्राथमिकी दर्ज कराई है। पीड़ित शिक्षिका का कहना है कि जब वह कार्यालय में बैठकर विद्यालय कार्य का निपटारा कर रही थी। इसी दौरान मदन राय, सुरेन्द्र राय, विकास कुमार समेत 10-15 व्यक्ति कार्यालय में घुसकर विकास राशि में आये रुपये की जानकारी मांगने लगे और धक्का मुक्की कर मारपीट व गाली गलौज करने लगे। इसी बीच वे लोग विद्यालय के सचिव मंजू देवी के साथ भी अभद्र व्यवहार करने लगे। जब उन्होंने विरोध किया तो उनका बैग छीन कर उसमें रखे सात हजार रुपये निकाल लिये एवं कार्यालय के टेबुल पर रखे रजिस्टर छीन कर फेंक दिये। पिछले दिनों विद्यालय परिसर में लालबाबू यादव ने घुसकर वीडियोग्राफी कर एमडीएम का कार्य प्रभावित किया था। आये दिन असमाजिक तत्वों द्वारा विद्यालय व कार्यालय में आकर धमकी देते है तथा सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करते रहते है। पुलिस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच में जुट गई है।

### फारबिसगंज:बीडीओ राज किशोर शर्मा ने अपनी पुस्तक ₹हम तो जी लेंगे ऐसे भी₹ का किया विमोचन



मदरलैण्ड संवाददाता, फारबिसगंजः प्रखण्ड कार्यालय फारबिसगंज में पदस्थ बीडीओ राज किशोर शर्मा ₹हम तो जी लेंगे ऐसे भी₹(कविता संग्रह) शीर्षक से अपनी पुस्तक का विमोचन किया। यह पुस्तक जिज्ञासा प्रकाशन गाजियाबाद उ०प्र द्वारा प्रकाशित की गई हैं जो कविता.कहानी प्रकाशकों में से एक है। बीडीओ राज किशोर शर्मा द्वारा लिखित इस पुस्तक में 12 कविताओं का संकलन किया गया हैं। जिसके शीर्षक इस प्रकार से हैं- हम तो जी लेगे ऐसे भी.नीव का ईट.यो पल भर में. बसंत आ गया हैं क्या.शब्द. अतीत वर्तमान.तुम्ही तो मेरी कल्पना हो. आषाढ़ में जुगनू.ले भर प्याले का कश.रवि चले अस्पताल को.जीवन की गहराई.नये वर्ष का सेलिब्रेशन। पुस्तक में आधुनिक समय की परिकल्पनाओं पर आधारित हैं। ये इनकी पहली पुस्तक हैं, मगर उनका बहुत ही रचनात्मक एवं सकरात्मक प्रयास हैं। इनकी यह पुस्तक ऑनलाइन मार्केटिंग अमेजॉन पर उपलब्ध हैं जिसकी कीमत मात्र-125/- रु० हैं। साथ ही अनुमंडल. प्रखंड एवं अंचल कार्यालय में पदस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारीयो एवं प्रतिनिधियों द्वारा इस पुस्तक को काफी सराहना मिली।

# नियमित टीकाकरण को लेकर आशा कार्यकताओं एवं आंगनबाड़ी सेविकाओं को दिया गया प्रशिक्षण

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खोदावन्दपुर में कार्यक्रम आयोजित



» मदरलैण्ड संवाददाता

बेगूसराय। शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खोदावन्दपुर में नियमित टीकाकरण के तहत शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को शत-प्रतिशत लाभ दिलवाने के लिए क्षेत्र की आशा कार्यकताओं एवं आंगनबाड़ी सेविकाओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया. प्रशिक्षण के दौरान डब्ल्यूएचओ मॉनिटर मृत्युंजय कुमार एवं यूनिसेफ बीएमसी रंजीत कुमार के द्वारा नियमित टीकाकरण से संबंधित विस्तार से जानकारी प्रशिक्षणार्थियों को दिया गया. साथ ही प्रशिक्षकों द्वारा एनिमिया मुक्त भारत कार्यक्रम के तहत सभी सेविकाओं और आशा कार्यकताओं को छह माह से पांच वर्ष, पांच वर्ष से नौ वर्ष और नौ वर्ष से ऊपर के किशोर किशोरियों को आयरन, सिरप, पिंकी टेबलेट एवं ब्लू टेबलेट खिलाने के बारे में भी प्रशिक्षण में बताया गया. तथा रिपोर्ट भी ससमय जमा करने का निर्देश दिया गया. प्रशिक्षकों ने बताया कि आगामी 7 नवम्बर को कृमि मुक्ति दिवस के रूप में मनाने के लिए वैसे बच्चों को या किशोर किशोरियों को अल्बेंडाजोल की टेबलेट खिलाने का प्रशिक्षण दिया गया, जो कार्यक्रम 7 नवंबर और 11 नवंबर को चलाया जाएगा. उन्होंने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और आशा कार्यकर्ता वैसे बच्चों को एनीमिया मुक्त कार्यक्रम के तहत टेबलेट खिलाएंगे, जो बच्चे स्कूल नहीं जाते हैं. मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ दिलीप कुमार, सीडीपीओ डॉ दर्शना कुमारी, प्रखंड समन्वयक आईसीडीएस अलका कुमारी, बीएचएम सुरेंद्र कुमार, बीसीएम दयाशंकर पासवान, एलएस उषा कुमारी, रमा कुमारी समेत अन्य मौजूद थे.

# डीएम रोशन कुशवाहा ने किया नगर क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण, दिया आवश्यक निर्देश

» मदरलैण्ड संवाददाता



बेगूसराय। लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा को लेकर शनिवार को डीएम रोशन कुशवाहा ने नगर निगम क्षेत्र के डीएम कोठी स्थित पोखर, बड़ी पोखर, सर्वोदय नगर स्थित पोखर, नौलखा मंदिर स्थित पोखर, बाधी स्थित पोखर में नगर निगम के द्वारा चल रहे साफ सफाई समेत कई अन्य कार्यो का भ्रमण कर जायजा लिया। डीएम ने नगर निगम के अधिकारी को पास में बुलाकर कहा कि छठव्रतियों के आस्था को ध्यान में रखते हुए छठ घाटों तक आने वाले रास्ते में समुचित प्रकाश की व्यवस्था करने, पानी की गहराई के हिसाब से पोखर के अंदर घाट के चारों तरफ वैरिकेटिंग बांस का करने के अलावे, घाट पर छठ व्रतियों के लिए स्नान करने के बाद घाट के ऊपर अस्थायी कपड़ा बदलने के लिए कपड़ा का कनात बनाने, छठ घाट तक रास्ते का समतलीकरण करने, सुंदर ढंग से साफ सफाई समय से पूर्व छठ घाट का करने के लिए नगर निगम के आयुक्त और उप नगर आयुक्त को डीएम ने सख्त निर्देश दिया है। वहीं नगर निगम के अधिकारी ने भी डीएम को यह विश्वास दिलाया कि छठ पर्व से पहले नगर निगम के सभी छठ घाटों की तैयारी हर हाल में कर ली जाएगी। इस अवसर पर डीडीसी सुशांत कुमार, नगर आयुक्त, सदर एसडीएम रामानुज प्रसाद सिह, नगर निगम के उप नगर आयुक्त, डीपीआरओ भुवन कुमार के अलावे भी कई अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को मिला लजीज भोजन, खाकर बच्चे हुए खुश, सीडीपीओ ने विभिन्न आंगनबाड़ी केन्द्रों का किया निरीक्षण



» मदरलैण्ड संवाददाता

बेगूसराय। शनिवार को खोदावन्दपुर प्रखंड क्षेत्र के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों को हलवा, पूरी व केला खिलाया गया. इस खाना को खाकर बच्चे बहुत खुश हुए. वहीं दूसरी ओर सीडीपीओ डॉ दर्शना कुमारी ने प्रखंड क्षेत्र के केन्द्र संख्या- 49, 100, 101 समेत कई अन्य आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया. इस मौके पर उन्होंने बताया कि बच्चों का सर्वांगीण विकास की योजना ही समेकित बाल विकास परियोजना कार्यक्रम का लक्ष्य है. इसी कड़ी में शनिवार को बच्चों को लजीज भोजन दिया गया है. आगे भी समय- समय पर ऐसा कार्यक्रम किया जायेगा. निरीक्षण के दौरान संबंधित आंगनबाड़ी केन्द्र की सेविका व सहायिका मौजूद थी.

# धनतेरस पर बाजारों में रौनक,की गयी भगवान धन्वन्तरि की पूजा

» मदरलैण्ड संवाददाता



बेगूसराय। प्रखण्ड क्षेत्र अन्तर्गत सभी क्षेत्रों में मनाया गया धनतेरस और भगवान धन्वन्तरि की की गयी पूजा।आज दीवाली का पहला दिन धनतेरस है। धनतेरस कार्तिक महीने के कृष्णपक्ष की त्रयोदशी तिथि को मनाया जाता है। हिन्दू पौराणिक कथाओं के अनुसार इसी दिन समुद्र मंथन के समय भगवान धन्वन्तरि अपने हाथों में अमृत कलश लेकर प्रकट हुए थे। इसलिए इस दिन को धनतेरस कहते हैं और इस दिन भगवान धन्वन्तरि की पूजा की जाती है। चूँकि भगवान धन्वन्तरि अपने हाथों में कलश लेकर प्रकट हुए थे इसलिए धनतेरस के दिन बर्तन खरीदने की परंपरा है। इस दिन सिर्फ बर्तन ही नहीं , और भी कई चीजें जिन्हें खरीदना शुभ माना जाता है और माँ लक्ष्मी की कृपा बनी रहती है। लेकिन बर्तन किस धातु का है यह धार्मिक रूप से काफी महत्त्व रखता है।

ज्योतिषों के मुताबिक स्टील, एल्युमिनिअम,कांच के बर्तन,चीनी मिट्टी के बर्तन खरीदना शुभ नहीं माना जाता क्योंकि इन सभी सामानों पर प्रत्यक्ष सम्बन्ध राहू से माना जाता है। बर्तन के दुकानों पर इस दिन भारी भीड़ लगी होती है।धनतेरस को झाड़ू खरीदना अत्यंत शुभकारी माना जाता है। झाड़ू से साफ सफाई का काम होता है और इसे घर में नकारात्मक चीजों को दूर करने वाला माना जाता है, जिससे माँ लक्ष्मी का घर में प्रवेश होता है। इसलिए धनतेरस में झाड़ू लाने से माँ लक्ष्मी की कृपा बनती है। सोने चांदी के आभूषण खरीदना आज के दिन बहुत ही शुभ माना जाता है।जो लोग सोने चांदी नहीं खरीद सकते हैं, वे लोग धनतेरस पर पीतल से बने बरतन खरीदें क्योंकि पीतल को अत्यंत शुभ माना जाता है।धार्मिक मान्यता के मुताबिक, माना जाता है कि भगवान धन्वन्तरि के एक हाथ में पीतल का कलश था जिसमें अमृत भरा था, इसलिए पीतल का बर्तन खरीदना अत्यंत शुभकारी है।बाजारों में बढ़ती महंगाई के कारण खरीददारों की भीड़ नदारद थी।सैयां बहुत कमात है, महंगाई डायन मारे जात है वाली गीत चरितार्थ होते दिखाई दे रहा है।

# राज्य पशु टीकाकरण कर्मी करेंगे टीकाकरण का बहिष्कार

» मदरलैण्ड संवाददाता



बेगूसराय। आज तेघरा प्रखंड पशु चिकित्सा पदाधिकारी को प्रखंड अंतर्गत काम करने वाले सभी बिहार राज्य पशु टीकाकरण कर्मी ने वर्ष 2022 में टीकाकरण बहिष्कार करने को लेकर स्मार पत्र दिया, उपरोक्त आवेदन में टीका कर्मियों ने इस बात की चर्चा कीया कि हम सभी टीकाकरण कर्मी विगत 15 वर्षों से टीकाकरण एवं दवा वितरण, ईयर टैगिंग इत्यादि का कार्य करते आ रहे हैं लेकिन सरकार के द्वारा हमारे मानदेय का भुगतान कई वर्षो से नहीं हो पा रहा है ,साथ ही वर्ष भर हमें काम भी नहीं दिया जा रहा है। जिसके कारण हम लोगों के सामने भुखमरी की समस्या उत्पन्न हो गई है। सरकार हम लोगों को लोभ एवं लालच देकर सभी कार्य करवाते आ रही है ।टीकाकरण के समय सरकार द्वारा स्थायीकरण करने का आश्वासन दिया जाता है साथ ही और कई सारी प्रलोभन दिए जाते हैं लेकिन जब ही वह कार्य समाप्त हो जाता है सरकार उन सभी बातों को भूल जाती है और फिर हमें बेरोजगार करके छोड़ देती है ।

इसी संबंध में सभी टीकाकरण कर्मी को विभाग ने पशु मित्र के रुप में स्थाई नियुक्त भी नहीं किया ।कई बार इन चीजों को कहा कि सभी टीका कारण कर्मी को पशु मित्र बनाया जाएगा। वही कर्मियों ने चेतावनी दिया है कि यदि हमारे लंबित सभी मांगों को पूरा नहीं किया जाता है तो वह सभी कर्मी टीकाकरण का बहिष्कार करते रहेंगे एवं विभाग के द्वारा जो कार्य करते थे वह सभी नहीं करेंगे ।

आवेदन रणधीर कुमार ,अमित कुमार सिंह ,रवि रंजन कुमार ,नरेंद्र कुमार पासवान ,मनीष कुमार ,रवीश कुमार ,राजीव कुमार ,अजीत कुमार, संजय कुमार गुप्ता ,मुकुंद कुमार सिंह ने सम्मिलित रूप से अपनी मांग पत्र को प्रखंड पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ0 रमेश कुमार को सौंपा।

# दीया मेकिंग व रंगोली प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया जलवा, पुरस्कार पाकर खिल उठे बच्चों के चेहरे

» मदरलैण्ड संवाददाता



बेगूसराय। धनतेरस व दीपावली के मौके पर क्षेत्र के चर्चित विद्यालय सीडी फोर्ट पब्लिक स्कूल नारायणपुर में शनिवार को स्कूली बच्चों के बीच दीया मेकिंग व रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें सीनियर बालक बालिका वर्ग एवं जूनियर बालक बालिका वर्ग के बीच आयोजित प्रतियोगिता में बच्चों ने उत्साह पूर्वक बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और अपने दिल दिमाग में छिपे कौशल का प्रदर्शन कर जलवा बिखेरा. बच्चो के इस उत्कृष्ट कला कौशल को देखकर दर्शक मंत्र मुग्ध हो गये. सीनियर वर्ग के बीच आयोजित प्रतियोगिता में वर्ग 10 के आदित्य कुमार, उज्ज्वल कुमार, हरिंद्र कुमार, साक्षी कुमारी, सूरज प्रिया प्रथम, सुरुचि श्रेया, ज्योति कुमारी एवं सुहैल ने द्वितीय स्थान, जूनियर वर्ग में रंगोली प्रतियोगिता में सिमरन, आकांक्षी, आराधना, अंजली, चाहत तथा जेहिन ने प्रथम, तथा प्राची एवं खुशबू ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया. सफल प्रतिभागियों को विद्यालय के चेयरमैन मंजू सनगही, निदेशक एस के सिंह, उप प्राचार्य आर के साह, खेल शिक्षक एम कुमार, उदय बाला कृष्ण ने संयुक्त रूप से पारितोषिक देकर सम्मानित किया.

वहीं दूसरी ओर लिटिल हैप्पी होम स्कूल सागी में भी स्कूली बच्चों के द्वारा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसमें सफल छात्र छात्राओं को विद्यालय प्रबंधन की ओर से उन्हें पुरस्कृत किया गया. इसकी जानकारी विद्यालय के प्राचार्य ताजउद्दीन सिद्दीकी ने दिया.

# देशी विदेशी शराब किया गया नष्ट



» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। डंडखोरा विभिन्न कांडों में जप्त देशी एवं विदेशी शराब को थाना प्रांगण में विनष्टीकरण किया गया। दंडाधिकारी सह अंचलाधिकारी उदय प्रसाद ,थाना अध्यक्ष हरिप्रसाद यादव के देखरेख में 13 लीटर देसी शराब तथा 12.720 लीटर विदेशी शराब को नष्ट किया गया। इस मौके पर एएसआई राजू कुमार सिंह, सुरेंद्र प्रसाद दफादार डोमन राय एवं चौकीदार साथ ही मुखिया प्रतिनिधि राजू मिस्त्री, सरपंच प्रतिनिधि कमल यादव मौजूद थे।

# बेगूसराय में बिहार केशरी डॉ श्रीकृष्ण सिंह की मनी जयंती, डीएम व एसपी ने किया माल्यार्पण

» मदरलैण्ड संवाददाता



बेगूसराय। शुक्रवार को बिहार केशरी डा० श्रीकृष्ण सिंह की जयंती मनाई गयी। इस अवसर पर सर्किट हाउस के सामने इनडोर स्टेडियम में श्री बाबू के आदम कद प्रतिमा पर व कलेक्ट्रेट भवन स्थित कारगिल विजय सभागार भवन में श्री बाबू के तैल चित्रो पर जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा, एसपी योगेंद्र कुमार, सदर एसडीएम रामानुज प्रसाद सिंह, जिले के सांसद प्रतिनिधि अमरेंद्र कुमार अमर, समाजसेवी चितरंजन सिंह, विष्णु देव सिंह, मुखिया मो० हसन, के अलावे कई अन्य लोगों ने भी माल्यार्पण कर श्री बाबू को नमन किया। माल्यार्पण करने के बाद डीएम रोशन कुशवाहा ने कहा कि श्री बाबू देश की आजादी की लड़ाई में अग्रणी नेता थे। आज के युवाओं को जरूरत है, उनसे सीख लेने की, उनके द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने की, यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# गढ़पुरा नमक सत्याग्रह स्थल पर श्री बाबू की 135वीं मनायी गयी जयंती

» मदरलैण्ड संवाददाता



बेगूसराय। शुक्रवार को बिहार केसरी श्री बाबू की कर्मभूमि, गढ़पुरा नमक सत्याग्रह स्थल पर उनकी 135वीं जयंती नमक सत्याग्रह गौरव यात्रा समिति के सदस्यों द्वारा मनाई गई। इस अवसर पर बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री डॉ श्रीकृष्ण सिंह के आदमकद प्रतिमा पर नमक सत्याग्रह गौरव यात्रा के राष्ट्रीय महासचिव राजीव कुमार ने माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। श्री बाबू के जयंती समारोह को संबोधित करते हुए नमक सत्याग्रह गौरव यात्रा समिति के राष्ट्रीय महासचिव सह संस्थापक राजीव कुमार ने कहा कि पिछले 70 वर्षों से उपेक्षित यह स्थल आज भी अपनी दशा पर आंसू बहा रहा है। देश की आजादी में अग्रणी भूमिका निभाने वाला गढ़पुरा जहां श्री बाबू ने अंग्रेजों के खिलाफ नमक सत्याग्रह आंदोलन का शंखनाद 21 अप्रैल 1930 ई. को किया था। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गढ़पुरा नमक सत्याग्रह स्थल पर स्वयं 22 दिसंबर 2013 को नमक सत्याग्रह स्थल पर नमन यात्रा के दौरान उनका आगमन हुआ था। सीएम ने एक प्रारूप तैयार कर इसके लिए करीब 2 करोड़ 38 लाख रुपये देने की घोषणा भी की थी, जो अब तक पूरा नहीं हो सका है। उन्होंने आरोप लगाया कि श्री बाबू के स्मारक स्थल पर गलत तरीके से ठीकेदार के द्वारा भवन बना दिया गया है। यहां के तत्कालीन डीएम सीमा त्रिपाठी से जब नमक सत्याग्रह समिति के सदस्यों द्वारा भवन निर्माण की जांच की मांग की गई थी तो उन्होंने अधिकारियों को शीघ्र भवन का जांच कर रिपोर्ट देने को कहा था, लेकिन अभी तक भवन का जांच नहीं हो पाया है और ना ही जमीन का अधिग्रहण जिला प्रशासन के द्वारा ही की सकी। श्री राजीव ने कहा कि सीएम नीतीश कुमार द्वारा दी गई व्यवस्था को धरातल पर अब तक नहीं उतारा जा सका है, जबकि राज्य सरकार के द्वारा गढ़पुरा नमक सत्याग्रह स्थल के लिए 71 डिसमिल जमीन को अधिग्रहण करने के लिए एक करोड़ 28 लाख रुपए आवंटित किया गया। उन्होंने बताया कि जमीन अधिग्रहण कर पार्क का निर्माण, प्रमुख स्वतंत्रता सेनानियों का प्रतिमा लगाना, जमीन अधिग्रहण का कार्य लंबित पड़ा है। इसके लिए सरकार एवं जिला प्रशासन से समिति लगातार गुजारिश कर रही है कि यहां के लंबित कार्यों को पूरा करने के लिए भूमि अधिग्रहण का कार्य जल्द शुरू किया जाए। राजीव कुमार ने डीएम रोशन कुशवाहा से इस संबंध में मांग किया है कि जल्द जमीन का अधिग्रहण कराने के साथ-साथ स्मारक स्थल पर बनाए गए ठेकेदार के द्वारा अवैध तरीके के भवन की जांच कराई जाए। इस मौके पर श्री बाबू के प्रतिमा पर माल्यार्पण बखरी एसडीएम, गढ़पुरा बीडीओ व सीओ ने भी माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। मौके पर वरिष्ठ पत्रकार महेश भारती, मुकेश विक्रम, सुशील कुमार सिंघानिया, मथुरा सहनी, कुमार संजीव, राम उदय साहू, रमेश महतो, डोमन महतो, बबलू महतो, सोनू कुमार, अंकित कुमार समेत अनेक लोग मौजूद थे।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



## संक्षिप्त समाचार

### दो अभियुक्त गिरफ्तार



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। बलिया बेलौन पुलिस ने छापेमारी अभियान चला कर दो अभियुक्त को गिरफ्तार कर कटिहार न्यायालय भेजा गया. थाना अध्यक्ष संजय कुमार पांडे ने बताया की कांड संख्या 133/22 धारा 436,505,504, 34 भादवी के अभियुक्त सिकन्दर यादव, गणेश यादव को मल्लीकपुर से गिरफ्तार किया गया है. उन्होंने बताया की गुप्त सूचना पर छापेमारी के बाद गिरफ्तार किया गया है. क्षेत्र में शांति अमन कायम रखने के लिए किसी तरह की कोई अप्रिय घटना होने पर तुरंत इस पर कार्रवाई करते हुए मामले के तह तक पहुंच कर पिडित को न्याय दिलाने का प्रयास किया जा रहा है. उन्होंने कहा की समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय का हाथ पहुंचे.यही प्रयास किया जा रहा है.

### वर्षों से बंद हाई मास्क लाइट जलने से क्षेत्र हुआ रौशन



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। मनिहारी बाजार चौक पर दशकों से बंद हाई मास्क लाइट को जलाया गया ।ज्ञात हो कि मरम्मत के अभाव के कारण कई वर्षों से हाई मास्क लाइट नहीं जल पा रहा था।रेलवे कॉलोनी के संजय सिंह और बाजार के कुन्दन यादव ने बताया कि विभागीय लापरवाही के कारण इसकी मरम्मत नहीं हो पा रही थी।लगातार बाजार के लोगों द्वारा मरम्मत की मांग की जा रही थी, जिसे समाजसेवी राजेश कुमार उर्फ लाखो यादव के अथक प्रयास से तकनीशियन द्वारा मरम्मत कराकर जलाया गया।हाई मास्क लाइट जलने पर कुंदन यादव, सुनील सिंह, पंकज यादव,अप्पु चौधरी ,गोलू चौधरी, शुभम चौधरी,अदित्य गुप्ता, रौनक अग्रवाल, डॉ संजय सिन्हा ,मुकुल पोद्दार,बबुआ पासवान, चंद्रशेखर पोद्दार, हरेन्द्र ओझा, संतन सिंह, श्याम गुप्ता, अभिषेक अग्रवाल, अधिवक्ता मुकेश यादव, मनोज देव, रामबिलास यादव, शंकर यादव, मदन केसरी, हरिनंदन केसरी, मुरारी गुप्ता ,पप्पु अंसारी, जयप्रकाश अग्रवाल सहित अनेक लोगों ने लाखो यादव के प्रति आभार जताया।

### बाल विकास परियोजना मनसाही के निर्देश पर आंगनबाड़ी केंद्र में सूखा राशन का हुआ वितरण



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। मनसाही बाल विकास परियोजना मनसाही के निदेर्शानुसार प्रखंड के विभिन्न आंगनवाड़ी केंद्रों पर टीएचआर में सूखा राशन का वितरण किया गया।इस मौके पर बाल विकास परियोजना मनसाही के पर्यवेक्षक अंजुम शबा ने बताया कि प्रत्येक माह के 15 या 22 तारीख को टीएचआर में सुखा राशन का वितरण किया जाता हैं।इसी कड़ी में इस माह के 22 अक्टूबर को टीएचआर में सुखा राशन का वितरण किया गया।आंगनवाड़ी केंद्र के 8 धात्री, 8 गर्भवती, 36 कुपोषित, दो अति कुपोषित कुल 54 लाभुक के बीच सुखा रासन का वितरण किया जा रहा हैं।इस मौके पर मोहनपुर पंचायत के वार्ड संख्या 3 आंगनवाड़ी केंद्र संख्या 22 मे आंगनवाड़ी सेविका सविता कुमारी, आंगनवाड़ी पर्यवेक्षिका सुप्रिया श्री की उपस्थिति में टीएचआर में सुखा राशन का वितरण किया गया ।मौके पर सेविका सविता कुमारी ने बताया कि सुखा राशन मेंचावल, दाल ,सोयाबीन,मसाला,नमक, तेल का वितरण 8 गर्भवती, 8 धात्री , 36 कुपोषित, 2 अति कुपोषित कुल 54 लाभुकों के बीच वितरण किया गया।वहीं कुरेठा पंचायत के आँगनवाड़ी बाड़ी केंद्र संख्या 64 राम नगर भट्ठा में सेविका बंटी कुमारी, केंद्र संख्या 87,55 भखरीपुर – 2, में सेविका पिंकी कुमारी,रीता कुमारी ने सुखा राशन का वितरण किया। इस मौके पर बाल विकास परियोजना मनसाही के पर्यवेक्षक अंजुम शबा, सुप्रिया श्री, सहायिका शारदा देवी,पुष्पा कुमारी,फुलमंती देवी,शांति कुमारी सहित पोषक क्षेत्र के लाभुक मौजूद थे।

### दीपावली-छठ को लेकर प्राणपुर थाना प्रांगण में शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी




मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। कटिहार जिले के प्राणपुर थाना परिसर में आगामी दिपावली काली पूजा व महा पर्व छठ के दौरान विधि व्यवस्था बनाए रखने को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई ।उक्त बैठक में त्रिस्तरीय पंचायती राज के जनप्रतिनिधि गणयमान्य बुद्धिजीवी व समाज सेवी लोगों ने बढ़चढ़कर भाग लिया ।बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष अमजद अली,बीडीओ डॉक्टर कुमार सौरभ, सीओ कुमार नलिनीकांत ने संयुक्त रूप से किया ।बैठक के दौरान थानाध्यक्ष अली ने कहा कि काली पूजा को लेकर सभी पूजा समितियों को लाइसेंस लेना अनिवार्य हैं ।पूजा व मूर्ति विसर्जन जुलूस में डीजे बजाने वालों पर आवश्यक कानूनी कारवाई की जाएगी ।इस दौरान लड्डू सिंह, शिव नारायण यादव, लक्ष्मीकांत विश्वास, बैजुद्दीन अंसारी, अब्दुल जलील मदानी, प्रमोद सिंह, खुर्शीद आलम,रामाशीष राय चंदन यादव सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## राशि निकासी के बाद भी महमदिया कमलाधार में छठ घाट निर्माण नहीं होने पर टायर जलाकर विरोध प्रदर्शन करते ग्रामीण

» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार।कटिहार जिले के हसनगंज-महमदिया कमलाधार मे सार्वजनीज छठ घाट निर्माण का मामला तूल पकड़ते जा रहा है। जिसको लेकर सैकड़ो महिला-पुरुष ग्रामीणों ने शुक्रवार को महमदिया पुल के करीब हसनगंज प्रखंड से डंडखोरा प्रखंड को जोड़ने वाली सड़क पर टायर जलाकर विरोध प्रदर्शन किया और भ्ष्टार्चार बंद करो आदि की जमकर नारे बाजी की। इस मौके पर दर्जनो ग्रामीणों ने बताया कि पेंटर की दुकान में रखे शिलापट्ट को देखने के बाद वेबसाइट से पता चला कि महमदिया कमलाधार मे तिन छठ घाट का निर्माण कार्य होना था। लेकिन राशि की निकासी के बाद भी आज तक महमदिया कमलाधार मे एक भी सार्वजनिक छठ घाट का निर्माण कार्य नही हुआ है।वोट बैंक के खातिर बिचौलियों की मदद से जनप्रतिनिधि व सम्बंधित अधिकारियों की मिलीभगत से उक्त छठ घाट को लखनपुर गांव के लखनपुर कमलाधार मे बना दिया गया है।जो सरासर अनुचित है। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि वर्षो पूर्व से महमदिया गांव के करीब बहने वाली कमलाधार को महमदिया कमलाधार एवं लखनपुर गांव के करीब कमलाधार को लखनपुर कमलाधार कहा जाता है। वेबसाइट पर भी दिखाए जाने वाले चार सार्वजनिक छठ घाट मे तीन छठ घाट का नाम महमदिया कमलाधार और एक का नाम




लखनपुर कमलाधार दशार्या गया है।ऐसे मे महमदिया कमलाधार मे बनने वाली छठ घाट को किस आधार पर लखनपुर कमलाधार मे बनाया गया है। जो जांच का विषय है।ऐसे में इस मामले मे जांच कर दोषी लोगों के विरुद्ध कारवाई होनी चाहिए।

प्रखंड प्रमुख नीलू देवी ने बताया कि स्थल निरीक्षण क्रम में महमदिया कमलाधार मे छठ घाट का निर्माण नही हुआ है।जबकि छठ घाट निर्माण की राशि की निकासी हो

- पूर्व उप मुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने किया था शिलान्यास
- विशिष्ट अतिथि सांसद कटिहार हैं
- रीना देवी हैं पंचायत की मुखिया

चुकी है। इस मामले मे जांच कर दोषी पाए जाने वालों पर विधिसम्मत कारवाई की जाएगी।

बीपीआरओ स्नेह नंदनी ने बताया कि जगरनाथपुर पंचायत क्षेत्र के कमलाधार मे छठ घाट का निर्माणकार्य होना था। जो महमदिया मौजा के अंतर्गत लखनपुर कमलाधार मे निर्माण कार्य हो चुका है।लोगों मे गांव के नाम और रेभ्न्यु ग्राम के नाम को लेकर कंफ्यूजन हो रहा है। आगे महमदिया कमलाधार मे भी सार्वजनिक छठ घाट बनवाने को लेकर प्रयास किया जाएगा।



## रजवाड़ा स्थित माँ बमकाली मंदिर



» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। कटिहार जिले के हसनगंज-राजवाड़ा पंचायत स्थित बमकाली मंदिर क्षेत्र वासियों सहित कई जिले के श्रद्धालुओं के लिए प्रमुख आस्था का केंद्र है। सैकड़ो वर्ष पुरानी बमकाली मंदिर से राजवाड़ा की पहचान जुड़ी हुई है। इस मंदिर में प्रतिदिन खासकर मंगलवार एवं शनिवार को सैकड़ो श्रद्धालु नतमस्तक होते हैं।हसनगंज-पलटनिया मुख्य मार्ग व कटिहार-पूर्णिया मुख्य मार्ग पर पलटनिया चौक से करीब आधा किलोमीटर की दूरी पर रेलवे गेट संख्या-7 के समीप मनोकामना पूर्ण के रूप मे प्रसिद्ध माँ बमकाली मंदिर मे काली पूजा के अवसर पर दूर दूर से श्रद्धालु पहुंचते हैं। स्थानीय लोगों की माने तो यहां बमकाली माता जागृत रूप में विराजमान है। मंदिर मे प्रतिमा की स्थापना नही होती है। बल्कि मंदिर के बीच स्थित पीपल पेंड़ की पुजा अर्चना की जाती है। मान्यता है कि माता का स्वरूप पीपल पेंड़ पर ही विराजमान है। जिस वजह से प्रतिमा पूजन नही किया जाता है। श्रद्धालु उक्त पीपल पेंड़ की ही पुजा करते हैं। लोगों में यह विश्वास है कि इस मंदिर मे सच्चे मन से मांगी गई मुरादें माता पूरा करती है। पूर्व मे मिट्टी के चबूतरे के बीच विशाल सिरिस पेंड़ की पुजा की जाती थी। लेकिन धीरे धीरे सिरीस पेंड़ के सूखने पर उसी स्थान पर पीपल का पौधा उग आया जो अब विशाल पेंड़ के रूप में बदल चुका है। साथ ही इस स्थान पर विशाल मंदिर बना दिया गया है। मंदिर प्रांगण मे दो सामुदायिक भवन,छठ घाट व श्रद्धालुओं के बैठने के लिए शेड का भी निर्माण कराया गया है।

पूर्व में मंदिर का निर्माण राजवाड़ा पंचायत के पूर्व मुखिया सह अधिवक्ता सुरेश कुमार राय के द्वारा कराया गया है। जिसे अब श्रद्धालुओं द्वारा वृहत रूप से बनाया गया है। इन्होंने बताया कि सैकड़ो वर्ष पूर्व से यहां बमकाली माता की पुजा अर्चना की जाती है।

मां बमकाली सेवा समिति के पवन चौबे,विशाल राय,

## आजमनगर पुलिस ने विभिन्न मामलों में छः गिरफ्तार, भेजा जेल



» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। लगातार छापामारी कर आजमनगर पुलिस ने तीन नशेबाज तथा एक शराब तस्कर सहित आजमनगर कांड संख्या 325/22 के दो आरोपी को गिरफ्तार कर कागजी प्रक्रिया पूरी करते हुए न्यायिक हिरासत कटिहार भेज दिया है थाना अध्यक्ष राजीव कुमार झा ने बताया कि छापामारी कर अनिल शर्मा पिता स्वर्गीय गरीबा शर्मा सरवन उरांव पिता रामलाल उड़ाओ बबलू ऋषि पिता स्वर्गीय तससू ऋषि सरजू ऋषि को शराब पीने के आरोप में इनमें से एक व्यक्ति को शराब तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है साथ ही आजमनगर थाना कांड संख्या 325/22 आरोपी रिंकू खातून मोहम्मद काबुल 40 वर्ष को गिरफ्तार कर कागजी प्रक्रिया पूरी करते हुए जेल भेज दिया गया है थाना अध्यक्ष राजीव कुमार झा ने बताया कि दोनों आरोपी को पोक्सो एक्ट के तहत जेल भेजा गया है।

## नाइड ब्लड सर्वे व नियमित टीकाकरण को ले हुई जिला टास्क फोर्स की बैठक

» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। जिले में फाइलेरिया के मरीजों की पहचान के लिए स्वास्थ्य विभाग अगले माह 03 से 11 नवंबर तक नाइट ब्लड सर्वे अभियान माइक्रोप्लान के तहत चलाएगा। साथ ही नियमित टीकाकरण को लेकर कार्य योजना पर चर्चा की गई। इसी दोनों अभियान को लेकर शनिवार को नाइट ब्लड सर्वे एवं नियमित टीकाकरण को लेकर जिला टास्क फोर्स की बैठक समाहरणालय सभागार में हुई। जिसकी अध्यक्षता जिलाधिकारी उदयन मिश्रा ने की। इस दौरान डीएम ने कहा कि फाइलेरिया बीमारी को देखते हुए अगले माह तीन से ग्यारह नवंबर तक जिले के 16 प्रखंडों के दो-दो गांवों में, जबकिं कटिहार शहरी क्षेत्र के दो वार्ड को चिह्नित किया गया है।जहां पर नाइट ब्लड सर्वे अभियान चलाया जाएगा। साथ ही इस दौरान लोगों के रक्त के नमूने लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक टीम में शामिल लैब टेक्नीशियनए वीबीडीएसए बीसीएम एवं फाइलेरिया मरीज के अलावा आशा कार्यकर्ताए जीविका समूह की दीदी के अलावा स्थानीय स्तर के चयनित पंचायत प्रतिनिधियों का सहयोग मिलेगा। बैठक में सिविल सर्जन डॉ दीनानाथ झा, डीएमओ डॉ जेपी सिंह, डीआईओ डॉ मनोज चौधरी, डीपीएम डॉ किशलय




कुमार, वीबीडीसीओ एनके मिश्रा, वीबीडीसी जेपी महतो, जीविका के डीपीएम इंद्र शेखर इंदु, केयर इंडिया के डीपीओं चंदन कुमार, पीसीआई के अंजनी पाण्डेय, डब्ल्यूएचओ के एसएमओ डॉ मोहम्मद सुभान अली, सीफार के डीपीसी धर्मेंद्र रस्तोगी एवं डीसी (एलएफ/वीएल) पल्लवी कुमारी के अलावा जिलें के सभी एमओआईसी, बीएचएम व बीसीएम सहित कई अन्य अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

मरीजों की संख्या के आधार पर बनाया गया सेंटिनेल और रैंडम साइटः सिविल सर्जन

सिविल सर्जन डॉ दीनानाथ झा ने बताया कि जिलें के सभी प्रखंडों में दो-दो साइट बनाए गए हैं। जिसमें एक सेंटिनेल और दूसरा रैंडम साइट के माध्यम से लोगों के रक्त के नमूने लिए जाएंगे। फाइलेरिया मरीजों की संख्या अधिक होने की स्थिति में सेंटिनेल साइट का नाम दिया गया है, जबकि इसके अलावा रैंडम साइट के तहत वैसे स्थलों का चयन किया गया है। जहां पर फाइलेरिया के मरीजों की संख्या कम है। नाइट ब्लड सर्वे के दौरान एक साइट पर 20 वर्ष से अधिक उम्र के 300 लोगों की जांच करने के लिए हमारी चार सदस्यीय टीम काम करेगी।शत प्रतिशत सफलता के लिए चयनित स्थलों के आसपास बैनर, पोस्टर एवं माइकिंग के द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

फाइलेरिया के परजीवी रात में ही मुख्य रूप से होते हैं सक्रियः डॉ जेपी सिंह

जिला वेक्टर बॉर्न डिजीज नियंत्रण पदाधिकारी डॉ जय प्रकाश सिंह ने कहा कि नाइट ब्लड सर्वे के तहत फाइलेरिया प्रभावित क्षेत्रों की पहचान कर ली गई हैं। वहां रात्रि के 8 : 30 से लेकर 12 तक 20 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों का रक्त संग्रह किया जाएगा। इसके बाद ही इस रक्त के नमूने को प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजा जाएगा। क्योंकि रक्त में फाइलेरिया के परजीवी की मौजूदगी का पता लगाया जाता है। फाइलेरिया का परजीवी रात में ही सक्रिय होते हैं, इसीलिए नाइट ब्लड सर्वे से सही रिपोर्ट की जानकारी ला पता चल पाता हैं। इससे फाइलेरिया के संभावित मरीजो का समुचित इलाज किया जाता है।

## शादी का प्रलोभन देकर किया यौन शोषण गर्भवती होने पर करा दिया गर्भपात मामला हुआ दर्ज

» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। कटिहार जिले के आजमनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत काजीपुरा गांव में एक नाबालिग युवती के साथ शादी का प्रलोभन देकर लगातार करता रहा यौन शोषण नाबालिक युवती हो गई गर्भवती तब जाकर हुआ मामले का खुलासा उक्त मामले में आजम नगर थाने में दिए गए आवेदन में बताया गया है कि गांव के ही एक लड़के मोहम्मद कैफ के साथ मोबाइल पर बातचीत होती थी इस दौरान कैप ने शादी का प्रलोभन देकर नाबालिक



युवती के साथ लगातार यौन शोषण करता रहा लड़की जब गर्भवती बन गई तब मामले का खुलासा हुआ घटना की जानकारी अपने मां-बाप को दिए जाने के बाद लड़की के द्वारा लड़के के माता-पिता को घटना की पूरी जानकारी बताई गई परंतु लड़के के माता-पिता के द्वारा लड़की को काफी मारपीट किया गया इस बाबत पेट में भी चोट लगी जिससे लड़की का गर्भपात हो गया उक्त मामले में आजम नगर थाने में लड़की के आवेदन पर पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कराया गया है मामला दर्ज होने के बाद ही आजमनगर पुलिस त्वरित कार्रवाई करते हुए लड़के के माता-पिता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है थाना अध्यक्ष राजीव कुमार झा ने बताया कि उक्त मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए लड़के के पिता मोहम्मद काबुल माता रिंकू खातून को गिरफ्तार कर कागजी प्रक्रिया पूरी करते हुए न्यायिक हिरासत कटिहार भेज दिया गया है।

## पशु टीकाकरण को लेकर कीट का किया गया वितरण

» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। डंडखोरा पशुओं में होने वाले विभिन्न प्रकार के रोगों से बचाव के प्रखंड क्षेत्र में टीकाकरण अभियान को लेकर प्रथम वर्गीय पशु अस्पताल डंडखोरा में 12 टीका कर्मियों को टीकाकरण किट उपलब्ध कराया गया । किट वितरण करते डॉ अभय कुमार ने बताया कि पशुओं में होने वाले जीवाणु जनित रोग गला घोटू, लंगड़ा बुखार, विषाणु जनित मुंहपका ,,खुरपका ,मिल्की फीवर, थनैला लंगडी रोग आदि के बचाव के लिए 6 पंचायतों के लिए 12 कर्मियों की टीम बनाई गई है ।उन्होंने कहा कि टीका कर्मियों को इसके लिए प्रशिक्षित किया गया है ताकि क्षेत्र में पशुओं



के टीकाकरण के साथ-साथ पशुपालकों को रोग से बचाव लक्षण एवं पशुओं के रखरखाव से संबंधित जानकारी भी देंगे। इस मौके टीकाकर्मी राजेंद्र प्रसाद मंडल, जीवछ कुमार ,अशोक रविदास, विकास कुमार ,मनोज कुमार, अजय कुमार ,मिथिलेश कुमार ,मंटू कुमार, राजाराम ,कुंदन कुमार आदि मौजूद थे।

# ऊफनती गंगा में जान हथेली पर रख करते हैं लोग गंगा पार छोटे नावों का होता है परिचालन जिम्मेदार मौन क्यों है?

» इम्तेयाज आलम, मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। कटिहार जिले के मनिहारी से साहेब गंज को जोड़ती गंगा नदी के दोनो ओर बसे लोगों के रिस्तेदारों के यहां आना जाना नदी मे आयी बाढ़ की बजह से जोखिम भरा होने के बाद भी पार उतरने की विवशता है।

मनिहारी कुटीघाट पर फेरी सेवा मे लगी एक मालवाहक जहाज हादसे मे नदी मे ट्रक समाने की घटना के बाद से ही इस दिशा मे चल रही जांच पड़ताल की कानूनी अड़चन के कारण जूलाई से ही नदी मार्ग से होने वाली यात्री फेरीसेवा बाधित है। साहिबगंज से मनिहारी और मनिहारी से साहिबगंज प्रत्येक दिन सैकडों की संख्या मे लोग आज भी नाव के सहारे जान जोखिम मे डालकर यात्रा करने को विवश हैं ।बड़ी संख्या मे महिला, शिशु व शिशुवती महिलाओं के लिए भी ऊफनती नदी नाव से पार उतरने की विवशता है ।दीयरा क्षेत्र के लोग भी अपनी रोजमर्रा की जीवन उपयोगी सामना की खरीदारी कृषि उत्पाद यथा अनाज ,दूध फल सब्जी की बिक्री के लिए नाव का सहारा लेना पड़ता है। ईलाज के लिए मरीजों को अस्पताल तक लाने ले जाने के लिए नाव ही ईन दिनों साधन बचा है ।इतना ही नहीं साहिबगंज क्षेत्र से दबा की खेप भी कटिहार के बाजारों मे थोक दबा बिक्रेताओं के लिए नाव से दबा मंगवाने की विवशता है ।इन नावो का कोई निवंधन व उचित नियंत्रण के अभाव मे जान हथेली पर रखकर पार उतरने की मजबूरी के बीच यात्रियों का आर्थिक दोहन नाव चालकों द्वारा किया जाता है ।प्रति व्यक्ति साहिबगंज का भाड़ा सौ रुपये जबकि लालबथानी



दियरा के लिए प्रति व्यक्ति पचास रुपये वसूले जाते हैं।

लम्बे समय से उक्त मार्ग पर यात्री फेरीसेवा बाधित रहने ,चोरी छिपे ऊफनती नदियों मे नाव के सहारे नदी पार उतरने की प्रति दिन की जोखिम भरे इस कदम से जिला प्रशासन व जनप्रतिनिधि इस समस्या के प्रति मौन है। प्रशासन की इस समस्या के प्रति उदासीनता किसी दिन बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है ।आवश्यक्ता है इस दिशा मे समय रहते कोई वैकल्पिक व्यवस्था किये जाने की ।विवशता है ।दीयरा क्षेत्र के लोग भी अपनी रोजमर्रा की जीवन उपयोगी सामना की खरीदारी कृषि उत्पाद यथा अनाज ,दूध फल सब्जी की बिक्री के लिए नाव का सहारा लेना पड़ता है। ईलाज के लिए मरीजों को अस्पताल तक लाने ले जाने के लिए नाव ही ईन दिनों साधन बचा है ।इतना ही नहीं साहिबगंज क्षेत्र से दबा की खेप भी कटिहार के बाजारों मे थोक दबा बिक्रेताओं के लिए नाव से दबा मंगवाने की विवशता है ।इन नावो का कोई निवंधन व उचित नियंत्रण के अभाव मे जान हथेली पर रखकर पार



उतरने की मजबूरी के बीच यात्रियों का आर्थिक दोहन नाव चालकों द्वारा किया जाता है ।प्रति व्यक्ति साहिबगंज का भाड़ा सौ रुपये जबकि लालबथानी दियरा के लिए प्रति व्यक्ति पचास रुपये वसूले जाते हैं ।लम्बे समय से उक्त मार्ग पर यात्री फेरीसेवा बाधित रहने ,चोरी छिपे ऊफनती नदियों मे नाव के सहारे नदी पार उतरने की प्रति दिन की जोखिम भरे इस कदम से जिला प्रशासन व जनप्रतिनिधि इस समस्या के प्रति मौन है। प्रशासन की इस समस्या के प्रति उदासीनता किसी दिन बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है ।आवश्यक्ता है इस दिशा मे समय रहते कोई वैकल्पिक व्यवस्था किये जाने की। यात्री फेरीसेवा बंद रहने से मनिहारी- साहिबगंज के बीच ऊफनती नदी मे तकरीबन 8-9 किलोमीटर नाव से यात्रा कर लोगों के पार उतरने की विवशता के मद्देनजर स्थानीय विधायक मनोहर प्रसाद

- मनिहारी से साहिबगंज के बीच उफनती गंगा की लहरों पर छोटे नावों का होता है परिचालन कौन है जिम्मेदार
- जिम्मेदार क्यों है मौन?
- बीते महीनों में हुए नाव हादसे के बाद मनिहारी साहिबगंज के बीच फेरी सेवा है बंद
- जिसका खामयाजा बड़ी आबादी को भुगतना पड़ रहा आखिर क्यों?
- यात्री फेरी सेवा बंद रहने से मनिहारी-साहिबगंज के बीच ऊफनती नदी में तकरीबन 8-9 किलोमीटर नाव से यात्रा करना लोगों की है विवशता
- मनिहारी विधायक मनोहर प्रसाद सिंह ने पत्रांक 112/2022 के माध्यम से जिला पदाधिकारी से उक्त मार्ग पर फेरीसेवा बहाल करने की मांग की है

सिंह ने पत्रांक 112/2022 के माध्यम से जिला पदाधिकारी से उक्त मार्ग पर फेरीसेवा बहाल करने की मांग की है।

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस टीम ने छापेमारी अभियान चलाकर शराब के नशे में तीन को गिरफ्तार कर भेजा जेल



मदरलैण्ड संवाददाता, नरपतगंज। थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के अलग-अलग जगह छापेमारी अभियान चलाकर शराब के नशे में तीन पियक्कड़ को गिरफ्तार कर थाना लाया जहां आवश्यक जांच पड़ताल के बाद मेडिकल जांच के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नरपतगंज भेजा गया जहां चिकित्सकों ने शराब पीने की पुष्टि की जिसके बाद प्राथमिकी दर्ज कर शनिवार को जेल भेज दिया गया गिरफ्तार में नरपतगंज के सागर चौक निवासी दिलीप कुरेल पिता कार्तिक कुरेल, मधुरा दक्षिण वार्ड संख्या 6 निवासी अशोक पासवान पिता रामनारायण पासवान एवं वरदाहा निवासी वरुण कुमार पिता अशोक यादव शामिल है जानकारी अनुसार सभी लोग अलग-अलग जगह शराब पीकर हंगामा कर रहे थे की पुलिस ने छापेमारी कर गिरफ्तार कर लिया मामले को लेकर थानाध्यक्ष अध्यक्ष शैलेश कुमार पांडेय ने बताया कि गिरफ्तार तीनों को मेडिकल जांच में शराब पीने की पुष्टि होने के बाद प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेजा गया।

### दो शराबी को भेजा जेल



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। डंडखोरा संध्या गश्ती के दौरान दो पियक्कड़ को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। भमरेली पंचायत के खिरखिरिया गांव अपना ससुराल आये युवक कोढ़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत गेड़बाड़ी के 28 वर्षीय राजेंद्र ऋषि तथा मझुआ गांव के 50 वर्षीय निरंजन शर्मा को शराब के नशे में गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि हरिप्रसाद यादव ने बताया कि दोनों का मेडिकल टेस्ट के बाद जेल भेज दिया गया है।

### जनता दरबार में पहुंचे एक जिसका हुआ निष्पादन



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। डंडखोरा भूमि विवाद को लेकर सप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन थाना प्रांगण में किया गया। भूमि विवाद से संबंधित मामलों पर सुनवाई अंचल पदाधिकारी उदय प्रसाद ,प्रशिक्षु एसआई समरजीत कुमार की उपस्थिति में की गई । 1 नए मामले महेशपुर पंचायत के डुमरिया गांव के गायत्री देवी की सुनी गई । दो पक्षों की सहमति बनाने का प्रयास किया गया। मामले का ऑन द स्पॉट निष्पादन कर दिया गय। ।इस मौके पर अंचल कार्यालय सहायक मोहम्मद जैद महेशपुर पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि कमल यादव फरियादी गायत्री देवी सहित अन्य कर्मी तथ कई लोग मौजूद थे।

### पूर्णिया जिले के मुफस्सिल थाना में मनाया गया शहीद संस्मरण दिवस शहीद पुलिस कर्मियों को दी गई श्रद्धांजलि



मदरलैण्ड संवाददाता, पूर्णिया ।पूर्णिया जिले के मुफस्सिल पुलिस ने शुक्रवार को थाना परिसर में पुलिस संस्मरण दिवस मनाया गया ।इस मौके पर मुफस्सिल थाना के सभी थाना पुलिस पदाधिकारी ,सभी थाना स्टाफ मौजूद थे ।संस्मरण दिवस के मौके पर शहीद जवानों को पुष्प अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई ।इस दौरान सभी शहीद पुलिस कर्मियों को श्रद्धांजलि के साथ सलामी भी दी गई ।कार्यक्रम के दौरान थानाध्यक्ष संतोष कुमार झा ने शहीद होने वाले जवानों का नाम पढ़ कर सुनाया उन्होंने बताया कि वर्ष (2021-2022) में बिहार राज्य में कुल 7 पुलिसकर्मी शहीद हुए हैं । उन्होंने कहा कि अदम्य साहस का परिचय देते हुए अपने कर्तव्य का पालन करते हुए जिन जवानों ने अपनी शहादत दी है ।आज हम उन्हें याद कर रहे हैं ।इस मौके पर थानाध्यक्ष ने उपस्थित सभी थाना कर्मी को बताया कि हम उन वीर जवानों को कभी नहीं भूल सकते हैं जिन्होंने ड्यूटी के दौरान अपनी जान गवाई ।देश के लिए शहीद होना गौरव की बात है लेकिन शहीद जवानों की कमी हमेशा खलेगी ।कोई उनकी जगह नहीं ले सकता हैं ।उन्होंने कहा कि शहीदों की कमी को भुलाया नहीं जा सकता ।पुलिस हमेशा अपने कर्तव्यों का पालन करने के लिए तत्पर है ।थानाध्यक्ष ने उपस्थित थाना कर्मी को जानकारी देते हुए बताया कि 21 अक्टूबर 1959 को लद्दाख के हॉट स्प्रिंग में चीनी सेना के साथ आक्रमण में सीआरपीएफ अधिकारी कर्म सिंह अपने 20 साथियों के साथ शहीद हो गए थे ।तब से 21 अक्टूबर को पुलिस संस्मरण दिवस मनाया जा रहा है ।उन्होंने बताया कि हर साल 1 सितंबर से 31 अगस्त के बीच ड्यूटी के दौरान शहीद हुए पुलिसकर्मी इस दिन याद किए जाते हैं ।इसी को लेकर आज शहीद जवानों को श्रद्धांजलि और सलामी दी जाती है ।इस मौके पर मुफस्सिल थाना के एस आई शिव बच्चन राम,ए एस आई भोला सिंह,संजय कुमार 2,राज कुमार रजक,रमेश पासवान सहित सशस्त्र बल,थाना वाहन चालक गौतम कुमार सहित चौकीदार व अन्य लोग मौजूद थे।

## नई टेक्नोलॉजी एवं इनोवेशन का यूज कर जिले को कृषि उत्पादकता में बनायें अग्रणी : जिलाधिकारी

» मदरलैण्ड संवाददाता

बेतिया। डीआरसीसी (जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र) में आज रबी महाभियान-सह-जिलास्तरीय कर्मशाला का भव्य आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम का मुख्य अतिथि जिलाधिकारी, कुंदन कुमार द्वारा दीप प्रज्जवलित कर विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि श्री डी0पी0 त्रिपाठी, अपर निदेशक (शस्य)-सह-निदेशक, पी0पी0एम0, बिहार, उप विकास आयुक्त, श्री अनिल कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी, श्री विजय प्रकाश सहित कृषि समन्वयक, किसान सलाहकार, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक, सहायक तकनीकी प्रबंधक तथा कृषकगण उपस्थित रहे।

अपने संबोधन में जिलाधिकारी, श्री कुंदन कुमार ने कहा कि आज का यह कार्यक्रम अत्यंत ही महत्वपूर्ण है। इससे जिले के सभी किसान लाभ प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि रास्ते को मंजिल नहीं समझे, मंजिल तक पहुंचने के लिए प्रयास करें। मंजिल है रबी के क्षेत्र में जिले में उत्पादन ज्यादा बढ़ें और किसानों की आमदनी में इजाफा हो।

उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था में कृषि क्षेत्र का महत्वपूर्ण योगदान है। आज दुनिया नई टेक्नोलॉजी एवं इनोवेशन का यूज कर कृषि में आगे बढ़ रही है। जिले के किसानों को भी टेक्नोलॉजी एवं इनोवेशन का प्रयोग कर कृषि क्षेत्र में उत्पादकता को बढ़ाने की जरूरत है। पारंपरित सोंच एवं खेती से बदलती दुनिया के साथ कदमताल करते हुए जिले को कृषि उत्पादकता में अग्रणी बनाना है।



उन्होंने कहा कि सभी आज धनतेरस एवं दीपावली के अवसर पर यह संकल्प लें किसानों की बेहतरी के लिए, उनके कल्याण एवं उत्थान के लिए। साथ ही पश्चिम चम्पारण जिले में विश्वस्तर के अनुरूप उत्पादकता बढ़ाने की ओर लक्ष्य रखकर कृषि को आगे बढ़ाने का भी। जिलाधिकारी ने कहा कि पश्चिम चम्पारण जिले में लगभग 50 हजार हेक्टेयर क्षेत्र अनयूटिलाइज है, जिसे कृषि क्षेत्र में उपयोग करने का लक्ष्य रखा गया है। जिले में एक अभियान चलाकर ऐसे अनयूटिलाइज क्षेत्र को कृषि योग्य बनाया जायेगा ताकि अधिक से अधिक किसानों को इससे लाभ हो सके।

उन्होंने कहा कि किसानों के पास वैकल्पिक आजीविका के साधन अवश्य होने चाहिए ताकि किसी कारणवश फसल खराब होने की स्थिति में परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े। कृषि के साथ-साथ पोल्ट्री, गोट्री, डेयरी, मत्स्य, मशरूम, मखाना, एरोमेटिक प्लांटेशन आदि के क्षेत्र में जिला प्रशासन द्वारा कार्य योजना बनाकर कार्य किया जा रहा है। किसानों को इस पर भी अमल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कृषि एलायड की तरफ किसानों को अग्रसर होना होगा। सरकार एवं जिला प्रशासन द्वारा किसानों को हरसंभव मदद की जायेगी। उन्होंने सभी संबंधित विभागों से कहा कि समन्वय स्थापित कर किसानों की बेहतरी के लिए कारगर कार्रवाई करें। सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं से किसानों को लाभान्वित करें।

उन्होंने कहा कि फुट प्रोसेसिंग के क्षेत्र में भी जिले के किसानों को आगे आने की आवश्यकता है। जिला प्रशासन द्वारा अमवा मझार में टरमरिक (हल्दी) प्रोसेसिंग यूनिट का अधिष्ठापन कराया जा रहा है। बड़े मल्टीनेशनल कंपनी की तरह पश्चिम चम्पारण जिले का भी हल्दी एक ब्रांड बनेगा। इससे हजारों हल्दी किसानों को लाभ मिलेगा। जिले के अन्य जगहों पर भी इच्छुक किसान हल्दी प्रोसेसिंग यूनिट जिसमें आधुनिक मशीन ड्रायर, ब्वॉयलर आदि है, का अधिष्ठापन कर सकते हैं।

जिलाधिकारी द्वारा जिला कृषि पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि हल्दी प्रोसेसिंग यूनिट को शीघ्रातीशीघ्र फंक्शनल कराया जाय। साथ ही जिले के किसान सलाहकार एवं समन्वयकों को अधिष्ठापन स्थल पर ले जाकर अच्छे तरीके से प्रशिक्षित कराया जाय। उन्होंने कृषि सलाहकार एवं समन्वयकों को निदेश दिया कि गेहूं, धान, मक्का आदि की खेती के अलावा अगर जिले के किसानों द्वारा प्रोसेसिंग की जा रही है तो इसकी सूचना तुरंत दें ताकि उसको सरकारी सहायता प्रदान करते हुए आगे बढ़ाया जा सके।

उन्होंने कहा कि मरचा धान/चूड़ा को जीआई टैग दिलाने हेतु जिला प्रशासन द्वारा अथक प्रयास लगातार किया जा रहा है। जीआई टैग के लिए प्रक्रिया अब अंतिम चरण में है, शीघ्र ही मरचा धान/चूड़ा को जीआई टैग मिलने की संभावना है। इससे जिले के मरचा धान/चूड़ा को एक अलग पहचान मिलेगी और किसानों की आमदनी भी बढ़ेगी।

उक्त कार्यक्रम को श्री डी0पी0 त्रिपाठी, अपर निदेशक (शस्य)-सह-निदेशक, पी0पी0एम0, बिहार तथा उप विकास आयुक्त, श्री अनिल कुमार द्वारा भी संबोधित किया गया। इनके द्वारा रबी महाभियान, बीज वितरण, फसल अवशेष, स्वायल हेल्थ कार्ड आदि की विस्तृत जानकारी किसानों को दी गयी।

कार्यक्रम के तकनीकी सत्र में विशेषज्ञों एवं अधिकारियों द्वारा जलवायु अनुकूल कृषि, फसल अवशेष प्रबंधन, कृषि यांत्रिकरण योजना, मुख्यमंत्री तीव्र बीज विस्तार योजना, बीज ग्राम योजना का कार्यान्वयन तथा बीज से संबंधित अन्य कार्यक्रमों की जानकारी एवं बीज की उपलब्धता, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना एवं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन, रबी मौसम में उर्वरक की आवश्यकता, उपलब्धता एवं प्रवर्तन, मत्स्य पालन से संबंधित योजनाओं की जानकारी, उद्यान योजना, पशुपालन योजना, आत्मा योजना, कृषि फसल बीमा, केसीसी ऋण, पीएम किसान योजना, रबी फसलों की वैज्ञानिक खेती आदि की विस्तृत जानकारी कृषकों को दी गयी।

जिलाधिकारी द्वारा 10 किसानों के बीच स्वायल हेल्थ कार्ड का वितरण किया गया। साथ ही 05 किसानों के बीच 08 किलोग्राम प्रति किसान की दर से 05 मिनी मसूर किट एवं 05 किसानों के बीच 02 किलोग्राम प्रति किसान की दर से 05 राई सरसो मिनी किट का वितरण भी किया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा रबी महाभियान प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रबी महाभियान प्रचार रथ किसानों को रबी फसलों की तकनीकी जानकारी, मौसम अनुकूल कृषि कार्यक्रम से सबंधित जानकारी, किसान चौपाल के द्वारा कृषि विभाग की सभी योजनाओं की जानकारी, फसल अवशेष प्रबंधन के प्रति जागरूकता, जैविक खेती को प्रोत्साहन, रबी मौसम में कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी जिले के किसानों को प्रदान करेगा।

## मुख्यमंत्री खेल विकास योजना के तहत जिला मुख्यालय में शीघ्र होगा बास्केटबॉल एवं वालीबॉल कोर्ट का निर्माण

### जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समीक्षात्मक बैठक सम्पन्न

» मदरलैण्ड संवाददाता

बेतिया।कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के छात्र एवं युवा निदेशालय द्वारा खेल संस्कृति को विकसित करने के उदेश्य से मुख्यमंत्री खेल विकास योजना अंतर्गत जिला मुख्यालय में बास्केटबॉल कोर्ट एवं वालीबॉल कोर्ट का निर्माण किया जाना है। इस हेतु कार्रवाई प्रारंभ कर दी गयी है। बास्केटबॉल कोर्ट एवं वालीबॉल कोर्ट निर्माण हेतु की जा रही कार्रवाई की समीक्षा आज जिलाधिकारी, श्री कुंदन कुमार द्वारा की गयी।



जिलाधिकारी ने कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग को निदेश दिया कि बास्केबॉल एवं वालीबॉल कोर्ट निर्माण के लिए प्राक्कलन तैयार कर तकनीकी स्वीकृति के पश्चात प्रशासनिक स्वीकृति हेतु प्रस्ताव अविलंब उपलब्ध करायें। अंचलाधिकारी, बेतिया को निदेश दिया गया कि बास्केटबॉल कोर्ट के लिए 37मी025मी0 तथा वालीबॉल कोर्ट के लिए 35मी025मी0 भूमि अविलंब चिन्हित करें ताकि कोर्ट निर्माण की कार्रवाई आगे बढ़ सके।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में खेल सुविधाओं का विस्तार करने एवं खिलाड़ियों की प्रतिभाओं को निखारने के लिए जिला प्रशासन द्वारा कई कदम लगातार उठाये जा रहे हैं। जिला प्रशासन का उदेश्य है कि खेल के विभिन्न विधाओं में जिले के खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना परचम लहरा सके। उन्होंने कहा कि बास्केटबॉल एवं वालीबॉल कोर्ट का निर्माण हो जाने से जिले के खिलाड़ियों को प्रतिभा निखारने का अवसर मिलेगा, उन्हें बास्केटबॉल एवं वालीबॉल खेलने के लिए बेहतर कोर्ट उपलब्ध हो सकेगा। बास्केटबॉल कोर्ट निर्माण की प्रक्रिया तीव्र गति से क्रियान्वित किया जाय।

बैठक में उप विकास आयुक्त, अनिल कुमार, अपर समाहर्ता, राजीव कुमार सिंह, वरीय उप समाहर्ता, रवि प्रकाश, जिला खेल पदाधिकारी, विजय कुमार पंडित सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## महिला की हत्या के आरोपित को भितहा पुलिस ने किया गिरफ्तार



» मदरलैण्ड संवाददाता

बेतिया। भितहा पुलिस ने सुभावती देवी हत्या मामले में एक अप्राथमिकी अभियुक्त चन्दरपुर मलाही टोला गांव के प्रमोद यादव को गिरफ्तार किया है। मच्छहा पूर्वी टोला गांव के जवाहीर बैठा की पत्नी सुभावती देवी का शव 9 अक्टूबर 2022 की सुबह गांव से सटे दक्षिण सरेह धान के खेत में बरामद किया गया था। और मृतका के मां के आवेदन पर अज्ञात के विरुद्ध हत्या के आरोप में एफआईआर दर्ज कर पुलिस जांच में जूटी थी। गौरतलब हो सुभावती देवी का गला रेतकर आठ अक्टूबर की रात हत्या कर दिया गया था। गहन जांच से घटना के बाद 13 दिन बाद हत्यारों के पहचान में पुलिस को कामयाबी मिली है। हालांकि पुलिस घटना क्रम का खुलासा करने से परहेज कर रही है। लेकिन क्षेत्र में हर कोई घटना क्रम से अवगत होना चाहता है। शनिवार को थानाध्यक्ष शाहिद अनवर अंसारी ने बताया कि सुभावती देवी के हत्या मामले में थाना कांड संख्या 182/22 से भा.द.वि की धारा 302,201 में मृतका के मां के आवेदन पर अज्ञात के विरुद्ध एफआईआर दर्ज किया गया। अनुसंधान के क्रम में अप्राथमिकी अभियुक्त प्रमोद यादव को गिरफ्तार कर आवश्यक पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया।

## साठी पुलिस ने शराब कारोबारी समेत एक पियक्कड़ को किया गिरफ्तार



» मदरलैण्ड संवाददाता

बेतिया। साठी पुलिस ने संध्या गश्ती के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के धमौरा गांव से गिरगिट बिन पिता स्वर्गीय गोपी मुखिया को 3 लीटर देसी चुलाई शराब के साथ गिरफ्तार किया गया तथा उसी गांव से शराब पीने के जुर्म में हिमांचल पटेल पिता नवलाख पटेल को गिरफ्तार किया गाया गिरफ्तार अभियुक्तों पर बिहार उत्पाद मध निषेध अधिनियम के तहत साठी थाना कांड संख्या 231/22 तथा काण्ड संख्या 232/22 दर्ज कर पुलिस अभिरक्षा में में बेतिया जेल भेज दिया गया इस संबंध में साठी थाना अध्यक्ष उदय कुमार द्वारा बताया गया शराब के विरुद्ध थाना क्षेत्र में अभियान लगातार जारी है पर्व को देखते हुए विशेष चौकसी बरती जा रही है इसी क्रम में गुप्त सूचना प्राप्त हुई थाना क्षेत्र में शराब कारोबारी शराब लेकर जा रहा है त्वरित कार्रवाई करते हुए शराब बेचने और पीने के आरोप में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर थाना लाया गया और मेडिकल जांच उपरांत शराब पीने की पुष्टि हुई जिसके बाद दोनों के ऊपर बिहार उत्पाद अधिनियम के सुसंगत धाराओं के साथ प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

## पुरुषोत्तमपुर थाना के पास दो बोरा शराब बरामद तस्कर मौके से फरार




- पुरुषोत्तमपुर पुलिस को चकमा देकर मौके से तस्कर बाइक लेकर हुआ फरार
- मुंशी से पूछे जाने पर उनके द्वारा साफ इंकार किया जा रहा था,जबकि शराब की बोरी सामने पड़ी हुई थी।
- थाने के मुंशी द्वारा इस मामले को दबाने की कोशिश भी की गई
- घटना सुबह 8 बजे की लेकिन थानाध्यक्ष द्वारा 12 बजे तक नही मिला संतोषजनक जवाब।

» मदरलैण्ड संवाददाता

बेतिया। पश्चिम चम्पारण मैनाटांड़ प्रखण्ड क्षेत्र के पुरुषोत्तमपुर थाना से महज 20 कदम दूरी उत्तर दिसा चौराहे के पास से दो चट्टी के बोरा में भारी मात्रा में देशी कस्तूरी शराब बरामद हुए और मौके से तस्कर भागने में सफल रहा। सोचने वाली बात यह है की महज थाना से 20 कदम दूरी से शराब पकड़ा जाता हैं और पुलिस को पकड़ने से पहले ही तस्कर शराब के बोरी फेक कर मोटरसाइकिल से भाग जाता हैं बेतिया मैनाटांड़ मुख्य मार्ग पर,सूत्रों से मिली जानकारी की घटना शुक्रवार की सुबह 7:30 बजे की बताई जा रही हैं तस्कर बाइक पर रखकर नेपाल के तरफ से शराब लेकर आ रहा था। वही आपको बता दें कि पुरुषोत्तमपुर थाने से सटे 1 कि.मी के दूरी पर इंडो नेपाल बॉर्डर हैं,जब बिहार में पूर्ण शराब बंदी हैं तो आखिर शराब कैसे नेपाल से आ जाती हैं बिहार में शराब,कही ना कही बॉर्डर पर एसएसबी के लापरवाही और मिली भगत से ही आती हैं ।नेपाल से बिहार के तरफ शराब,आखिर इसका जिम्मेवार कौन हैं? लगातार बॉर्डर क्षेत्र में शराब बरामद होती हैं,वही इस संदर्भ में थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया की दो बोरी चट्टी के बोरा में थाने के कुछ दूरी पर लावारिश हालत में शराब बरामद हुआ हैं जांच कर आगे की करवाई की जाएगी।

## जन सुराज पदयात्रा के 21वें दिन पश्चिम चंपारण के बगहा पहुंचे प्रशांत किशोर

### बोलें - नेताओं के पैदल चलने से लोगों का भला होगा

» मदरलैण्ड संवाददाता

बेतिया। जन सुराज पदयात्रा के 20वें दिन आज प्रशांत किशोर सैकड़ों पदयात्रियों के साथ रामनगर प्रखंड के अर्जुन विक्रम शाह स्टेडियम स्तिथ जन सुराज पदयात्रा शिविर से चलकर बगहा प्रखंड भैरोगंज पहुंचे। प्रशांत किशोर ने आज सुबह जन सुराज पदयात्रा की शुरूआत पश्चिम चंपारण के रामनगर प्रखंड के शिविर में प्रार्थना सभा से की। इसके बाद रामनगर प्रखंड के पत्रकारों से स्थानीय समस्याओं पर चर्चा की। इस दौरान पलायन, स्वच्छता, खुले में शौच एवं जर्जर सड़को जैसी समस्याओं पर विस्तृत चर्चा हुई। पदयात्रा शिविर में प्रशांत किशोर ने जन सुराज अभियान रामनगर प्रखंड समिति के सदस्यों के साथ भी मुलाकात की। इसके बाद पदयात्रा का हुजूम सबूनी चौक पहुंचा जहां पर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों और लोगों ने सभी पदयात्रियों का स्वागत किया और प्रशांत किशोर ने सभा को संबोधित किया।

मोदी-नीतीश-प्रशांत सुराज नहीं, जनता का सुंदर राज है 'जन सुराज'- प्रशांत किशोर।



सबूनी चौक में जनसभा को जन सुराज विचार को परिभाषित करते हुए प्रशांत किशोर ने कहा कि ये मोदी सुराज नहीं, नीतीश सुराज नहीं, प्रशांत किशोर सुराज भी नहीं है, बल्कि जनता का सुंदर राज ही जन सुराज है। इसी क्रम में पदयात्रा का हुजूम आगे बढ़ते हुए रामनगर से चलकर ठाकुर बारी, सबूनी, भवल, पिपरा माफी, खतौरी, पकड़ी, जुड़ा, बाशा होते हुए भैरोगंज स्थित पदयात्रा कैंप पहुंची जहां पदयात्रियों ने रात्री भोज और विश्राम किया। प्रशांत किशोर और उनके साथ चल रहे सैकड़ों पदयात्रियों ने लगभग 20 किमी का सफर पैदल चलकर तय किया।

यदि पैदल चलने से पब्लिसिटी मिलती है, तो आप भी पैदल चलिए,इसी बहाने जनता का भला होगा: प्रशांत किशोर

जन सुराज पदयात्रा में चल रहे प्रशांत किशोर ने नीतीश कुमार के पब्लिसिटी वाले बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि यदि उन्हें पैदल चलने से पब्लिसिटी मिल रही है, तो मेरा नीतीश जी से आग्रह है वह भी पैदल चलें और पब्लिसिटी बटोरें। इसी बहाने जनता का कुछ भला हो जाएगा। इसके साथ ही पदयात्रा का अपना अनुभव साझा करते हुए प्रशांत किशोर ने कहा कि विकास के जो तथाकथित दावे हैं, उससे जमीनी हकीकत एकदम उलट है।

# बीते सप्ताह सेंसेक्स और निफ्टी में रही तेजी

- सेंसेक्स 327 अंक की मजबूती के साथ 59,307 पर बंद
- निफ्टी 12.35 अंक की बढ़त के साथ 17,576 पर बंद




मुंबई, एजेंसी। वैश्विक बाजारों से मिले अच्छे संकेतों और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की बिकवाली की वजह से बीते सप्ताह सेंसेक्स और निफ्टी दो फीसदी तेजी के साथ बंद हुए। घरेलू शेयर बाजारों में लगातार छठे कारोबारी सत्र में तेजी जारी रही। बाजार के विशेषज्ञों का कहना है कि कारोबार में उतार-चढ़ाव के बीच एक्सिस बैंक और आईसीआईसीआई के शेयरों में लिवाली से स्थानीय बाजार में तेजी आई। बीते सप्ताह के पांच कारोबारी दिनों पर नजर डालें तो सप्ताह के पहले दिन सोमवार को बीएसई का 30 शेयरों का सूचकांक सेंसेक्स सेंसेक्स 137.84 अंक गिरकर 57,782.13 पर खुला और 491 अंक बढ़कर 58411 पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी 52.75 अंक गिरकर 17,132.95 पर खुला और 126 अंक चढ़कर 17312 के स्तर पर बंद हुआ। मंगलवार को सेंसेक्स 625.68 अंक चढ़कर 59,036.66 पर खुला और 549.62 उछलकर 58,960.60 पर बंद हुआ। निफ्टी 181.3 अंक बढ़कर 17,493.10 पर खुला और 175.15 अंक की बढ़त के साथ 17,486.95 पर बंद हुआ।

बुधवार को सेंसेक्स 382.43 अंक की मजबूती के साथ शुरूआती कारोबार में ही 59,343 पर खुला और 146.59 अंक की बढ़त के साथ 59,107.19 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 98.45 अंक की बढ़त के साथ 17,585.40 पर खुला और 25.30 अंक की बढ़त के साथ 17,512.25 अंक पर बंद हुआ। गुरुवार को सेंसेक्स लगभग 228 अंकों की गिरावट के साथ 58,877 पर खुला और 96 अंकों की बढ़त के साथ 59,203 पर बंद हुआ। निफ्टी 175 अंक फिसल कर 17434.90 पर खुला और 52 अंक उछलकर 17564 पर बंद हुआ। शुक्रवार को सेंसेक्स 327.9 अंक की मजबूती के साथ शुरूआती कारोबार में 59,530.80 पर खुला और सेंसेक्स 327.9 अंक की मजबूती के साथ 59,307.15 पर बंद हुआ। एनएसई का निफ्टी भी 89.65 अंक की बढ़त के साथ 17,653.60 पर खुला और 12.35 अंक की बढ़त के साथ 17,576.30 पर बंद हुआ।

# इस वर्ष दिवाली की खरीदी देश भर में एक लाख 50 हजार करोड़ होने का अनुमान: कैट

- 75,000 करोड़ रुपए से अधिक का चीन को हुआ नुकसान

नई दिल्ली, एजेंसी। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने इस वर्ष दिवाली त्यौहार की खरीदी का देश भर में एक लाख 50 हजार करोड़ रुपए से अधिक होने का अनुमान जताया है। शुक्रवार को कारोबार में 60,000 करोड़ रुपए की वृद्धि को बहुत संतोषजनकह्न और ह्यउत्साहजनकह्न करार दिया गया है। दिवाली की खरीदारी का मौसम पहली नवरात्रि से शुरू होकर तुलसी विवाह तक माना जाता है, जिसे इस साल 5 नवंबर के लिए तय किया गया है। कैट के महासचिव प्रवीण खंडेलवाल का मानना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वोकल फॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत के अभियान का देश भर के उपभोक्ताओं पर बहुत प्रभाव पड़ा है और ग्राहक अब बाजारों में केवल भारतीय उत्पादों की मांग करते हैं। उन्होंने कहा कि देश भर के बाजारों में चीन से बने दिवाली से जुड़े सामान लगभग नदारद हैं। भारतीय आयातकों ने इस साल चीन से दिवाली से संबंधित किसी भी वस्तु का आयात नहीं किया है, जिससे चीन को लगभग 75,000 करोड़ रुपए के व्यापार का सीधा नुकसान हुआ है। 2020 में चीन के गलवान घाटी पर आक्रमण के बाद देश भर के व्यापारियों ने चीनी सामानों के बहिष्कार का संकल्प लिया और इसके अभूतपूर्व परिणाम सामने आए हैं।

कैट ने देश भर के व्यापारियों से त्योहार की खरीदारी के लिए इस दिवाली को अपनी दिवाली भारतीय दिवाली के रूप में मनाने का आह्वान किया है, उपभोक्ताओं का मुख्य जोर घर की साज-सज्जा की वस्तुओं, दीपावली पूजा के सामान जिनमें मिट्टी के दीये, देवी-देवता, वाल हैंगिंग, हस्तशिल्प की वस्तुएं, शुभ-लाभ, पारंपरिक सौभाग्य आकर्षण जैसे ओम प्रतीक, देवी लक्ष्मी और श्री गणेश जी की पूजा की वस्तुएं शामिल हैं, घर की साज-सज्जा की वस्तुएं जो देश भर के बाजारों में स्थानीय कारीगरों, शिल्पकारों और कुशल कलाकारों द्वारा बनाई गई वस्तुओं को बड़ा व्यापार देगी! इससे आने वाले समय में रोजगार बढ़ने की भी संभावना है।

## संक्षिप्त समाचार

### एसबीआई का दिवाली तोहफा, एफडी पर बढ़ाई ब्याज दरें

नई दिल्ली, एजेंसी। देश के प्रमुख बेंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने अपने ग्राहकों को दिवाली का तोहफा दिया है। एसबीआई में फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) की दरों में 80 आधार अंकों तक की बढ़ोतरी की है। बढ़ी हुई ब्याज दरें 22.10.2022 से लागू हो गई हैं। यह बढ़ोतरी रिटेल टर्म डिपाजिट के लिए है, मतलब कि यदि कोई दो करोड़ रुपए से कम की एफडी कराता है, तभी उसे फायदा होगा। एसबीआई के अनुसार 211 दिन से एक वर्ष तक की अवधि के लिए एफडी कराने पर अब 5.50 फीसदी का ब्याज मिलेगा। पहले इस अवधि के लिए 4.70 फीसदी का ब्याज दिया जा रहा है। यदि कोई वरिष्ठ नागरिक इस अवधि के लिए एफडी कराते हैं तो उन्हें अब 6.00 फीसदी का ब्याज मिलेगा। पहले इस अवधि के लिए 5.20 फीसदी का ब्याज दिया जाता था। बैंक 180 दिन से 210 दिनों की एफडी पर रेट बढ़ाकर 4.55 फीसदी कर दिया है। एक साल से 2 साल से कम के लिए रेट 5.30 फीसदी से बढ़कर 5.45 फीसदी हो गई है। एसबीआई ने 2 साल से 3 साल के कम के लिए एफडी पर ब्याज दरों में इसमें इजाफा कर 6 फीसदी कर दिया है। 3 साल से 5 साल से कम के लिए अब बैंक की एफडी की ब्याज दरें 6.10 हो गई हैं। वहीं 5 साल से 10 तक के लिए ब्याज दरें 6.45 फीसदी हैं। वरिष्ठ नागरिक जिस किसी अवधि के लिए एफडी कराएंगे, उन्हें आम जनता को मिलने वाले ब्याज दर के मुकाबले 50 बेसिस प्वाइंट मतलब कि आधा फीसदी ज्यादा ब्याज दिया जाएगा। यदि वे पांच से 10 साल तक की अवधि के लिए एफडी कराएंगे तो उन्हें आम जनता से 80 बेसिस प्वाइंट मतलब कि 6.90 फीसदी का ब्याज मिलेगा।

### रिलायंस रिटेल का चालू वित्त वर्ष में कर पूर्व लाभ 51.2 प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी। रिलायंस रिटेल का कर पूर्व लाभ चालू वित्त वर्ष जुलाई-सितंबर तिमाही में 51.18 प्रतिशत उछलकर 4,404 करोड़ रुपए हो गया। स्टोर की संख्या और दूकान में आने वाले ग्राहकों की संख्या बढ़ने से कंपनी का कर पूर्व लाभ बढ़ा है। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की खुदरा इकाई ने बताया कि इससे पिछले वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में उसका कर पूर्व लाभ या ईबीआईटीडीए 2,913 करोड़ रुपए था। कंपनी की परिचालन आय भी आलोच्य तिमाही में 44.50 प्रतिशत बढ़कर 57,694 करोड़ रुपए पर पहुंच गई। एक साल पहले की समान तिमाही में यह 39,926 करोड़ रुपए थी। आरआईएल ने कहा कि चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में 795 स्टोर खोलने के साथ खुदरा कंपनी का नेटवर्क बढ़कर 92 लाख वर्गफुट हो गया है। यह पिछली तिमाही की तुलना में 20 प्रतिशत अधिक है। इसी के साथ रिलायंस रिटेल के कुल स्टोर का कुल क्षेत्रफल बढ़कर 5.45 करोड़ वर्गफुट और संख्या 16,617 हो गई है।

### वीआईएल को एटीसी से 1,600 करोड़ जुटाने निदेशक मंडल की मंजूरी मिली

नई दिल्ली, एजेंसी। घाटे में चल रही दूरसंचार कंपनी वोडाफोन आइडिया लिमिटेड (वीआईएल) के निदेशक मंडल ने मोबाइल टावर कंपनी एटीसी से 1,600 करोड़ रुपए तक जुटाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। वीआईएल ने शेयर बाजारों को यह जानकारी दी। कंपनी ने बताया कि यह राशि इक्विटी में परिवर्तनीय ऋण बॉन्ड के जरिए जुटाई जाएगी। कंपनी ने कहा कि वोडाफोन आइडिया लिमिटेड के निदेशक मंडल ने हाल ही में आयोजित अपनी बैठक में अन्य बातों के साथ ही वैकल्पिक रूप से परिवर्तनीय, असुरक्षित, गैर-रेटेड और गैर-सूचीबद्ध ऋण पत्र जारी कर 16,000 रुपए तक जुटाने को मंजूरी दी। प्रत्येक ऋण पत्र का अंकित मूल्य 10 लाख है। ये बॉन्ड एटीसी टेलीकॉम इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड को एक या अधिक किस्तों में जारी किए जाएंगे और उन्हें इक्विटी शेयरों में परिवर्तित कराया जा सकेगा। वैकल्पिक रूप से परिवर्तनीय, गैर-सूचीबद्ध, असुरक्षित और अनरेटेड ऋण पत्रों (ओसीडी) की ब्याज दर 11.2 प्रतिशत है और यह राशि प्रत्येक छह महीने पर देय होगी।

### त्यौहारी सीजन में ओकाया इंडियन लेकर आई दो शानदार इलेक्ट्रिक स्कूटर

मुंबई, एजेंसी। त्यौहारी सीजन अगर आप अपने लिए एक नया इलेक्ट्रिक स्कूटर लेने का मन बना रहे हैं
तब आपके लिए ओकाया एक बेहतर ऑप्शन लेकर आया है। बैटरी बनाने वाली कंपनी ओकाया इंडियन मार्केट में अपने दो नए स्कूटर को लेकर आई है। तेज सीरीज के दो नए इलेक्ट्रिक स्कूटर ओकाया फास्ट एफ2बी और ओकाया फास्ट एफ2टी कंपनी लेकर आई है। वहीं काफी बेहतर डिजाइन के साथ लांच किया गया है। फीचर्स के साथ ही इसमें 85 किलोमीटर तक की बैटरी रेंज और 70किलोमीटरप्रतिघंटा की टॉप स्पीड के साथ आती है। इस स्कूटर के बैटरी और रेंज की बात करें तब कंपनी ने इसमें ओकाया फास्ट एफ2बी और ओकाया फास्ट एफ2टी में 2.2 किलोवॉटप्रतिघंट एलएफपी बैटरी पैक दिया है। इसमें 2000 वाट का इलेक्ट्रिक मोटर भी दिया गया है इसकी टॉप स्पीड 70 किलोमीटरप्रतिघंटा की है। अब इसके बैटरी रेंज की बात करें ओकाया फास्ट एफ2टी की बैटरी रेंज 70-80 किलोमीटर तक की है, वहीं फास्ट एफ2टी की सिंगल चार्ज पर बैटरी रेंज 70-80 किलोमीटर तक की है।

# जल्द देश में लांच हो सकती हैं महिंद्रा की चार सीटर एटम इलेक्ट्रिक कार



मुंबई, एजेंसी। वाहन निमार्ता कंपनी महिंद्रा काफी दिनों से अपने चार सीटर एटम इलेक्ट्रिक कार की तैयारी कर रही है। इस कॉन्सेप्ट इलेक्ट्रिक कार को पहली बार आज से दो साल पहले यानि कि 2020 में ऑटो एक्सपो में दिखाया गया था। अब जाकर इसकी टेस्टिंग शुरू हुई है, जिससे इसके कुछ फीचर्स लीक हुए हैं। इससे उम्मीद की जा रही है कि महिंद्रा जल्द ही अपनी नई अल्ट्रा कॉम्पैक्ट इलेक्ट्रिक कार को लांच करेगी। लीक हुई जानकारी के मुताबिक, एटम इलेक्ट्रिक कार दो बैटरी पैक और चार वेरिएंट्स के साथ लाई जा सकती है। इसके वेरिएंट्स में के1, के2, के3 और के 4 होगा। इस कारण के1 औ के2 वेरिएंट में 7.4 किलोवॉटप्रतिघंटा का 144 एएच बैटरी पैक देखने को मिल सकता है, जबकि के3 और के 4 वेरिएंट में 11.1 किलोवॉटप्रतिघंटा का 216 एएच बैटरी पैक देखा जा सकता है।

वहीं के1 और के 2 वेरिएंट्स सिंगल चार्ज 80 किलोमीटर की रेंज दे सकती है। वहीं, के3 और के 4 वेरिएंट्स को 100 किमी की रेंज देने के लिए डिजाइन किया जा सकता है। इसमें नई ग्रिल, प्रमुख हेडलैम्प्स, बड़ी विंडस्क्रीन और खिड़कियां शामिल की जा सकती है। वहीं, बाकी फीचर्स के लिए फ्यूचरिस्टिक लुक में पहिये, बॉक्सी डिजाइन और ब्लैक-आउट पिलर्स दिए जा सकते हैं।

# एसईएल का शेयर पिछले छह महीने में 43 फीसदी गिरा

- छह महीने पहले 1237 पर ट्रेड कर रहा शेयर गिरकर 699 रुपए पर आ गया, अब ट्रेडिंग ही बंद



नई दिल्ली, एजेंसी। शेयर बाजार में स्मॉल कैप पैनी स्टॉक्स में हमेशा जोखिम रहता है। ये शेयर आपके कुछ हजार रुपए के निवेश को करोड़ों में बदल सकते हैं तो करोड़ों को साफ भी कर सकते हैं। हम ऐसे ही एक शेयर की बात कर रहे हैं जिसने एक समय निवेशकों को करोड़पति बनाया और अब गिरावट के कारण उसमें ट्रेडिंग ही बंद कर दी गई। यह यह शेयर है एसईएल मैन्युफैक्चरिंग लिमिटेड का। 6 महीने इसमें पैसा लगाने वाले निवेशकों को दिन में तारे दिख गए हैं। ये इस स्टॉक इस दौरान आधे से अधिक लुढ़क गया है। ये शेयर 6 महीने पहले 22 फरवरी 2022 को 1237 रुपए पर ट्रेड कर रहा था। अब इसकी कीमत गिरकर 699 रुपए पर आ गई है। पिछले 6 महीने में ये शेयर करीब 43 फीसदी गिरा है। हालांकि, इस गिरावट के बावजूद इसने साल की शुरूआत से अब तक 1602 फीसदी का रिटर्न दिया है। पिछले एक साल में ये शेयर 14500 फीसदी से अधिक बढ़ा है। पिछले साल अक्टूबर की शुरूआत में इस शेयर की कीमत केवल 5 रुपए थी। गिरावट शुरू होने से पहले एसईएल के शेयरों में काफी समय तक केवल अपर सर्किट ही लगता था।

इस साल 9 मई तक ये शेयर लगातार ऊपर जा रहा था। उसके बाद इसमें गिरावट शुरू हुई। 9 मई को शेयर 1235 रुपए पर था और अगले ही महीने यानी जून में 13 जून तक ये 906 रुपए पर पहुंच गया। 11 अगस्त तक ये शेयर 619 रुपए पर पहुंच गया। हालांकि वहां एक बार फिर इसमें खरीदारी देखने को मिली और ये शेयर उसी महीने 22 तारीख तक ये शेयर 829 रुपए पर चला गया। उसके बाद फिर गिरावट और तेजी का सिलसिला शुरू हुआ। इस शेयर में आखिरी ट्रेडिंग बीएसई पर 14 अक्टूबर को हुई। पिछले वित्त वर्ष की जून तिमाही में कंपनी को 80 करोड़ रुपए का रेवेन्यू मिला था और इसका घाटा 42 करोड़ रुपए था। वहीं इस वित्त वर्ष की जून तिमाही में कंपनी का राजस्व 118 करोड़ रुपए रहे और घाटा बढ़कर 51 करोड़ रुपए हो गया है।

# महाराष्ट्र और राजस्थान में पेट्रोल-डीजल महंगा

## ब्रेंट क्रूड 1.12 डॉलर महंगा होकर 93.50 डॉलर प्रति बैरल

नई दिल्ली, एजेंसी। वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में शनिवार को मामूली बदलाव देखने को मिला है। ब्रेंट क्रूड 1.12 डॉलर महंगा होकर 93.50 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई 0.54 डॉलर की बढ़त के साथ 85.05 डॉलर प्रति बैरल पर बिक रहा है। इधर शनिवार को सरकारी कई राज्यों में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बदलाव देखने को मिल रहा है। राजस्थान में 0.96 रुपए बढ़कर पेट्रोल 109.03 रुपए प्रति लीटर और डीजल 0.87 रुपए महंगा होकर 94.22 रुपए पर पहुंच गया है। महाराष्ट्र में पेट्रोल 1.01 रुपए महंगा होकर 106.97 रुपए प्रति लीटर और डीजल 0.97 रुपए की तेजी के साथ 93.46 रुपए का हो गया है। इसके अलावा छत्तीसगढ़ में भी पेट्रोल 0.44 रुपए बढ़कर 103.42 रुपए प्रति लीटर और डीजल 0.43 महंगा होकर 96.39 रुपए पर पहुंच गया है। उत्तर प्रदेश, गुजरात व झारखंड में भी पेट्रोल-डीजल की कीमत में थोड़ी तेजी आई है। उधर बिहार और मध्य प्रदेश में ईंधन की कीमतें कुछ कम हुई हैं. देश के 4 महानगरों में पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए और डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपए और डीजल 92.76 रुपए प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपए और डीजल 94.24 रुपए प्रति लीटर, नोएडा में पेट्रोल 96.76 रुपए और डीजल 89.93 रुपए प्रति लीटर हो गया है। गाजियाबाद में 96.58 रुपए और डीजल 89.75 रुपए प्रति लीटर हो गया है। लखनऊ में पेट्रोल 96.57 रुपए और डीजल 89.76 रुपए प्रति लीटर हो गया है। पटना में पेट्रोल 107.59 रुपए और डीजल 94.04 रुपए प्रति लीटर हो गया है। पोर्टब्लेयर में पेट्रोल 84.10 रुपए और डीजल 79.74 रुपए प्रति लीटर हो गया है।

# दीपावली से पहले देश के विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट



मुंबई, एजेंसी। दीपावली से पहले देश के विदेशी मुद्रा भंडार में फिर गिरावट देखी गई है। 14 अक्टूबर, 2022 को समाप्त सप्ताह में यह 4.50 अरब डॉलर घटकर 528.37 अरब डॉलर पर आ गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ओर से जारी किए गए आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। इसके पिछले हफ्ते में विदेशी मुद्रा भंडार 20.4 करोड़ डॉलर बढ़कर 532.868 अरब डॉलर पर पहुंच गया था। विदेशी मुद्रा भंडार में इस साल अगस्त के बाद से पहली बार किसी सप्ताह में बढ़ोतरी हुई थी। एक साल पहले अक्टूबर, 2021 में देश का विदेश मुद्रा भंडार 645 अरब डॉलर के सार्वजनिक उच्च स्तर पर पर पहुंच गया था। देश का विदेशी मुद्रा भंडार पिछले कई हफ्तों से लगातार कम हो रही है। दरअसल तेजी से बदलते वैश्विक परिदृश्य में डॉलर के मुकाबले तेजी से गिरते रुपए को संभालने के लिए आरबीआई ने इस विदेशी मुद्रा भंडार के एक हिस्से का इस्तेमाल किया है। आरबीआई के साप्ताहिक आंकड़ों के मुताबिक, 14 अक्टूबर को समाप्त हुए सप्ताह में फॉरेन करेंसी एसेट (एफसीए) 2.828 अरब डॉलर घटकर 468.668 अरब डॉलर रह गईं। एफसीए असल में समग्र भंडार का एक प्रमुख हिस्सा होता है।

डॉलर में बताई जाने वाली एफसीए में विदेशी मुद्रा भंडार में रखी यूरो, पाउंड और येन जैसी दूसरी विदेशी मुद्राओं के मूल्य में वृद्धि या कमी का प्रभाव भी शामिल होता है। गोल्ड रिजर्व के मूल्य में 7 अक्टूबर को समाप्त हुए सप्ताह के दौरान 1.35 अरब डॉलर की वृद्धि हुई थी जबकि 14 अक्टूबर को समाप्त हुए सप्ताह में यह 1.502 अरब डॉलर की गिरावट के साथ 37.453 अरब डॉलर रह गया। आरबीआई ने कहा कि स्पेशल ड्राइंग राइट 14.9 करोड़ डॉलर घटकर 17.433 अरब डॉलर रह गया है। वहीं समाप्त हुए सप्ताह में आईएमएफ के पास देश की रिजर्व स्थिति 2.3 करोड़ डॉलर घटकर 4.813 अरब डॉलर रह गई।

# त्यौहारी सीजन में ओपो में बाजार में ओपो ए17के स्मार्टफोन, मिंड रेज में

मुंबई, एजेंसी। ओपो ने हाल ही में भारतीय बाजार में ए-17 स्मार्टफोन लांच किया था। इसके बाद कंपनी ने चुपचाप अपने नए स्मार्टफोन ओपो ए17के को भी बाजार में उतर दिया है। इस स्मार्टफोन में ऑपको 6.56-इंच आईपीएस एलसीडी, एंड्राइड 12 और 5,000 एमएएच की बैटरी दी गई है। ये स्मार्टफोन केवल 4जीबी+ 64जीबी वेरिएंट में उपलब्ध है, जिसके लिए फोन की कीमत 10,499 रुपये है। यह स्मार्टफोन गोल्ड के साथ-साथ नेवी ब्लू कलर ऑप्शन में उपलब्ध है। आप इस स्मार्टफोन को ब्रांड की वेबसाइट और देश भर में ऑनलाइन और ऑफलाइन स्टोर से खरीदा सकते हैं।

स्मार्टफोन में एचडी+ रेजोल्यूशन के साथ 6.56 इंच का आईपीएस एलसीडी है, जिसमें 60एचजेड रिफ्रेश रेट और 600 नेट पीक ब्राइटनेस मिलती है। यह एड्राइड 12 पर अधारित कलरओएस 12.1 के साथ काम करता है। फोन में मीडियाटेक हीलियो जी 35 प्रोसेसर दिया गया है, जिसमें आपको 4 जीबी वर्चुअल रैम तकनीक के साथ 3जीबी रैम और 64जीबी ऑनबोर्ड स्टोरेज मिलता है। बता दें कि इसके इंटरनल स्टोरेज को 1 टीबी तक बढ़ाया जा सकता है। स्मार्टफोन में 8 मैगापिक्सल का सिंगल कैमरा सेटअप मिलता है, जबकि फ्रंट में 5 मैगापिक्सल का सेल्फी कैमरा सेंसर है। यह स्मार्टफोन बेसिक स्प्लैश रेजिस्टेंस के लिए आईपीएक्स 4 रेटिंग के साथ भी आता है। इसके अलावा फोन में डिवाइस 5,000 एमएएच की बैटरी यूनिट दी गई है।

# डीजीसीए ने स्पाइजेट को दी राहत, पाबंदी हटा ली

नई दिल्ली, एजेंसी। कई तरह की मुश्किलों का सामना कर रही एयरलाइन कंपनी स्पाइसजेट के लिए अच्छी खबर है। दरअसल, एविएशन रेगुलेटर नागरिक विमानन महानिदेशालय यानी डीजीसीए ने स्पाइजेट पर लगी पाबंदी हटा ली है। 3 महीने का प्रतिबंध पूरा होने के बाद कंपनी 30 अक्टूबर से अपनी 50 फीसदी से अधिक उड़ानों का संचालन करेगी।

उड़ान के दौरान कई तरह की तकनीकी खामियों के कारण स्पाइसजेट पर डीजीसीए ने गत 27 जुलाई को कई तरह की पाबंदियां लगा दी थीं। इसमें स्पाइसजेट को 50 फीसदी क्षमता के साथ परिचालन करने का निर्देश भी शामिल है। इसके बाद में पाबंदी की समयसीमा को 29 अक्टूबर तक के लिए बढ़ाया गया था। यह विमानों के ग्रीष्मकालीन कार्यक्रम की अंतिम तारीख है, इसके बाद शीतकालीन कार्यक्रम शुरू होगा। शीतकालीन उड़ान कार्यक्रम 30 अक्टूबर से शुरू होने वाला है। ऐसी स्थिति में स्पाइसजेट को इन बंदिशों से निजात मिलने का समय करीब आ गया है। स्पाइसजेट ने 30 अक्टूबर से हर हफ्ते 3,193 उड़ानों के संचालन करने की घोषणा कर दी है। यह संख्या पिछले साल के शीतकालीन कार्यक्रम में स्पाइसजेट की तरफ से संचालित हुई उड़ानों से 6.6 फीसदी अधिक होगी। डीजीसीए के प्रमुख अरुण कुमार ने कहा कि ग्रीष्मकालीन कार्यक्रम के दौरान एयरलाइन को 50 फीसदी उड़ानों के ही संचालन की मंजूरी दी गई थी।

हालांकि उन्होंने साफ किया कि इस बार स्पाइसजेट की तरफ से संचालित होने वाली उड़ानों में किसी तरह की गड़बड़ी को रोकने के लिए सभी तरह के एहतियाती उपाय किए जा रहे हैं। कुमार ने कहा, हम सुनिश्चित करने वाले हैं कि चीजें नियंत्रण में ही बनी रहें। स्पाइसजेट पिछले कई महीनों से लगातार उड़ानों के दौरान तकनीकी गड़बड़ियों के कारण चर्चा में रही है।

# नई नौकरी और बेहतर सैलरी के कारण 50 प्रतिशत कर्मचारी देंगे आईटी सेक्टर में इस्तीफा

नई दिल्ली, एजेंसी। आईटी सेक्टर में अगले एक साल में 50 प्रतिशत से ज्यादा लोग अपनी मौजूदा नौकरियों से इस्तीफा दे सकते हैं। इस बारे में रिपोर्ट में दावा किया गया है, कि नई नौकरी और बेहतर सैलरी की तलाश में ऐसा होगा। वहीं आईटी प्रोफेशनल्स के लिए नौकरी से इस्तीफा देने की एक और बड़ी वजह इस सेक्टर में ट्रेनिंग और डेवलपमेंट की कमी एवं वर्क-लाइफ के बीच बेहतर बैलेंस नहीं बन पाना रह सकती है। आईटी स्किल्स और सैलरी रिपोर्ट-2022 के मुताबिक आईटी सेक्टर में नीतियां बनाने वाले 66 प्रतिशत लोगों का मानना हैं, कि उनकी टीम के प्रोफेशनल्स के बीच स्किल का अंतर बढ़ रहा है। हालांकि पिछले साल के मुकाबले इसमें 10 प्रतिशत कमी आई है, लेकिन अभी भी आईटी प्रोफेशनल्स के बीच स्किल गैप की चुनौती बनी हुई है।

सर्वे रिपोर्ट में 53 प्रतिशत आईटी कर्मचारियों ने माना कि वहां अगले 12 महीनों में नई नौकरी की तलाश करने वाले हैं। ये सर्वे आईटी सेक्टर के लगभग 8,000 लोगों के बीच किया गया था। रिपोर्ट में कहा गया है कि आईटी सेक्टर की कंपनियों के लिए दो बड़ी चुनौतियां प्रोफेशनल्स को कंपनी में रोके रखना और नए लोगों की भर्ती करना है। वहीं इस बीच रिपोर्ट में देखा गया कि अधिकतर आईटी प्रोफेशनल्स ने अपनी पिछली नौकरी बेहतर सैलरी की उम्मीद और वर्क-लाइफ के बीच सही बैलेंस नहीं होने की स्थिति में बदली। इसके अलावा ट्रेनिंग और डेवलपमेंट की कमी भी इसकी एक बड़ी वजह रही।

आशीष/ईएमएस 22 अक्टूबर 2022

(सैन फ्रांसिस्को) खतरे में पड़ी नौकरी, मस्क के आते ही हो सकती है 75 फीसदी ट्विटर कर्मियों की छुट्टी

सैन फ्रांसिस्को, एजेंसी। टेस्ला के सीईओ एलन मस्क की 44 अरब डॉलर की ट्विटर के साथ किया जाने वाला करार चर्चा में है। खबर है कि यदि यह करार पूरा हुआ तो अरबपति मस्क सोशल मीडिया कंपनी ट्विटर से 75 प्रतिशत कर्मचारियों की छुट्टी कर सकते हैं। एक मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि मस्क ने ट्विटर इंक को खरीदने के अपने सौदे में संभावित निवेशकों से कहा कि उन्होंने सोशल मीडिया कंपनी के 7,500 कर्मचारियों में से लगभग 75 प्रतिशत से छुटकारा पाने की योजना बनाई है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार आने वाले महीनों में नौकरी में कटौती की उम्मीद है, चाहे कंपनी का मालिक कोई भी हो। वहीं ट्विटर के मौजूदा प्रबंधन ने अगले साल के अंत तक कंपनी के पेरोल में करीब 80 करोड़ डॉलर की कटौती करने की योजना बनाई है। फिलहाल ट्विटर ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है। वाशिंगटन पोस्ट ने रिपोर्ट में बताया कि सोशल मीडिया कंपनी के मानव संसाधन कर्मचारियों ने स्टाफ से कहा है कि वे बड़े पैमाने पर छंटनी की योजना नहीं बना रहे थे। लेकिन दस्तावेजों में कर्मचारियों को बाहर निकालने और बुनियादी ढांचे की लागत में कटौती करने की व्यापक योजनाएं देखी जा सकती हैं। लेकिन यह योजना मस्क के कंपनी को खरीदने की पेशकश से पहले की है।

मस्क ने मई में ट्विटर को खरीदने के लिए सौदे से पीछे हटने की कोशिश की थी। उन्होंने कंपनी पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बॉट और स्पैम खातों की संख्या को कम नहीं करने का आरोप लगाया था। इस आरोप से दोनों पक्षों के बीच मुकदमों की एक श्रृंखला शुरू हो गई। वहीं इस महीने की शुरूआत में मस्क ने अपना रुख पलट दिया और कहा कि वह मूल शर्तों पर सौदे को आगे बढ़ाएंगे।

वहीं बुधवार को मस्क ने ट्विटर डील को लेकर बड़ा बयान दिया था। उन्होंने ट्विटर के अधिग्रहण को लेकर कहा कि वे ट्विटर के लिए अधिक पैसे का भुगतान कर रहे हैं, लेकिन लंबी अवधि में सोशल मीडिया कंपनी में विकास की काफी अधिक संभावना है। मस्क ने टेस्ला की तिमाही अर्निंग कॉल के मौके पर पूछे गए एक सवाल के जवाब में कहा था कि ट्विटर लंबे समय से कमजोर हुआ है, लेकिन उसमें एक अविश्वसनीय क्षमता है।

# पहले ही मैंच में निकाला ऑस्ट्रेलिया का निकला दम, न्यूजीलैंड ने बल्ले के बाद गेंद से किया पस्त

मेलबर्न, एजेंसी। आईसीसी टी20 विश्व कप में मेजबान ऑस्ट्रेलिया की शुरूआत बेहद खराब हुई हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ टीम को 89 रन की करारी हार मिली। पहले बल्लेबाजी करते हुए कीवी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे के नाबाद 92 रन की पारी की बतौलत टीम ने 3 विकेट पर 200 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। न्यूजीलैंड की घातक गेंदबाजी के सामने ऑस्ट्रेलियाई टीम 111 महज रन पर सिमट गई। 89 रन की बड़ी जीत के साथ न्यूजीलैंड ने टूनामेंट का आगाज किया।

पहले मैच में मेजबान टीम की शुरूआत ऐसी होगी किसी ने सोचा नहीं था। पहले गेंदबाजों की पिटाई हुई और फिर टॉप आर्डर ने आते ही घुटने ही टेक दिए। टिम साउदी ने 5 रन पर स्टार बल्लेबाज डेविड वार्नर को क्लीन बोल्ड कर दिया। इसके बाद कप्तान एरॉन फिंच ने 13 रन पर मिचल सैंटनर ने कप्तान विलियम्सन के हाथों कैच करवाया। फिर मिचेल मार्श, मार्कस स्टोइनिस और टिम डेविड ने अपना विकेट दे दिया। ग्लेन मैक्सवेल ने थोड़ा संघर्ष दिखाया लेकिन दूसरे छोर पर उन्हें किसी खिलाड़ी का साथ नहीं मिला।

टिम साउदी, ट्रेंट बोल्ट और मिचेल सैंटनर ने मिलकर ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों की हवा निकाल दी। तीनों ने मिलकर कुल 8 विकेट चटकाए। साउदी सबसे ज्यादा घातक साबित हुए और 2.1 ओवर में महज 6 रन देकर 3 विकेट चटकाए। 4 ओवर में सैंटनर ने 31 रन देकर 3 बल्लेबाजों को आउट किया। बोल्ट ने 2 जबकि लौकी फुर्ग्युसन और ईश सोढ़ी ने 1-1 विकेट अपने नाम किए।

न्यूजीलैंड के लिए फिन एलन ने तूफानी शुरूआत कर मेजबान गेंदबाजों की पिटाई का जो आगाज किया, उस डोवेन कॉन्वे और जिमी नीशन में खत्म किया। 16 गेंद पर एलन 42 रन बनाकर आउट हुए लेकिन कॉनवे ने एक छोर को आखिर तक पकड़े रखा। 58 गेंद पर 7 चौके और 2 छक्के जमाते हुए उन्होंने 92 रन की नाबाद पारी खेली। इसके पहले एलन और फिर कप्तान केन विलियम्सन, ग्लेन फिलिप और नीशम के साथ छोटी लेकिन अहम साझेदारी करते हुए स्कोर 3 विकेट पर 200 रन तक पहुंचाया। नीशम ने आखिर में आकर 13 गेंद पर 26 रन बनाए और छक्के के साथ टीम को 200 के स्कोर तक पहुंचाया।

इसके पहले, फिन एलन और कॉनवे की सलामी जोड़ी ने न्यूजीलैंड को मैच में अच्छी शुरूआत दिलाई। खासतौर पर एलन ने पहले ही ओवर से अपने इरादे जता दिए। उन्होंने मैच के पहले ही ओवर में ऑस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क की जमकर धुनाई की। एलन ने ओवर में दो चौके और एक छक्का उड़ाया। पहले ही ओवर में न्यूजीलैंड का स्कोर 14 रन हो गया। यह स्टार्क का टी20 इंटरनेशनल में सबसे महंगा पहला ओवर साबित हुआ। इससे पहले, भी उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 विश्व कप से पहले हुए मैच में भी पहले ओवर में 14 रन दिए थे।

एलन को पहले ओवर में चौके-छक्कों की बरसात देख, कॉनवे का भी जोश हाई हो गया हैं, उन्होंने दूसरे ओवर में उन्होंने जोश हेजलवुड की गेंद पर दो चौके मारे। फिन एलन ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी जारी रखी और तीसरे ओवर में पैट कमिंस के खिलाफ 2 चौके और एक छक्का लगा दिया। महज 13 गेंद में एलन का स्कोर 35 रन हो गया। हालांकि, वहां अर्धशतक से चूके और पांचवें ओवर में जोश हेजलवुड ने उन्हें क्लीन बोल्ड कर दिया। उन्होंने 16 गेंद में 5 चौके और 3 छक्कों की मदद से 42 रन ठोक दिए। एलन और कॉनवे की तेज शुरूआत के कारण ही न्यूजीलैंड ने पावरप्ले में एक विकेट के नुकसान पर 65 रन बनाए। यह टी20 वर्ल्ड कप में उसका पावरप्ले का सबसे बड़ा स्कोर है।

एलन के आउट होने के बाद भी न्यूजीलैंड की रनों की रफ्तार थमी नहीं। कॉनवे ने एक छोर से ताबड़तोड़ बल्लेबाजी जारी रखी और 13वें ओवर में छक्के से अपना अर्धशतक पूरा किया।

## लॉलीपाप दिखाकर बच्चे को तंग करते रहे युजवेन्द्र चहल फिर दिखा दिया 'बाबाजी का ठुल्लू', वीडियो वायरल



नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय टीम के खिलाड़ी युजवेन्द्र चहल में बाल सुलभ हरकतों का अंदाज लोगों को काफी परेशान करता है और यही कारण है कि वे मीडिया पर छाए रहते हैं। कभी चहल मैदान में खिलाड़ियों के साथ मस्ती करते नजर आते तो कभी मैदान के बाहर सभी के मजे लेते हैं। लेकिन इस बार उन्होंने एक बच्चे को ही परेशान करना शुरू कर दिया है। राजस्थान रॉयल्स ने अपने ऑफीशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है जिसमें चहल लॉलीपाप दिखाकर छोटे से बच्चे को तंग कर रहे हैं।

शरारती हल पहले लॉलीपाप दिखाकर बच्चे को लालच देते हैं उसके बाद मासूम को बाबाजी का ठुल्लू दिखा देते हैं। सोशल मीडिया पर चहल के शरारत भरी वीडियो को फैंस खूब पसंद कर रहे हैं। वहीं, भारतीय फैंस चहल को लेकर मजेदार कमेंट्स भी कर रहे हैं। 32 वर्षीय समय-समय पर सोशल मीडिया पर अपनी पत्नी धनश्री वर्मा के साथ भी मजेदार वीडियो में नजर आते रहते हैं। मौजूदा समय में युजवेन्द्र चहल टी20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम का हिस्सा हैं। रोहित शर्मा एंड कंपनी वर्ल्ड कप में अपना पहला मैच 23 अक्टूबर को पाकिस्तान के खिलाफ मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में खेलेगी। टूनार्मेंट की शुरूआत से पहले चहल ने भारत-पाक मैच को लेकर अपने बयान दिया था। जिसमें उन्होंने बताया था कि लोग इस मुकाबले को लेकर तरह-तरह की बाते करते हैं लेकिन मैदान में ऐसा कुछ नहीं होता है।

ह्ययदि आप किसी टीम के खिलाफ एक बार खेल लेते हैं उसके बाद ज्यादा चिंता नहीं होती है। हालांकि पाकिस्तान के खिलाफ जब भी मैच होता है उस समय इंटरनेट पर काफी ज्यादा हाईप रहता है। लेकिन खिलाड़ियों के लिए ये एक नॉर्मल मैच के समान होता है। ज्यादा सोचने पर दबाव आप पर ही आएगा। मैं सोशल मीडिया पर सक्रिय रहता हूं लेकिन वहां पर लोग क्या कहते हैं इस बात से मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता है।ह्ल

## संक्षिप्त समाचार

### टी20 विश्वकप 2022: जबर्दस्त लय में चल रहे बाबर आजम बन सकते हैं टॉप रन-स्कोरर : सहवाग

नई दिल्ली, एजेंसी। क्रिकेट के रोमांच टी20 विश्वकप-2022 की रण भेरी बज चुकी है। फर्स्ट राउंड के मुकाबले स्कॉटलैंड और जिंबाब्वे मैच के साथ संपन्न हो जाएंगे। इसके बाद शनिवार से सुपर 12 राउंड के मुकाबले शुरू होंगे। सुपर 12 राउंड के मुकाबले जब शुरू होंगे तब इस टूनामेंट का रोमांच कुछ और ही होगा। मेन मुकाबले शुरू होने से पहले क्रिकेट एक्सपर्ट अपनी-अपनी चहेती टीमों और खिलाड़ियों के नाम बता रहे हैं। इसी कड़ी में देश के पूर्व विस्फोटक बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने भी अपना विचार साझा किया है, और उन्होंने बताया है कि इस सीजन कौन सा खिलाड़ी टी20 वर्ल्ड कप में शीर्ष स्कोरर हो सकता है। सहवाग ने एक बातचीत में कहा कि इस वर्ष पाकिस्तानी कप्तान बाबर आजम सर्वाधिक रन बना सकते हैं। भारतीय बल्लेबाज ने कहा, ह्यबाबर आजम जबर्दस्त लय में चल रहे हैं। जब वह मैदान में होते हैं तो उन्हें बल्लेबाजी करते देखना काफी मोहक होता है, जैसे कोहली को बल्लेबाजी करते हुए देखकर शांति महसूस होती है। ऐसे ही बाबर की बल्लेबाजी देखकर आपको खुशी महसूस होती है।ह्ल बाबर आजम टी20 क्रिकेट के बेस्ट खिलाड़ी हैं। टी20 रैंकिंग में वह मौजूदा समय में तीसरे स्थान पर स्थित हैं। इससे पहले वह एक लंबे समय तक पहले स्थान पर बने रहे। बाबर अपनी टीम को मजबूती भी प्रदान करते हैं। उनकी खासियत है कि अगर एक छोर से लगातार विकेट गिर रहे हैं, तो भी वह धैर्यपूर्वक टीम को जीत के दहलीज तक लेकर जाते हैं। 28 वर्षीय बल्लेबाज ने पाकिस्तान के लिए अबतक कुल 92 टी20 इंटरनेशनल मुकाबले खेले हैं। इस दौरान उनके बल्ले से 87 पारियों में 43.66 की औसत से 3231 रन निकले हैं। बाबर के नाम टी20 क्रिकेट में दो शतक और 29 अर्द्धशतक दर्ज है। टी20 क्रिकेट में उनका स्ट्राइक रेट 129.65 का है।

### पाकिस्तान टीम के पूर्व कोच मिस्बाह की सलाह, बारिश होने की स्थिति में

नई दिल्ली, एजेंसी। मेलबर्न में रविवार को भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला होना है, जो दोनों टीमों के लिए टी20 विश्व कप 2022 का आगाज मैच होगा। हालांकि, मैच पर बारिश का साया है, इसके बाद 20-20 ओवर का मैच शायद ही देखने को मिले। इसकारण पाकिस्तान टीम के पूर्व कोच मिस्बाह उल हक ने अपनी टीम को एक बड़ी सलाह दी है। अगर 10-10 या फिर इससे कम ओवरों का मैच होता है, तब फिर पाकिस्तान की टीम के पास इनफॉर्म बल्लेबाज कम हैं, जो हिटिंग कर सकते हैं। इसकारण मिस्बाह ने उन बल्लेबाजों को पहले भेजने की अपील की है, जो इस समय अच्छी फॉर्म में हैं और टीम के लिए रन बना रहे हैं, क्योंकि टीम के ओपनर मोहम्मद रिजवान और कप्तान बाबर आजम पहले से ही शीर्ष पर हैं। मिस्बाह ने कहा, भारत के खिलाफ बारिश के कारण ओवर कट जाने की स्थिति में शादाब खान और मोहम्मद नवाज को ऊपर भेजा जाना चाहिए, क्योंकि ये दोनों रिजवान और बाबर के बाद सबसे अच्छी फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज हैं। मिस्बाह ने इन दोनों का नाम इसलिए भी सुझाव के तौर पर दिया है, क्योंकि दोनों पॉवर हिटिंग कर सकते हैं।

### टी20 विश्वकप- विदेशी जमीन पर खेलने के लिए अभ्यास के लिए पहले ऑस्ट्रेलिया पहुंची टीम इंडिया: शर्मा

मेलबोर्न, एजेंसी। टी20 विश्वकप शुरू होने से 15-20 दिन पहले ही भारतीय क्रिकेट टीम के ऑस्ट्रेलिया जाने को लेकर कप्तान रोहित शर्मा ने बताया कि ह्यजब आप बड़े दौरों पर होते हैं, तो आपको अच्छी तैयारी करने की आवश्यकता होती है, बहुत से लोग विदेशी परिस्थितियों में खेलने के अभ्यस्त नहीं होते हैं। यह बीसीसीआई और टीम प्रबंधन का एक सावधानी-भरा फैसला था क्योंकि हम अपनी सर्वश्रेष्ठ क्षमता के लिए तैयार रहना चाहते थे। इसलिए हम ऑस्ट्रेलिया जल्दी जाने का निर्णय लिया।

## शमी टीम को बुमराह की कमी खलने नहीं देने वाले :रोहित

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय टीम रविवार को मेलबर्न के मैदान में पाकिस्तान के खिलाफ हाई वोल्टेज मुकाबला खेलेगी। यह मुकाबला रोमांच के तीसरे डोज के समान हो सकता है। मैच से पहले रोहित के एक बयान ने विरोधी टीमों की चिंता को बढ़ा दिया है। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की गैरमौजूदगी भारत के लिए चिंता का विषय बना हुआ था। लेकिन मोहम्मद शमी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच में साबित कर चुके हैं, कि वह टीम में बुमराह की कमी खलने नहीं देने वाले हैं।

शमी को वर्ल्ड कप टीम में शामिल होने के लिए काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा है। वर्ल्ड कप से कुछ ही दिन पहले वह कोरोना की चपेट में आ गए। लेकिन टूनामेंट के महज एक दिन पहले शमी की रिपोर्ट निगेटिव आई और उन्हें बुमराह की जगह टीम के साथ जोड़ गया। उसके बाद शमी ने 17 अक्टूबर को एक ही ओवर में तीन विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया को दिन में तारे दिखा दिए। कप्तान रोहित ने पाकिस्तान के खिलाफ मैच से छह दिन पहले ही अपने 11 खिलाड़ियों को चुन लिया था। लेकिन तब तक कप्तान ने शमी को गेंदबाजी करते नहीं देखा था। वहीं, अब हिटमैन ने तेज गेंदबाज को लेकर बड़ा अपडेट दिया है। कप्तान ने कहा, मोहम्मद शमी वर्ल्ड कप में गेंदबाजी करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। कोरोना के बाद उन्होंने वापसी की है और अब वह पूरी तरह से फिट हैं। हम सभी को ऑस्ट्रेलिया के टाइम जोन और मौसम के साथ घुलने-मिलने का पर्याप्त समय मिला है। हमने 35 पिछले मैचों में काफी कोशिश की है, लेकिन अब हमारी टीम वर्ल्ड कप के लिए पूरी तरह से तैयार है। रोहित ने मेलबर्न के मौसम को लेकर कहा, ह्यवहां के मौसम पर कंट्रोल नहीं है, जैसी भी स्थिति होगी उसके लिए हम तैयार रहने वाले हैं।



इटली के तुरिन स्थित अलायंज स्टेडियम में जुवेंटस और इंपोली के बीच फुटबाल मुकाबला खेला गया. इस मुकाबले में जुवेंटस के मोइज कीन इंपोली के कोनी डी विन्टर के साथ गेंद छीनने के लिए संघर्ष करते हुए।

## मौसम मेहरबान, भारत बनाम पाकिस्तान मुकाबला देख पाएंगे क्रिकेट प्रशंसक

नई दिल्ली, एजेंसी। टी20 विश्व कप में भारत के चिर प्रतिद्वंदी पाकिस्तान के बीच मुकाबले को लेकर प्रशंसक हमेशा उत्साहित रहते है। सुपर 12 में भारत और पाकिस्तान का हाइवोल्टेज मुकाबला देखने को मिलेगा इसको लेकर फैंस में जिज्ञासा बरकरार है। पिछले कुछ दिनों से मेलबर्न में बारिश हो रही है, जहां दोनों टीमों को मौजूदा विश्व कप में अपना पहला मुकाबला रविवार (23 अक्टूबर) को खेलना है। क्रिकेट के चाहने वालों के लिए यह अच्छी खबर है कि शनिवार (22 अक्टूबर) को यहां सुबह से बारिश नहीं हुई है।



भारत और पाकिस्तान के बीच खेले जाने वाले मुकाबले से पहले मेलबर्न के मौसम में इस तरह का एकाएक परिवर्तन हैरान करने वाला है। मेलबर्न में मौजूद सूत्रों के मुताबिक शनिवार सुबह बारिश नहीं होने से और मौसम के बदलते मिजाज को देखकर फैंस में खुशी की लहर दौड़ गई है। ऑस्ट्रेलिया के मौसम विभाग के मुताबिक भारत और पाकिस्तान के बीच रविवार को खेले जाने वाले ब्लॉकबस्टर मुकाबले वाले दिन 60 प्रतिशत बारिश का अनुमान है।

भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले को लेकर अपनी प्लेइंग इलेवन का खुलासा नहीं किया है। रोहित ने मैच की पूर्व संध्या पर कहा, ह्य यहां का मौसम हर मिनट बदल रहा है। हम कल सुबह मौसम के हिसाब से अपनी प्लेइंग इलेवन के बारे में फैसला करेंगे। हमें आखिरी मिनट तक इंतजार करना होगा।ह्ल रोहित शर्मा की कप्तानी वाली भारतीय टीम ने पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले से तीन दिन पहले मेलबर्न पहुंच गई थी। टीम इंडिया विश्व कप में पाकिस्तान को हराकर धमाकेदार आगाज करना चाहती है। दोनों टीमें पिछली बार दुबई में टी20 विश्व कप में आमने सामने हुई थीं, जहां भारत को हार मिली थी। अब टीम इंडिया उस हार का हिसाब बराबर करने के इरादे से मेलबर्न में उतरेगी।

## 5 साल के अंदर सूर्या ने खुद को पूरी तरह से बदल लिया : देविशा सेट्टी

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव मौजूदा दौर में टीम की रीढ़ की हड्डी बने हुए हैं। उन्होंने 2022 में जैसा प्रदर्शन किया है, वह तारीफे कबिल है। स्काई ने अपनी 360 डिग्री बल्लेबाजी से विरोधी टीमों की चिंता को बढ़ा दिया है। लेकिन इस लेवल तक पहुंचने में आखिर इतनी देर कैसे हुई इससे काफी प्रशंसक अनजान हैं। सूर्या की पत्नी देविशा सेट्टी ने इसके बारे में खुलकर बताया कि पिछले 5 सालों में उनके जीवन में बदलाव कैसे आया।

सूर्यकुमार की शादी को लगभग 6 साल हो चुके हैं। देविशा बताती हैं कि उन्होंने 2018 में सूर्या को भारतीय क्रिकेट के उगते हुए सूरज के रूप में देखा जो अब दुनियाभर की टीमों के अंदर खौफ बना रहा है। देविशा ने बताया कि 2018 उनके लिए एक अच्छा साल था, जब स्काई ने हर चीज को गंभीरता से लेना शुरू कर दिया। उस समय वह मुंबई इंडियंस के लिए गए और अपनी आक्रामक बल्लेबाजी को सबके सामने पेश किया। बता दें, सूर्या को 4 साल पहले मुंबई की तरफ से प्रथम श्रेणी क्रिकेट से बाहर कर दिया गया था। लेकिन 2019 के बाद उन्होंने खुद पर मेहनत की और शानदार तरीके से वापस आए। देविशा ने कहा, आप 20 वर्ष तक अपने जीवन का आनंद लेते है। लेकिन फिर कुछ चीजे थोड़ी बदल गईं। उन्होंने हर चीज को गंभीरता से लेना शुरू कर दिया। बल्लेबाजी के लिए 2018 उनके लिए एक अच्छा साल रहा। तब वह सोचते थे, कि वे कितने और सालों तक क्रिकेट खेल सकते हैं। लेकिन मैंने उनसे हमेशा कहा एक व्यक्ति और क्रिकेटर के तौर पर आपने अभी तक जो हासिल किया है, उससे काफी ज्यादा आप सक्षम हैं, तब आप इस आगे क्यों नहीं बढ़ाते। उन्होंने कहा, लेकिन आप इंसान से सिर्फ कह सकते हैं कि उसे यह करना है। उन्होंने वहीं किया जो उन्हें करना था।

## मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने पढ़ ली मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड की पिच पूरी

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने टी20 वर्ल्ड कप के सुपर 12 में पाकिस्तान के खिलाफ बहुप्रतीक्षित मुकाबले से पहले मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड की पिच पूरी तरह से पढ़ ली है। पाकिस्तान के खिलाफ महामुकाबले से एक दिन पहले शनिवार सुबह जहां एक ओर टीम इंडिया नेट्स में पसीना बहा रही थी, तब दूसरी ओर द्रविड़ पिच की पहेली को समझने में लगे हुए थे। वह बेहद बारीकी से एमसीजी की पिच को देख रहे थे।

भारत और पाकिस्तान की टीमें रविवार को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर आमने सामने होंगी। दोनों टीमों का मौजूदा टी20 विश्व कप में यह पहला मुकाबला होगा। इसके बाद दोनों की कोशिश जीत के साथ आगे बढ़ने की होगी। द्रविड़ जब एमएसीजी के विकेट को देखने पहुंचे, तब वह कैमरे में कैद हो गए। उन्हें पिच को बार बार हाथ से थपथपाते हुए देखा गया। इस दौरान द्रविड़ पिच के मिजाज को समझ रहे थे। इसके बाद उन्होंने काफी समय तक पिच क्यूरेटर और ग्राउंड स्टाफ के साथ बात करते हुए भी देखा गया। विकेट पर हल्की घास है। इसके बाद यहां तेज गेंदबाजों को मदद मिल सकता है।

एमसीजी पर पिछले आंकड़ों को देखने पर 160 से 170 पार स्कोर रहा है। एमसीजी पर सबसे ज्यादा विकेट चटकाने के मामले में टॉप 5 में तेज गेंदबाज हैं। इससे साफ जाहिर होता है कि इस बार भी तेज गेंदबाजों का बोलबाला रहने वाला है। भारत और पाकिस्तान के पास इस समय काफी अच्छे तेज गेंदबाज हैं, जो अपनी गेंदबाजी से कहर बरपा सकते हैं। द्रविड़ ने विकेट पर लगभग आधे घंटे का समय बिताया। वह पूरी तरह से आश्वत होना चाहते थे कि विकेट का मिजाज कैसा है।

## भारत बनाम पाक मुकाबले से पहले नेट्स पर जमकर पसीना बहा रहे विराट कोहली



नई दिल्ली, एजेंसी। भारत टी20 विश्व कप में अपने पहले मुकाबले में पाकिस्तान से टकराने को बेताब है। करोड़ों प्रशंसक इस मुकाबले को देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे है। भारतीय फैंस के भरोसे पर खरा उतरने के लिए टीम इंडिया के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली मुकाबले से पहले नेट्स में अभ्यास कर पसीना बहा रहे हैं। इस बड़े टूनार्मेंट में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए विराट कोहली नेट्स में जमकर बल्लेबाजी करते हुए नजर आ रहे हैं। उन्होंने खुद अपने इंस्टाग्राम से इस वीडियो को शेयर किया है। वो पिछले कुछ मैचों से शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वॉर्मअप मैच में उन्होंने मात्र 19 रन बनाए थे। उस मुकाबले में भारत ने 6 रनों से जीत दर्ज की थी।

इसके अलावा, विराट कोहली ने मोहम्मद शमी के आखिरी ओवर में जबरदस्त कैच पकड़ा था, जिससे ऑस्ट्रेलिया मैच जीतने में नाकामयाब हुआ। विराट वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दोनों अभ्यास मैच में भी नहीं खेले थे। एशिया कप 2022 में विराट कोहली टूनार्मेंट में दूसरे सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज थे। उन्होंने अफगानिस्तान के खिलाफ शतक भी जड़ा था। उनका यह शतक साल 2019 के बाद आया था। विराट कोहली टीम इंडिया के महत्वपूर्ण खिलाड़ी हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की धरती पर 11 टी20 मुकाबले खेलें हैं और 64.42 की औसत से 451 रन बनाए हैं। विराट कोहली पाकिस्तान के खिलाफ भी अच्छी बल्लेबाजी करते हैं। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ 9 मैचों में 406 रन जड़े हैं। भारतीय टीम पिछले साल मिली 10 विकेट से हार का बदला इस साल जरूर लेना चाहेगी।

ये हो सकती है पाकिस्तान के खिलाफ भारत की संभावित प्लेइंग इलेवनः रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, दिनेश कार्तिक (विकेटकीपर), युजवेंद्र चहल, भुवनेश्वर कुमार, मोहम्मद शमी/ हर्षल पटेल, अर्शदीप सिंह।

## टी20 विश्वकप: रोहित-राहुल की जुगलबंदी पाकिस्तान की टीम पर पड़ेगी भारी?

नई दिल्ली, एजेंसी। टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा अभी लय में नहीं आए हैं और रविवार 23 अक्टूबरको टीम को पाकिस्तान के खिलाफ हाई वोल्टेज मुकाबला खेलना है। लेकिन यदि रोहित अपनी पुरानी लय में वापस आते हैं तो बाबर आजम एंड कंपनी को टीम इंडिया के खिलाफ जीत दर्ज करने के लिए संघर्ष करना पड़ सकता है। वहीं, सलामी बल्लेबाज केएल राहुल ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अभ्यास मैच में धुंआधार बल्लेबाजी की और साबित कर दिया कि वर्ल्ड कप के लिए उन्होंने अपना गियर बदल लिया है।

पाकिस्तान के खिलाफ देखना दिलचस्प होगा कि रोहित-राहुल की सलामी जोड़ी इस मुकाबले में कारगर साबित होती है या नहीं। रिकाड्र्स की माने तो पाकिस्तानी गेंदबाज भारतीय ओपनर्स के लिए अभी तक काल साबित हुए हैं। इन ओपनर्स में गौतम गंभीर, वीरेंन्द्र सहवाग और यूसुफ पठान जैसे दिग्गजों का नाम भी शामिल है।



पाकिस्तानी गेंदबाजों ने पूर्व दिग्गज गौतम गंभीर को 2007 और 2012 में शून्य पर चलता किया है। इन्हीं वर्षों में पूर्व सलामी बल्लेबाज सहवाग भी पाकिस्तान के सामने फ्लॉप दिखे। पिछले साल की बात करें तो कप्तान रोहित शर्मा और केएल राहुल पाकिस्तान के खिलाफ सस्ते में पवेलियन लौट गए थे। हिटमैन अभी तक पाकिस्तान के गेंदबाजों के सामने तीन बार फ्लॉप रह चुके हैं। उन्होंने 2014 में पाक के खिलाफ केवल 24 रन बनाए, उसके बाद 2016 में 10 रन बनाकर आउट हो गए और फिर 2021 में शाहीन अफरीदी ने हिटमैन को शून्य पर चलता किया। वहीं, 2021 में केएल राहुल भी पाकिस्तान के खिलाफ 3 रन बनाकर आउट हो गए थे। अब देखना दिलचस्प होगा की वर्ड कप जैसे प्रतिष्ठित टूनार्मेंट में रोहित शर्मा और केएल राहुल कैसा प्रदर्शन करते हैं।

भारत-पाक मैच से पहले कप्तान रोहित शर्मा ने अपने बयान में कहा, ह्यमेलबोर्न में मौसम नियंत्रण में नहीं है। जैसी भी स्थिति होगी हमारी टीम उसके लिए तैयार रहेगी। हमारी प्लेइंग इलेवन पूरी तरह तैयार है। प्लेइंग इलेवन को लेकर मेरा माइंड क्लियर है। कल क्या होगा वो भगवान के हाथों में है, पूरा मैच खेलने का मौका मिले तो अच्छा होगा। मैं वर्ल्ड कप में भारत की कप्तानी कर रहा हूं यह मेरे लिए बड़ी बात है। भारत के लिए हर मैच खेलना बड़ी बात होती है।ह्ल

## सुपर-12 में बड़ा उल्टफेर कर सकती हैं जिम्बाब्वे, टी20 वर्ल्ड कप में छुपा रुस्तम साबित होगी

नई दिल्ली, एजेंसी। जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम ने ऑस्ट्रेलिया में जारी टी20 वर्ल्ड कप के सुपर-12 में धमाकेदार अंदाज में प्रवेश किया है। क्रेग इर्विन की कप्तानी में जिम्बाब्वे ने राउंड वन के आखिरी मैच में स्कॉटलैंड को हराकर टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास में पहली बार सुपर 12 का टिकट कटाया। इस ऐतिहासिक जीत से खिलाड़ियों के साथ जिम्बाब्वे में जश्न का माहौल है। जिम्बाब्वे टीम के मौजूदा तकनीकी डायरेक्टर लालचंद राजपूत कहा कि यह जीत उनकी टीम के लिए टॉनिक का काम करेगी।

जिम्बाब्वे ने टी20 विश्व कप राउंड वन के पहले मुकाबले में आयरलैंड को 31 रन से हराया था। इसके बाद उसे वेस्टइंडीज ने 31 रन से हराया। लेकिन तीसरे और आखिरी मैच में जिम्बाब्वे ने स्कॉलैंड को 5 विकेट से हराकर टी20 विश्व कप के अगले दौर में जगह बनाई। जिम्बाब्वे के बेहतरीन प्रदर्शन से राजपूत गदगद हैं। उन्होंने कहा, इसके लिए हमारी तैयारी 3 साल पहले से शुरू हो चुकी थी। अब हमें मेहनत का फल मिल रहा है। सुपर-12 में पहुंचना हमारे लिए बड़ी बात है। इनदिनों जिम्बाब्वे में खुशी का माहौल है। हम सभी इस ऐतिहासिक जीत से बहुत खुश हैं।

जिम्बाब्वे की टीम सुपर-12 के ग्रुप बी में पहुंची है, जहां पहले से भारत, पाकिस्तान,दक्षिण अफ्रीका, बांग्लादेश और आयरलैंड की टीमें मौजूद हैं। बड़ी टीमों के खिलाफ मुकाबलों को लेकर भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कोच लालचंद राजपूत ने कहा, हमारे लिए अब हर मैच अहम होगा।



# जरूरत से ज्यादा ऑनलाइन शॉपिंग?

ढेरों वैरायटी और आकर्षक डिस्काउंट के कारण लोगों को ऑनलाइन शॉपिंग की लत-सी लग जाती है, जिसके कारण उनकी इनकम का ज़रूरत से ज़्यादा हिस्सा शॉपिंग में ख़र्च होने लगता है और उन्हें इसका एहसास भी नहीं होता। जब एहसास होता है, तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। आपके साथ ऐसा न हो, इसलिए हम बता रहे हैं कुछ संकेत, जिनसे आपको पता चल सके कि शॉपिंग हद से ज़्यादा हो रही है।

### जब लेना पड़े उधार

अपने ऑर्डर का पेमेंट करने के लिए जब आपको दोस्त या सहकर्मी से उधार लेने की ज़रूरत पड़ जाए, तो इसका सीधा अर्थ यही निकलता है कि आप अपनी हैसियत से ज़्यादा शॉपिंग करने लगी हैं। अगर आपने ऑनलाइन शॉपिंग बंद नहीं की, तो बहुत जल्द दूसरे कामों के लिए भी आपको उधार लेना पड़ सकता है।

### जब तोड़ना पड़ जाए पिगी बैंक

अपनी सहूलियत के हिसाब से आप पिगी बैंक में इसलिए पैसे जमा करती हैं ताकि बुरे वक्त में इसे तोड़कर आप अपनी सारी तो नहीं, मगर कुछ ज़रूरतें तो पूरी कर ही सकती हैं, लेकिन ज़रूरत की बजाय ऑनलाइन शॉपिंग का बिल भरने के लिए यदि आपको पिगी बैंक तोड़ना पड़े, तो ये ख़तरे की घंटी है। बेहतर होगा, अब अपनी शॉपिंग की लत पर लगाम लगाएं

### जब ट्राई करने के लिए करने लगें शॉपिंग

वन पीस ड्रेस में मैं कैसी लगूंगी? क्या हाई हील सैंडल मुझ पर जंचेगी? अगर आप भी ऐसे ही सवालों के जवाब ढूंढ़ने के लिए या चीज़ों को महज़ ट्राई करने के लिए ऑनलाइन शॉपिंग कर रही हैं, तो अपनी इस आदत को सुधारिए, वरना बहुत जल्द आप भी ओवर ऑनलाइन शॉपिंग करने वालों की लिस्ट में शामिल हो जाएंगी।

### जब सेविंग अकाउंट बन जाए एक्सपेंस अकाउंट

ऑनलाइन बैंकिंग सुविधा के कारण अब आप एक क्लिक पर कोई भी चीज़ आसानी से ख़रीद सकती हैं। यदि आप इस सुविधा का ज़रूरत से ज़्यादा उपयोग ऑनलाइन शॉपिंग के लिए कर रही हैं और इसके कारण आपका सेविंग अकाउंट एक्सपेंस अकाउंट में बदल चुका है, तो इसका मतलब यही है कि आप अनलिमिटेड शॉपिंग करने लगी हैं।



# साड़ी लुक को मॉडर्न बनाने के लिए ट्राई करें पेपलम ब्लाउज

साड़ी को मॉडर्न लुक देने के लिए आजकल पेपलम ब्लाउज काफी पसंद किया जा रहा है। इसमें कमर या उसके आस पास के हिस्से पर फ्रिल या झालर का प्रयोग किया जाता है। लंबाई में ये सामान्य ब्लाउज से थोड़े लंबे होते हैं।

पेपलम ब्लाउज को सिर्फ साड़ी ही नहीं बल्कि लहंगे के साथ भी पहना जा सकता है। ये देखने में काफी स्टाइलिश लगते हैं और आपको दूसरों से अलग लुक देते हैं।

नॉर्मल ब्लाउज की तरह आप पेपलम ब्लाउज के डिजायन में भी काफी एक्सपेरिमेंट कर सकती हैं। इसके गले और बाजुओं को पसंदीदा डिजायन में बनवा सकती हैं।

क्रॉस पैटर्न के साथ वी नेक के पेपलम ब्लाउज किसी भी लहंगे या साड़ी पर बहुत यूनिक लुक देते हैं। आप शॉर्ट नेक गले पर कारीगरी वाला ब्लाउज किसी सिंपल साड़ी या लहंगे पर भी पहन सकती हैं। ये भी अपने आप में बेहद खूबसूरत लुक देगा।

# लंबे-घने मज़बूत बालों के लिए हेल्दी रेसिपीज

**पालक सूप** : 2 गड्डी पालक को साफ़ करके काट लें। इसे पानी में उबालें और इसकी प्यूरी बना लें। अब कड़ाही में थोड़ा-सा तेल गरम करें। एक बारीक़ कटा प्याज़ डालकर सुनहरा भून लें। फिर इसमें 1 टीस्पून कटा लहसुन और 2 बारीक़ कटी हरी मिर्च डाल दें। अब पालक की प्यूरी डालकर तब तक पकाएं, जब तक कि पालक अच्छी तरह गल न जाए। गरम-गरम पालक सूप का मज़ा लें।

**शकरकंद की सब्ज़ी** : 250 ग्राम शकरकंद को उबलाकर चौकोर काट लें। कड़ाही में थोड़ा-सा तेल डालें। करीपत्ता का छौंका लगाएं। फिर 3-4 बारीक़ कटी हरी मिर्च डालें। अब इसमें चौकोर कटा शकरकंद डालें और चलाते हुई पकाएं। थोड़ी देर बाद इसमें एक मुट्ठी भुनी हुई मूंगफली और स्वादानुसार नमक डालकर मिलाएं। बारीक़ कटे हरे धनिया से सजाएं।

**ड्राई फ्रूट्स सलाद** : 2 कप बारीक़ कटे सीज़नल फ्रूट्स (सेब, केला, संतरा आदि) में 1 कप ड्राई फ्रूट्स (काजू, बादाम, अखरोट, किशमिश आदि) मिलाएं। इसमें 1 टेबलस्पून दूध की मलाई और आधा टीस्पून शहद डालकर ड्रेसिंग करें। तैयार ड्राई फ्रूट्स सलाद का मज़ा लें।
हेल्दी टिपः ड्राई फ्रूट्स खाने से बाल स्वस्थ और ख़ूबसूरत नज़र आते हैं।

**गाजर का जूस** : छोटे साइज़ के 5 गाजर छीलकर जूसर में डालें। तैयार जूस को छलनी से छान लें। ठंडा होने के लिए फ्रिज में रख दें।

**एप्पल-अखरोट का सलाद** :2 बड़े सेब को चौकोर काटकर एक बाउल में डाल दें। अब इसमें 2 टेबलस्पून अखरोट डालकर मिलाएं। 1 टेबलस्पून मिल्क क्रीम और शहद से सलाद की ड्रेसिंग करें। तैयार है एप्पल-अखरोट सलाद का सलाद।

**मशरूम सलाद** : 250 ग्राम मशरूम को उबालें। अब मशरूम को काटकर एक बाउल में डाल दें। फिर इसमें 1 टेबलस्पून बारीक़ काटकर सोआ डालें। स्वादानुसार कुटी हुई कालीमिर्च और नमक डालकर अच्छी तरह मिलाएं।

**टमाटर का सूप** : मीडियम साइज़ के छिले हुए 5 टमाटर को प्रेशर कुकर में उबाल लें। फिर मसलकर प्यूरी बना लें। अब एक कड़ाही में बटर गरम करें। करीपत्ते का छौंका लगाएं। 2 टीस्पून लहसुन डालकर भूनें। थोड़ा-सा लालमिर्च पाउडर और स्वादानुसार नमक डाल दें। अब टमाटर की प्यूरी डालकर मिलाएं।





# दुल्हन के लिए वेडिंग स्किन केयर टिप्स

**हर दुल्हन के लिए शादी का दिन ख़ास रहता है। इसलिए इस स्पेशल दिन पर ख़ूबसूरत दिखने के लिए उन्हें पहले से ही कई तैयारी करनी चाहिए। शादी पर सबसे बड़ी चिंता त्वचा को लेकर होती है। हर लड़की चाहती है कि वह अपने स्पेशल दिन ख़ूबसूरत और आकर्षक दिखे। यूं तो वेडिंग डे के लिए अच्छा मेकअप होता ही है, लेकिन अगर पहले से त्वचा की देखभाल नहीं की जाती है, तो यह उतना अधिक बेहतर नहीं हो पाता। इसलिए इन बातों को ध्यान में रखते हुए स्किन केयर रूटीन को नियमित रखना ज़रूरी है।**

हेल्दी स्किन के लिए पर्याप्त नींद और पानी पिएं। एंटीऑक्सिडेंट को आहार में शामिल करें। नियमित स्पा और न्यूट्रिशियस स्किन केयर प्रोडक्ट का इस्तेमाल करें। ध्यान रहे ये सब आपके रूटीन का हिस्सा हो। कभी-कभी स्किन केयर रूटीन को रोज़ाना फॉलो करना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में न्यूट्रास्यूटिकल्स की मदद से ख़ूबसूरत और लॉन्ग लास्टिंग हेल्दी त्वचा पा सकते हैं।

प्री-वेडिंग डाइट और फिटनेस प्लान की तरह ब्राइड्स प्री-वेडिंग स्किन केयर रूटीन अपनाए, तो स्वस्थ और ग्लोइंग त्वचा पा सकती हैं। यह सब रूटीन शादी के कुछ महीने पहले से शुरु कर देना चाहिए।

### स्किन ब्यूटी प्री-वेडिंग टिप्स

यूं देखा जाए, तो ब्राइडल केयर शादी के एक साल पहले से ही होती है यानी स्किन केयर रूटीन शुरू करने का सही समय शादी के सालभर पहले त्वचा की समस्याएं, जैसे- मुंहासे, फंगल रशेज, झुर्रियां, लाल होना, झुलसी हुई त्वचा आदि समस्या के लिए डॉक्टर से सलाह ले लेनी चाहिए। क्योंकि कुछ त्वचा से संबंधित प्रॉब्लम को पूरी तरह से ठीक होने में लंबा समय लगता है। यह वह समय है, जब स्किन केयर शेड्यूल की शुरुआत करनी चाहिए। सनस्क्रीन, आई क्रीम इस्तेमाल करें। इसके अलावा नियमित रूप से शरीर की मालिश भी त्वचा के हेल्दी और ग्लो करने में मदद करती है।

शादी के नौ महीने पहले ही स्वस्थ आदतों और जीवनशैली के लिए समय निकालें, क्योंकि खाने की आदतों का असर त्वचा पर होता है। सही आहार लें। उचित डायट चार्ट का पालन करने के लिए डायटीशियन से सलाह ले सकते हैं। डायट में एंटीऑक्सीडेंट और विटामिन शामिल करें। ग्लूटाथियोन, सेरामाइड्स और विटामिन सी युक्त न्यूट्रास्यूटिकल्स ग्लोइंग स्किन के लिए ज़रूरी है। ग्लूटाथियोन, जिसे ब्राइडल पिल के रूप में जाना जाता है, यह त्वचा को फिर से जीवंत करने में मदद करता है और इसे युवा और हेल्दी बनाती है।

शादी से छह महीने पहले त्वचा को तनावमुक्त करने पर ध्यान देना शुरू करें। डी-स्ट्रेसिंग से ब्रेक-आउट को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। तनाव से मुंहासे, त्वचा और बालों की समस्याएं होती हैं। इसके लिए नियमित स्पा के साथ-साथ मसाज बेहतरीन उपाय है।

शादी से तीन महीने पहले फेशियल करवाएं, जो शादी के दिन दुल्हन को और भी ख़ूबसूरत बनाएगा। स्किन एक्सपर्ट्स के अनुसार लेज़र हेयर रिमूवल, डर्मा रोलिंग, पील, मास्क और एक्सफोलिएशन किए जाने चाहिए। ग्लूटाथियोन त्वचा के साथ-साथ पूरे शरीर के रंग को हल्का करने में मदद करता है।

# लीवर की समस्या वाले मरीज को जरूर करना चाहिए किशमिश का सेवन

ड्राई फ्रूट्स का सेवन सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है। किशमिश खाने के भी कई फायदे होते हैं जो आज हम आपको बताने जा रहे हैं। लीवर हमारे शरीर के सबसे महत्वपूर्ण अंगो में माना जाता है और यह हमारे शरीर के खराब पदार्थ को पूर्णतः बाहर निकाल देता है और हमारे पाचन शक्ति को बढाता है।

### किशमिश के सेवन के फायदे:

लीवर के खराब होने के लक्षण बहुत जल्दी लोगों के नजर में नहीं आते लेकिन अगर हर दिन किशमिश का सेवन किया जाए तो लीवर अच्छा रहता है और उसे कभी कोई नुकसान नहीं होता है।
आंखों के नीचे काले घेरे बन गए हैं, पेट में सूजन, शरीर पर सफेद धब्बे, आंखों का पीला पड़ना, मुंह से बदबू आना ये लक्षण लीवर खराब होने के मुख्य लक्षण होते है। लीवर के लिए किशमिश बहुत फायदेमंद माना जाता है।
इसके पानी का प्रतिदिन सेवन करने से लीवर और पेट से जुडी गंभीर समस्या खत्म किया जा सकता है।
लेकिन एक बर्तन में पानी में किशमिश को डाल कर उबाल ले और रात भर इसे ढंक कर छोड दे।



# इन 5 आदतों से बढ़ता है सेकंड हार्ट अटैक का खतरा



**एक बार हृदयाघात होने पर मरीज को अधिक संभलकर रहने की जरूरत होती है। अपनी लाइफस्टाइल में पूरी तरह से बदलाव करना पड़ता है। क्योंकि आपका दिल पहले के मुकाबले कमजोर हो जाता है। खानपान का विशेष ध्यान रखना होता है। बहुत अधिक तेल, जंक फूड खाने के लिए मना किया जाता है। साथ ही अधिक से अधिक योग, व्यायाम, मॉर्निंग वॉक करने की सलाह दी जाती है। हालांकि कई बार कुछ लापरवाही से भी सेकेंड हार्ट अटैक का खतरा बढ़ जाता है। सेकंड हार्ट अटैक नहीं आए और स्वस्थ रहे इसके लिए इन 5 आदतों से आपको खुद को बचकर रहना जरूरी है आइए जानते हैं...**

- हार्ट अटैक का कारण ही स्ट्रेस होता है। अगर आपको पहली बार हार्ट अटैक आ गया है तो दूसरी बार संभलकर रहे। अपने आप को तनाव मुक्त रखें। डॉक्टर के संपर्क में रहे। परेशानी होने पर डॉक्टर से चर्चा करें। जितना अधिक तनाव से गिरे रहेंगे हार्ट अटैक का खतरा बढ़ेगा और दवा का असर कम होगा।
- डायबिटीज के मरीज है तो और अधिक संभल कर रहने की जरूरत है। इसके लिए सबसे अधिक लाइफस्टाइल में बदलाव करना जरूरी होता है। डाइट, फिजिकल एक्टिविटी पर ध्यान दें। अगर आपका ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल में रहता है तो आपका दिल भी स्वस्थ्य रहेगा और हार्ट अटैक का रिस्क भी कम हो जाएगा।
- अगर आपका वजन अधिक है और हार्ट की बीमारी से ग्रसित है तो आपको सबसे पहले अपना वजन कम करने की जरूरत है। जी हां, जो लोग मोटे होते हैं, उनके लिए दिल का खतरा अधिक बढ़ जाता है। हार्ट अटैक से बचाव के लिए वजन कम करना बहुत अधिक जरूरी है।
- हार्ट अटैक के बाद डॉक्टर द्वारा दी गईं दवाइयों का सेवन नियमित अनुसार करें। दवा में लापरवाही करने से हृदयाघात का रिस्क अधिक बढ़ जाता है। इसलिए नियमित दवाओं का सेवन करें। और डॉक्टर के संपर्क में बने रहें।
- अगर आपको हाई ब्लड प्रेशर है तो हार्ट अटैक का रिस्क अधिक बढ़ जाता है। हार्ट के मरीजों को बीपी कंट्रोल में रखना जरूरी होता है। इसके लिए कम से कम नमक और कैफीन का सेवन करें। और समय - समय पर ब्लड प्रेशर चेक करते रहे। कई बार बीपी भी बढ़ जाता है लेकिन पता नहीं चलता है। इसलिए नियमित रूप से बीपी की दवा लें वहीं अनियमितता से खतरा अधिक बढ़ जाता है।

# आँखों की बीमारी के लिए ये बेहद जरूरी



एक निश्चित मात्रा में आँसू बनना आँखों के लिए बेहद जरूरी है, क्योंकि इससे आँखों में नमी के स्तर को बरकरार रखने के साथ-साथ आँखों में जाने वाली किसी बाहरी चीज एवं धूल-कणों को हटाने में मदद मिलती है। डॉ. निता शाह, हेड – क्लिनिकल सर्व्हिसेस, डॉ. अगरवाल आय हॉस्पिटल मुंबई, हमें आँखों में पानी आने के पीछे के विज्ञन के बारे में विस्तार से बताते हैं। चिकित्सा जगत में, सामान्य तौर पर रोने के अलावा आँखों से ज्यादा आँसू आने को एपिफोरा कहा जाता है। यह रोग से संबंधित संकेत या स्थिति है, जिसमें आँखों से कम मात्रा में टियर फिल्म का निकलना शामिल है, और इस परिस्थिति में जिसमें आँसू का बहाव नासुर की नली/ आँसुनलिकाओं के बजाय चेहरे पर होने लगता है।

जरूरत से ज्यादा आँसू बनने और नलिकाओं में रुकावट ही आँखों से पानी आने की सबसे बड़ी वजह है। छोटे बच्चों में, आँखों की नलिकाओं में रुकावट इसका सबसे सामान्य कारण है। कुछ बच्चे अविकसित नलिकाओं के साथ पैदा होते हैं, और कुछ हफ्तों में नलिकाओं के पूरी तरह विकसित होने के बाद यह रुकावट दूर हो सकती है। अगर टियर डक्ट (आँसू नलिकाएं) सिकुड़ी हुई हो या उसमें रुकावट हो, तो आँसू की थैली में आँसू जमा हो जाते हैं और इसकी वजह से संक्रमण फैलने का भी खतरा होता है। वयस्कों और बड़े बच्चों की बात की जाए, तो उनमें आँसू का अधिक उत्पादन ही इस समस्या का सबसे सामान्य कारण है।"आँखों में किसी बाहरी चीज से प्रवेश करने पर, सबसे पहले आँखों को कमरे के तापमान पर साफ पानी से अच्छी तरह धोना चाहिए, और व्यक्ति को अपनी आँखों को रगड़ना नहीं चाहिए। अगर ऐसा महसूस हो कि बाहरी चीज अभी भी आँखों में मौजूद है, तो व्यक्ति को नेत्र-रोग विशेषज्ञ से सलाह लेनी चाहिए। उसे बाहर निकालने के लिए, लुब्रिकेशन हेतु कृत्रिम आँसू, तथा विशेष परिस्थितियों में एंटीबायोटिक ड्रॉप का उपयोग किया जाता है। आँखों में किसी तरह का केमिकल चले जाने पर, सबसे पहले आँखों को साफ पानी से अच्छी तरह धोना चाहिए, और रोगी को तुरंत नेत्र-रोग विशेषज्ञ से सलाह लेनी चाहिए। डॉ. निता शाह, ने बताया कि आँखों से पानी आने से जुड़ी कुछ सामान्य समस्याएं इस प्रकार हैंः एलर्जी पैदा करने वाले तत्वों के कारण एलर्जिक कंजक्टिविटिस होता है, जो शरीर की रोग प्रतिरोधक प्रणाली द्वारा अति-प्रतिक्रिया का कारण बनता है।

## नमन मंच



### भारत के दो महापुरूष

भारत माता के दो लाल,
गांधी-शास्त्री इनके नाम,
दो अक्टूबर को जन्म लिये,
देश के लिए अनेक काम किये।

देश में घूम-घूम गांधी जी ने,
आजादी का अलख जगाया,
अहिंसा के अस्त्र चलाकर,
अंग्रेजों को देश से भगया।

प्रधानमंत्री बनकर शास्त्री जी ने,
जय जवान, जय किसान का नारा देकर,
देश भर में विकास की ज्योति जगाई,
कृषि में हम सबको आत्मनिर्भर बनाया।

दोनों ने स्वाधीनता की,
मिलकर लड़ी लड़ाई,
एक ने छुआछूत भगाई तो,
एक ने अन्न का भंडार बढ़ाया।

गांधी जी ने अंग्रेजों को,
अहिंसा के बल पर धूल चटाई,
शास्त्री जी ने पाक हमलावरों के
घर में घुसकर जमकर मात दी।
एक कहते थे 'वैष्णव जन तो तेने कहिए जे पीर पराई' जाणे

दूसरे ने भी जनता की पीड़ा को पहचाना,
सच्चाई से राजधर्म को निभाया।
दोनों है देश के रखवाले,
दोनों है भारत के अमर लाल,
दो अक्टूबर को जन्मदिवस पर,
हम इनको हृदय से करते हैं नमन ।

– मंजू लोढ़ा, स्वरचित

# सोने से पहले मेकअप हटाना है बहुत जरूरी

**वरना चेहरे पर आ सकता है जल्दी बुढ़ापा**

कई बार हम दिनभर की थकान के बाद जब घर आते हैं तो नाइट स्किन केयर (Skin Care) रुटीन को फॉलो करने का मन नही करता और मेकअप बिना हटाए ही हम बिस्तर में घुस जाते हैं. इसकी वजह से हमारी स्किन तो खराब हो ही सकती है, पलकों आदि में इनफेक्शन की संभावना भी हो सकता है. विशेषज्ञों की मानें तो ऐसा करने से आपकी स्किन को बहुत अधिक नुकसान हो सकता है. ये ना केवल त्वचा के एजिंग प्रोसेज को बढा देता है साथ ही पिंपल्स आदि होने की संभावना कई गुना बढ़ सकती है. अगर आप भी रात को बिना मेकअप उतारे सोने जाती हैं तो यहां आपको बताते हैं कि इसका क्या क्या नुकसान हो सकता है.

### फाइन लाइन्स

अगर त्वचा पर अधिक देर तक मेकअप रह जाएं तो ये त्वचा की नमी को सोख लेते हैं और स्किन ड्राई होने लगती है. इस वजह से स्किन का लचीलापन घटने लगता है और कुछ ही दिनों में चेहरे पर फाइल लाइन्स नजर आने लगते हैं. इन मेकअप प्रोडक्ट की वजह से कोलेजन प्रोडक्शन भी कम होने लगता है और स्किन सेल्स डैमेज होने लगते हैं.

### एक्ने ब्रेकडाउन

दरअसल जब आप मेकअप लगाकर सोते हैं तो आपके स्किन पोर्स बंद हो जाते हैं. यह मेकअप प्रोडक्ट्स में मौजूद सिलिकॉन और अन्य केमिकल की वजह से होता है. कुछ प्रोडक्ट्स में डाई और सेंटेड परफ्यूम भी होते हैं जो स्किन के लिए हानिकारक हैं. इनसे स्किन पर एक्सेस ऑयल और गंदगी जमा हो जाती है और पोर्स बंद हो जाते हैं. और यही से बैक्टीरियल इंफेक्शन और एक्ने-ब्रेकआउट शुरू होता है.

### अनइवेन स्किन की समस्या

मेकअप की एक लेयर भी अगर चेहरे पर लगी रह जाए तो आपकी त्वचा सांस नहीं ले पाती और पोर्स बंद हो जाते हैं. ऐसा होने से आपकी त्वचा के नेचुरल ऑयल्स दूषित हो जाते हैं और त्वचा में मॉइश्चर की कमी होने लगती है. इस वजह से स्किन अनइवेन और बेजान लगने लगती है.

### झड़ने लगती हैं पलके

अगर आप आईलाइनर, आईशैडो, मस्कारा आदि लगाकर सो जाएं तो यह आपकी पलकों को काफी नुकसान कर सकती हैं. इन प्रोडक्ट में कैमिकल होते हैं जो पलकों के छोटे रोम छिद्रों को ब्लैक कर देते हैं. जिससे यहां इंफ्लामेशन की शिकायत होती है और पलके भी झड़ने लगती हैं. इससे आपको इंफेक्शन हो सकता है. ऐसे में सोने से पहले मेकअप को उतारना बहुत ही जरूरी है.

